ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



भारत-तंजानिया के बीच रक्षा क्षेत्र में पांच साल... पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आश्विन कृष्ण पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 10 अक्टूबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 247 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

न्यूजीलैंड - 322/7 (50 ओवर)

नीदरलैंड्स - 223/10 (46.3 ओवर)

**आज का मैच**

इंग्लैण्ड बनाम बांग्लादेश धर्मशाला (10.30 बजे से)

पाकिस्तान बनाम श्रीलंका हैदराबाद (2 बजे से)

# मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम में विस चुनावों की घोषणा

## 7 नवंबर से मतदान, 3 दिसंबर को परिणाम

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने सोमवार को पांच राज्यों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना विधानसभा चुनावों के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में और बाकी चार राज्यों में एक चरण में मतदान होगा। सभी के नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल ने आज आकाशवाणी के रंग भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान चुनाव कार्यक्रम का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि 2024 में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले यह अंतिम विधानसभा चुनाव हैं। चुनाव आयोग इन राज्यों में स्वतंत्र,



निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करेगा।

मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों और छत्तीसगढ़ की 20 विधानसभा सीटों पर 7 नवंबर को मतदान होगा। मध्य प्रदेश की 230 और छत्तीसगढ़ की 70 विधानसभा सीटों पर 17 नवंबर को मतदान होगा। राजस्थान की सभी 200 और तेलंगाना की सभी 119 विधानसभा सीटों पर क्रमशः 23 नवंबर और 30 नवंबर को मतदान होगा।

मिजोरम की सभी सीटों और छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी। 20 अक्टूबर तक नामांकन किए जा सकते हैं। इनकी जांच 21 अक्टूबर को होगी। 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर, नामांकन की जांच 31 अक्टूबर और नाम वापसी की अंतिम तारीख 2 नवंबर है। राजस्थान में 30 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी जबकि 6 नवंबर तक नामांकन, 7 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच और 9 नवंबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। तेलंगाना के लिए अधिसूचना 3 नवंबर को जारी की जाएगी और नामांकन 10 नवंबर तक, जांच 13 नवंबर और नाम वापसी 15 नवंबर तक की जा सकती है।

इन पांच राज्यों में 679 विधानसभा सीटें हैं। जो देश की कुल विधानसभा सीटों का 1/6वां हिस्सा है। 16 करोड़ मतदाता हैं। 8.24 करोड़ पुरुष और 7.88 करोड़ महिला मतदाता है। 32 हजार मतदाताओं ने 100 वर्ष की आयु पार कर ली है। 17.35 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। मिजोरम और छत्तीसगढ़ में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है और तेलंगाना में लगभग बराबर है। इस बार 60 लाख पहली बार मतदान करने वाले मतदाता हैं। युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए 200 मतदान केंद्रों को पूरी तरह से युवा अधिकारी संभालेंगे।

**राज्यों के आंकड़े :** मिजोरम में 17 दिसंबर को विधानसभा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। यहां की एक सीट सामान्य और 39 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुल मतदाता 8.52 लाख हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का कार्यकाल 3 जनवरी को पूरा हो रहा है। छत्तीसगढ़ में 90 सीटों में से 10 अनुसूचित जाति और 29 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां 2.03 करोड़ मतदाता है।

मध्य प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल 6 जनवरी को पूरा हो रहा है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 35 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### चुनाव आयोग की तैयारी

**पांच** राज्यों के 679 विधानसभा क्षेत्रों में 1.77 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। 1 लाख से अधिक मतदान केन्द्र के पास वेबकास्टिंग सुविधा होगी। सभी पांच राज्यों में प्रति मतदान केंद्र पर औसत मतदाताओं की संख्या 1500 से कम है। मतदाता अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए 17,734 मॉडल मतदान केंद्र होंगे। 621 मतदान केंद्रों का प्रबंधन पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा और 8,192 पीएस पर महिलाएं कमान संभालेंगी। 'हर मतदाता जरूरी' के आदर्श वाक्य के साथ चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में नए बूथ स्थापित किए जा रहे हैं। राजस्थान के बाड़मेर के रेगिस्तानी इलाकों और छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर तुलसी डोंगरी पहाड़ी पर नया मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा। मध्य प्रदेश में आदिवासियों के लिए आरक्षित वन क्षेत्रों व अभयारण्यों में मतदान केंद्र स्थापित किये जायेंगे। मिजोरम में मतदान दल 22 मतदान केन्द्रों पर पैदल चलकर और 19 मतदान केंद्रों में नाव और बाद में पैदल यात्रा कर पहुंचेंगे।

## गागर में सागर

### टेरर फंडिंग मामले में महेश-अमित अग्रवाल की ओर से बहस पूरी




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपित आधुनिक पावर कंपनी की तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की चार्जफ्रेम एवं डिस्चार्ज पिटीशन पर सोमवार को सुनवाई को हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बहस पूरी हो गई। अब 31 अक्टूबर को एनआईए अपना पक्ष रखेगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विकास पहवा, हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने पैरवी की। रांची की एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल, अजय कुमार सिंह, अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने उन पर चार्जफ्रेम कर दिया है, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। एनआईए ने टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में 17 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

### दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ 29 नवंबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक को 29 नवंबर तक बरकरार रखा है। न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सोमवार को विधायक दीपिका पांडे द्वारा दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। दीपिका पांडे ने वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने एवं जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने के मामले में की गई प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर याचिका दायर की है। आरोप है कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता प्रबोध सोरेन के साथ दीपिका पांडे व अन्य कार्यकर्ता ने मारपीट की और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए उसके साथ गाली गलौज की। मामले को लेकर गोड्डा जिला के ठाकुरगंगटी थाने में दीपिका पांडे सिंह सहित नौ लोगों के खिलाफ कांड संख्या 18/2020 दर्ज कराई गई थी। इसी एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दीपिका पांडे की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

### ईडी कोर्ट ने की भगवान भगत की जमानत याचिका खारिज




**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने सोमवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी भगवान भगत की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व सात अक्टूबर को कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रखा था। साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से भगवान भगत का मामला जुड़ा है। ईडी मामले में भगवान के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। भगवान भगत को ईडी ने सात जुलाई को गिरफ्तार किया था। वह मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी बताया जाता है।

### सीएम ने सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का किया शिलान्यास, बोले

# किसानों की आय बढ़ाना सरकार का मुख्य लक्ष्य

**गंगा का पानी भी पाइपलाइन से खेतों में पहुंचाएंगे**

**पानी का समुचित इस्तेमाल हो सकेगा**

**पहले योजनाएं बनती थी, लेकिन पूरा होने में कई वर्ष लग जाते थे**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/ देवघर।** हर खेत को मिले पानी। इसी प्रतिबद्धता के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी का एक हिस्सा बनने जा रहा है- सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना। इस सिंचाई योजना में भूमिगत पाइपलाइन के जरिए खेतों में पटवन का पानी पहुंचेगा और फसलें लहलहाएगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को देवघर जिले के सारठ प्रखंड में सिकटिया मेगालिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में किसान टांड़ में भी सालों भर खेती कर सकेंगे, क्योंकि सरकार यहां भी सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### जमीन घोटाला मामला

## विष्णु अग्रवाल से रिम्स और भानु से जेल में हुई पूछताछ




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीन घोटाला मामले में रांची पुलिस ने भी अपनी जांच तेज कर दी है। सदर थाने में दर्ज मामले को लेकर पुलिस के द्वारा झारखंड के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल और बड़गाईं अंचल के सीआई भानु से पूछताछ की गई है। विष्णु अग्रवाल से रिम्स में जबकि भानु से जेल में पूछताछ हुई है।

**न्यायिक हिरासत में हैं विष्णु अग्रवाल**

जमीन घोटाला मामले में ईडी ने विष्णु अग्रवाल और भानु दोनो को ही गिरफ्तार किया है। विष्णु अग्रवाल जेल में बीमार होने के बाद वर्तमान में न्यायिक हिरासत में रिम्स में भर्ती हैं। जबकि भानु जेल में हैं। रांची पुलिस से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची के सदर थाने की पुलिस ने रिम्स में भर्ती कारोबारी विष्णु अग्रवाल और जेल में बंद बड़गाईं अंचल के सीआई भानु प्रताप से पूछताछ की, मामले के अनुसंधानक ने दोनों से सेना की जमीन घोटाले को लेकर जरूरी पूछताछ की है।

इस क्रम में सीआई भानु से उस भूखंड का म्युटेशन किए जाने के आधार को लेकर काफी देर तक गहरायी से पूछताछ की गई। साथ ही भानु के आवास से जब्त किए जमीन के कागजातों के बारे में भी पूछताछ की गई। वहीं आईओ ने रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कारोबारी विष्णु अग्रवाल से भी सेना की जमीन की खरीदारी किए जाने के संबंध में भी जानकारी ली। पूछताछ के दौरान कारोबारी और सीआई से जमीन घोटाला के संबंध में कई अहम जानकारी मिली है। इस आधार पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कोडरमा : साइबर क्राइम गिरोह का भंडाफोड़, 9 अपराधी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। लोगों को लोन दिलाने और प्रोसेसिंग के नाम पर झांसे में लेकर ठगी करने के मामले में तिलैया पुलिस ने नौ युवकों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग बजाज फिनसर्व एवं धनी फाइनेंस का फर्जी कर्मचारी और पदाधिकारी बनकर आपराधिक षड्यंत्र के तहत जाली कागजात तैयार कर लोन स्वीकृत कराने का झांसा देकर प्रोसेसिंग फीस लेकर रुपए की ठगी कर रहे हैं एवं ठगी की राशि निकासी के लिए तिलैया आने वाले हैं।

सूचना के बाद एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। रविवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तिलैया के एटीएम में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों से पूछताछ एवं उनके निशानदेही पर तिलैया थाना क्षेत्र के गांधी स्कूल रोड से गिरोह के छह अन्य युवकों को भी गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान बिहार के सिवान जिला निवासी रामबाबू यादव (19), बिहार के नालंदा जिला निवासी मंजीत कुमार शर्मा (30), बिहार के गया जिला ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई 17 को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से दायर क्रिमिनल रिट पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा को याचिका की त्रुटि दूर करने के लिए समय दिया। याचिकाकर्ता ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। मामले में अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। मुख्यमंत्री की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था। उस दौरान उन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले की सुनवाई पश्चिम सिंहभूम की निचली अदालत में चल रही है।

## एसआरई फंड को लेकर झारखंड समेत पांच राज्यों के गृह सचिवों की बैठक कल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसआरई फंड को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय झारखंड समेत पांच राज्यों के गृह सचिव के साथ 11 अक्टूबर को बैठक करेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा एसआरई फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 को लेकर वर्क प्लान और खर्च को लेकर झारखंड, आंध्र प्रदेश, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल के गृह सचिव के साथ बैठक की जाएगी। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी।

**झारखंड के नक्सल प्रभावित वाले जिले :** राज्य के 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल है।

### सुप्रीम कोर्ट में हाजिर हुए मुख्य सचिव

## 'कमिटी गठित कर निकालें हल'

**एजेंसी। नई दिल्ली/रांची**

झारखंड के मुख्य सचिव सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें पिछले 20 वर्षों से कर्मचारियों के बकाये वेतन देने से संबंधित मामले में तलब किया था। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने मुख्य सचिव को यह निर्देश दिया है कि मामले का समाधान खोजने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की जाए। इस तीन सदस्यीय कमेटी में झारखंड, बिहार और केंद्र सरकार के अवर सचिव रैंक के अधिकारी होंगे। कमेटी सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट देगी। इस मामले की अगली सुनवाई 7 नवंबर को होगी। सुनवाई के दौरान उपस्थित महाधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि मुख्य सचिव को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### दहेज हत्या मामले में पति सास व एक अन्य को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**पलामू।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला और सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में पति उपेंद्र महतो, सास उर्मिला देवी और अरविंद महतो को 10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस संबंध में पंडवा थाना के सरैया निवासी शिव शंकर महतो ने चार लोगों के विरुद्ध सदर सतबरवा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### भाजपा के लिए एमपी में सत्ता बचाना, छग-राजस्थान में वापसी आसान नहीं

# सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने पर जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देश के पांच राज्यों-मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम - में विधान सभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव की तारीखों की घोषणा के तुरंत बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सभी राज्यों में सरकार बनाएगी।

दरअसल, कैडर और विचारधारा आधारित पार्टी होने के बावजूद भाजपा के पास तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में क्रमशः शिवराज सिंह चौहान (वर्तमान सीएम), वसुंधरा राजे सिंधिया (पूर्व सीएम) और रमन सिंह (पूर्व सीएम) के रूप में तीन बड़े चेहरे हैं। लेकिन, पार्टी इस बार तीनों राज्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। यहां तक कि दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में सरकार बनाने का दावा करने वाली भाजपा ने जी. किशन रेड्डी और बी. संजय कुमार जैसे बड़े नेता होने के बावजूद राज्य में प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ने का फैसला किया है।




दरअसल, पांच राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनाव भाजपा के लिए काफी अहम माने जा रहे हैं क्योंकि 3 दिसंबर को आने वाले चुनावी नतीजों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## लातेहार: लुटेरा गिरोह के 7 अपराधी हथियार के साथ हुए गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार पुलिस ने सड़क लुटेरा गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह में शामिल सभी सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्तौल, तीन जिंदा गोली समेत अन्य सामान भी बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में विवेक गोसाई, संजय लोहार, सुमित वर्मा, अतुल कुमार, जोहन सिंह, राजू रंजन उरांव तथा नंदन भुइयां शामिल है। सभी लातेहार के रहने वाले हैं। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि उक्त लुटेरों ने दो अक्टूबर को लातेहार-डीही मार्ग पर मोटरसाइकिल से जा रहे एक दंपति के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान लुटेरों ने दंपति से नगद और जेवरात के साथ-साथ फोन पे के माध्यम से भी पैसे लूट लिए थे। घटना के बाद दंपति के द्वारा इस संबंध में एक मामला सदर थाना में दर्ज कराया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर पुलिस की एक टीम बनाई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### स्थानीय विधायक श्राद्धकर्म में हुए शामिल



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन छोटा मुरी बाजार के समीप , स्वर्गीय दिलीप प्रसाद के श्राद्धकर्म में स्थानीय विधायक श्री सुदेश कुमार महतो शामिल हुए एवं उसकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन अर्पित किया एवं परिवार वालों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सुशील कुमार महतो, बृजेश प्रसाद समेत गणमान्य लोग मौजूद थे।

### रातू काठीटांड में पुलिस का छापा,मटका खेलते तीन लोग गिरफतार, कई फरार

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड अखरा स्थित एक घर मे छापेमारी कर तीन लोगों को मटका खेलते गिरफतार कर लिया। वही छापेमारी होते देख मटका संचालक के अलावा दर्जन भर से अधिक लोग पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे । पकड़े गये तीन लोगों को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। पुलिस ने वहाँ से मटका खेलने में प्रयुक्त 4 रजिस्टर, कई मटका चार्ट व 9 बाईक को जब्त कर थाना ले आयी है। मामले को लेकर पुलिस ने पांच व्यक्ति को आरोपी बनाते हुये प्राथमिक की दर्ज कराई है। आरोपियों में काठीटांड निवासी नरेश गोप के पुत्र राजेश कुमार गोप,बालेश्वर साहू के पुत्र राजू साहू,फुटकलटोली निवासी जेयाउल के पुत्र इरशाद अंसारी, काठीटांड निवासी किसुन साहू के पुत्र महेश गोप व पप्पू साहू शामिल है। आरोपियों में तीन लोग राजेश कुमार,राजू साहू व इरशाद अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक काठीटांड निवासी महेश गोप मटका खेलाने का मुख्य सरगना है। पुलिस के पहुंचते ही वह फरार हो गया था। वह बीते कई सालों से काठीटांड के विभिन्न जगहों में स्थान बदल बदल कर जुए का धंधा चलाता था। पुलिस की इस कार्रवाई से जुआरियों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा कि पुलिस को काफी समय से यहां पर जुआ खिलाने की जानकारी मिल रही थी, इसी मौके की पुलिस को तलाश थी, बहरहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। छापेमारी में थानेदार सपन कुमार महथा के अलावा उज्ज्वल कुमार सिंह, शशिकांत राय,शशिकांत दुबे,अमरनाथ सोनी व पुलिस के जवान शामिल थे। जब्त बाइक : जेएच01एएस-4493,जेएच01सीएफ-3353,बीआर14एफ-8700,जेएच01एपी-1668,जेएच01ईएस-8641,जेएच01सीएफ-5107,जेएच01एएस-0789, जेएच01एएक्स-9890

### कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो को आज ले जाया जाएगा बड़ा गिरजाघर, कल होगा अंतिम संस्कार



**मांडर।** मंगलवार को दिन के साढ़े दस बजे कार्डिनल स्व. तेलेस्फोर पी. टोप्पो के शव को अंतिम संस्कार के लिए पुरुलिया रोड स्थित बड़ा गिरजाघर संत मेरी गिरजाघर के लिए भावभीनी विदाई दी जाएगी। मांडर की जनता राँची मांडर मुख्य पथ पर मानव श्रृंखला बनाकर अंतिम दर्शन करते हुए पुष्प वर्षा करने की तैयारी कर चुकी है। पूरे खीस्तीय विधि विधान से इस महान जन नायक धर्म अगुवा की अश्रुपूर्ण विदाई करना मांडर की जनता के लिए ऐतिहासिक पल बनने जा रहा है।कॉन्स्टेंट लिवेन्स अस्पताल तथा संत अलोइस गिरजाघर के सभी धर्माधिकारियों ने इनकी शोभा यात्रा की ससमय विधि पूर्वक तैयारी पूर्ण कर लिया है।मांडर से कन्दरी मोड़ तक चान्हो मांडर पल्ली के लोगों की मानव श्रृंखला पुष्प वर्षा कर उन्हें श्रद्धांजलि देने को मौजूद रहेगी, कन्दरी मोड़ से ब्राम्बे चौक तक सिद्रोलऔर नवाटांड़ पल्ली के, ब्राम्बे चौक से मखमन्द्रों चौक तक ब्राम्बे और मखमन्द्रों पल्ली के, मखमन्द्रों चौक से रिंगरोड तक कुडू और लोहरदगा पल्ली के, रिंगरोड से दलादिली चौक तक बनहोरा और दिघिया पल्ली के, दलादिली चौक से कटहल मोड़ तक सपारोमऔर पतराचौली पल्ली के, कटहल मोड़ से अरगोड़ा तक हरमू और सिंगपुर पल्ली के, अरगोड़ा से सुजाता चौक तक डोरंडा और प्रभात तारा धुर्वा पल्ली के तथा सुजाता चौक से बड़ा चर्च संत मेरी चर्च पुरुलिया रोड तक राँची पल्ली के कार्डिनल को श्रद्धांजलि देने वालों की मानव श्रृंखला पुष्प वर्षा कर अपने लोकप्रिय कार्डिनल को अश्रुपूर्ण विदाई देने मौजूद रहेगी। राँची पुलिस प्रशासन ने भी इस कार्यक्रम को देखते हुए हर जगह शांति,सुरक्षातथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने का इंतजाम कर लिया है।

### सरयू राय ने स्पीकर से मिलकर आयोग की रिपोर्ट हाईकोर्ट में सौंपने की मांग की

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने विधानसभा में हुई अनियमित नियुक्तियों की जांच के लिए गठित जस्टिस विक्रमादित्य आयोग की जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपने की मांग स्पीकर रबींद्रनाथ महतो से की। उन्होंने स्पीकर से अनुरोध किया कि हर हालत में नियत तिथि पर आयोग की जांच रिपोर्ट झारखंड हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने से सभा की प्रतिष्ठा बढ़ेगी और अनावश्यक कयासों पर विराम लगेगा। सरयू राय ने कहा कि स्पीकर ने स्पष्ट शब्दों में बताया कि वे स्वयं यह जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट में यथाशीघ्र प्रस्तुत कर देने के पक्षधर है, परंतु इसके बाद गठित जस्टिस मुखोपाध्याय समिति की मांग पर सभा कार्यालय ने जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का मूल प्रतिवेदन कार्मिक विभाग को भेज दिया है। सभा कार्यालय ने रिपोर्ट की छायाप्रति भी नहीं रखा है ताकि उसे प्रति हस्ताक्षरित कर हाईकोर्ट में जमा करा सके। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सभा कार्यालय ने कार्मिक विभाग को पत्र लिखकर प्रतिवेदन मांगा है ताकि उसे हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। सरयू राय ने सभाध्यक्ष से निवेदन किया कि यदि कार्मिक विभाग यह प्रतिवेदन सभा कार्यालय को नहीं सौंपता है तो वह इस जांच प्रतिवेदन की छायाप्रति सभाध्यक्ष को उपलब्ध करा सकता देंगे, ताकि सभा कार्यालय इसे हाईकोर्ट में जमा करा सके। अन्यथा सभा सचिव न्यायालय की अवमानना के भागी बन सकते हैं। राय ने कहा है कि अधिवक्ता सलाह देंगे और ऐसा करना अवैधानिक नहीं होगा तो उचित माध्यम से मैं कभी भी जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का प्रतिवेदन सभाध्यक्ष अथवा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकता हूं।

### राशन की कटौती नहीं करने की मांग को लेकर कार्ड धारियों का मुख्यालय में उग्र प्रदर्शन

# पॉश मशीन से राशन को तौलने की कर रहे थे मांग

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**




सिल्ली प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिल्ली के मुख्य द्वार पर झारखंड भाषा खतियान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले देवेंद्र महतो के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए गेट को जाम कर दिया गया है। जिसमें सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों महिलाएं तथा पुरुष हाथ पर तख्ता लिए मुख्य द्वार के बाहर धरना प्रदर्शन बैठ गए हैं। सभी का मांग है कि राशन की कटौती नहीं कर पॉश मशीन से राशन को तोला जाए तथा पत्थर जैसी वस्तुओं को अनाज तोलने में प्रयोग ना किया जाए। ग्रामीणों का मांग है कि सभी डीलर्स को धरना स्थल पर बुलाकर लिखित आश्वासन दे ताकि किसी भी कार्ड धारी को अनावश्यक परेशानी ना झेलना पड़े। जेबीकेएसएस के नेता देवेंद्र महतो ने कहा कि इससे पूर्व 3 अक्टूबर को सभी डीलर्स को कार्यालय बुलाने के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने हामी भरी थी परंतु प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा उन डीलर्सन को नहीं बुलाया गया अब जनता दूर दराज से पहुंचकर प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में कई सौ करोड रुपए अनाज कटौती में हड़प लिए गए हैं। उन्होंने नेतृत्व करते हुए कहा कि जब तक डीलर्स को सभी पंचायत के डीलर्स को प्रखंड कार्यालय में नहीं बुला लिया जाता है तब तक यह सभी ग्रामीण बैठकर प्रदर्शन करते रहेंगे उन्होंने कहा कि क्यों ना इसके लिए जेल ही जाना पड़े। इस मामले में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के प्रभार में जनसेवक अनूप कमल ने कहा कि पूर्व में ही देवेंद्र महतो को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना भेज दी गई थी कि आज की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है परंतु ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन करने पहुंच गए हैं हम इन्हें आश्वासन देते हैं कि सभी डीलर्स आज के बाद इस तरह के कार्यों को त्रुटियों को सुधार कर लेंगे।

### झारखंड परिमंडल ने विश्व डाक दिवस मनाया

**रांची।** झारखंड परिमंडल रांची की ओर से राष्ट्रीय डाक सप्ताह के मौके पर सोमवार को विश्व डाक दिवस मनाया गया। इसके अलावा परिमंडल की ओर से 10 अक्टूबर को वित्तीय सशक्तीकरण दिवस, 11 अक्टूबर को फिलाटेली दिवस, 12 अक्टूबर को मेल एवं पार्सल दिवस और 13 अक्टूबर को अंत्योदय दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी सोमवार को मुख्य पोस्टमास्टर जनरल झारखंड सर्किल डोरंडा के कार्यालय में विश्व डाक दिवस के आयोजन पर मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल (झारखंड सर्किल) राकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्र की पहल पर राज्य के वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी डाक सेवाओं की पहुंच बढ़ायी जा रही है। पिछले दो से तीन सालों के भीतर राज्य के सुदूरवर्ती और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी 898 डाकघर खोले गये हैं, जिसका लाभ स्थानीय लोग उठा रहे हैं। हर पांच किमी पर वित्तीय समावेशन के लिए एक आउटलेट प्रदान करने को केंद्र सरकार ने लक्ष्य तय किया है।

### विधायक ने किता गांव के क्षतिग्रस्त नहर की साफ-सफाई व मरम्मति को लेकर किया निरीक्षण

# विभागीय अधिकारियों को दिया दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**



सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो सोमवार को सिल्ली के किता गांव के समीप स्थित किता नहर की साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत के लिए निरीक्षण किया एवं विभागीय अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो पिछले दिनों क्षेत्र में हुइ बारिश से नहर कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है। निरीक्षण स्थल पर पहुंचे विभाग के कार्यपालक अभियंता बिपिन कुमार भगत व सहायक अभियंता अंतरिक्ष जैन को विधायक ने जल्द से जल्द मरमत करने का निर्देश दिया साथ ही नहर के उद्गम स्थल किता धुंधाधारा बांध में पानी स्टोरेज क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक पहल करने का भी निर्देश दिया। जिससे किसानों को सिचाई के पानी सुचारू रूप से मिल सके। इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने नहर के रास्ते आवश्यक जगहों पर पुलिया एवं साईफन निर्माण से संबंधित ग्रामीण के सुझाव को भी नोट किया। ज्ञात हो की इस नहर से धुंधाधारा, किता, लोटा मोदीडीह, बड़किटण्ड, सहित कई गांवों के किसानों को लाभ होता रहा है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से नहर का समुचित साफ सफाई एवं मरम्मत नही होने के कारण आज खेतों तक पानी पहुंच नहीं पाता है। कई जगहों पर नहर पूरी तरह से टूटा हुआ है। इस कारण से जब फसलों के सिचाई का समय होता है तो पानी को खेतों तक पहुंचाना बहुत कठिन हो जाता है। विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि नहर का पानी का स्टोरेज की व्यवस्था सुदृढ़ करने के बाद नहर के विस्तारीकरण पर काम शुरू हो जाएगा। इसके पूर्व नहर का मरम्मत कार्य भी करवाया जाएगा और खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर सुभाष महतो, पुर्व मुखिया डबलु महली, जगदीश महतो शिवशंकर प्रसाद, तरुण महतो, परेश महतो, जल संसाधन विभाग के जेई दिनेश कुमार, शिवनंदन कुमार महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अपात्र होने के बावजूद राशन कार्ड बनाकर उप प्रमुख उठा रहा था लाभ

# उपायुक्त ने दो दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का दिया आदेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपात्र होने के बावजूद राशन कार्ड बनाकर लाभ उठाने वाले राहे प्रखंड के उप प्रमुख के खिलाफ जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जांच के आदेश दिए हैं। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दो दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गया है। राहे उप प्रमुख उमेश प्रसाद के अपात्र होने के बावजूद राशन कार्ड बनाकर लाभ लेने की शिकायत उपायुक्त रांची से की गई थी। शिकायतकर्ता ने उप प्रमुख उमेश प्रसाद द्वारा राशन कार्ड संख्या 202003792368 बनाकर खाद्यान्न उठाव करने की बात कही गई है। पत्र में शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया है कि उप प्रमुख की पत्नी सरकारी नर्स है तथा वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राहे में कार्यरत है। उप प्रमुख के नाम से चार पहिया वाहन (संख्या खत्न01एऊ7507) के साथ-साथ 7 एकड़ से अधिक जमीन भी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उप प्रमुख दबंग प्रकृति के व्यक्ति हैं।

### झारखंड में 7 फीसदी आबादी सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया से पीड़ित

**रांची।** सिकलसेल एनीमिया और थैलेसीमिया रक्त विकारों से जुड़ी आनुवांशिक बीमारियां हैं। इनके मरीजों को समय-समय पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जो बेहद पीड़ादायक होता। झारखंड में करीब पांच से सात फीसदी आबादी सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया से पीड़ित है। वहीं, राज्य की कुल जनजातीय आबादी का 12 फीसदी हिस्सा इस बीमारी का शिकार है। आबादी बढ़ने के साथ ही उक्त बीमारियां भी बढ़ रही हैं। हालांकि, 10 साल पहले गुजरात की तर्ज पर राज्य में पायलट प्रोजेक्ट के तहत जमशेदपुर, देवघर, गुमला और रांची में रक्त विकार से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम के लिए काम शुरू हुआ। लेकिन रांची सदर अस्पताल को छोड़ अन्य जिलों में इसकी प्रगति सुस्त है। रांची सदर अस्पताल ऐसे मरीजों का न केवल स्क्रीनिंग और क्लीनिकल परीक्षण कर रहा है, बल्कि पीड़ितों के माता-पिता की काउंसलिंग कर उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है कि यह बीमारियां उनकी अगली पीढ़ी में स्थानांतरित न हों। सदर अस्पताल के 40 बेड के डे केयर में सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया के मरीजों के उपचार की सुविधा मौजूद है। स्वास्थ्य विभाग सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया के मरीजों को दवाओं के साथ नियमित जांच भी मुहैया करता है। इसके लिए खासतौर पर ह्यएएमबी टी थ्री मोबाइल ऐप तैयार किया गया है।

### आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

# छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी कला का किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सोमवार को आचार्यकुलम विद्यालय में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर, मंत्र उच्चारण के साथ हुआ। इस प्रदर्शनी में कक्षा- एलकेजी से लेकर कक्षा- 9 तक के छात्र -छात्राओं ने अपनी -अपनी कला का किया प्रदर्शन किया। बच्चों ने इस कला और शिल्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की पेंटिंग और क्राफ्ट प्रस्तुत किए, जिसमें फोटो फ्रेम,जूट रस्सी कला विभिन्न सामग्रियों, कपड़ा, कागज, तार, झाड़ू छड़ी का उपयोग करके फूल पॉट पेंटिंग, कांच की पेंटिंग , दीवार पर लटकाना, डिस्पोजेबल ग्लास के साथ टेबल लैंप, कागज के साथ हैंडबैग, कार्डबोर्ड का उपयोग कर गिटार,टेडी बियर बनाना, लिप्पन कला,बोतल की सजावट, लकड़ी की कील धागा कला, कांच की पेंटिंग इत्यादि सामग्री बनाई गई। एग्जीबिशन में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। अभिभावक बच्चों की अद्भुत कलाकृतियों को देखकर वह उनकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे थे। बच्चों ने लाइफ पेंटिंग के माध्यम से विभिन्न महापुरुषों और नेताओं तस्वीर बनाई। क्राफ्ट शिक्षक द्वारा बनाया गया आचार्यकुलम विद्यालय भवन का ज्यों का त्यों शिल्प कृति अद्वितीय और मनमोहक लग रही थी ,जो पूरे विद्यालय परिसर की शोभा बढ़ा रही थी। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौरा ने छात्र -छात्राओं की उनकी अद्भुत और मनमोहक कलाकृतियों की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया तथा और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कला शिक्षक विजय कुमार जायसवाल और कार्फ्ट शिक्षक रवि वर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने अद्भुत कला कृतियां बनाई थी, जिसमें अपनी ओर आकर्षित करने की अद्भुत क्षमता थी। संगीत शिक्षक अमित कुमार ठाकुर, शंशाक पाठक और बच्चों के द्वारा प्रदर्शनी भवन में पूरे समय संगीत के मधुर गायन की प्रस्तुति दी गई, जो पूरे वातावरण को संगीतबद्ध कर रही थी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

**ई-अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**
(PR-306066 (REO) 23-24(D))

पत्रांकः– दिनांक–
ई–निविदा संख्याः– 06/2023-24/RWD/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/ RANCHI/ 06/2023-24 | खरवा टोली से प्रेम नगर भाया कुम्बाटोली तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.100 कि0मी0)। | 22132700.00 | दो करोड़ एक्कीस लाख बत्तीस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/EE/ RANCHI/ 07/2023-24 | नगड़ी बान्धेया पथ से बालालौंग भाया पिस्का तक पथ निर्माण कार्य(लं0–3.800 कि0मी0)। | 34483100.00 | तीन करोड़ चौवालीस लाख तिरासी हजार एक सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/EE/ RANCHI/ 08/2023-24 | पंचायत लालगुटवा ग्राम नयासराय कुटे में आर0ई0ओ0 रोड से धुपरा उराँव, केदारनाथ गोस्वामी के घर होते हुए नरेश बैठा के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.600 कि0मी0)। | 14103300.00 | एक करोड़ एकतालीस लाख तीन हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/EE/ RANCHI/ 09/2023-24 | पंचायत सिमलिया कटहर टोली में मुण्डा मसना रिंग रोड से महाबीर मुण्डा के घर होते हुए पंचायत सचिवालय तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.500 कि0मी0)। | 12966200.00 | एक करोड़ उनतीस लाख छियासठ हजार दो सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/EE/ RANCHI/ 10/2023-24 | पंचायत सुण्डिल ग्राम नवासोसो में आर0ई0ओ0 रोड सामुदायिक भवन से रोड नं0–1 श्रीराम नगर के विभिन्न गलियों में पथ निर्माण कार्य (लं0–1.190 कि0मी0)। | 10367200.00 | एक करोड़ तीन लाख सरसठ हजार दो सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/EE/ RANCHI/ 11/2023-24 | पंचायत सपारोम में रिंग रोड लालगुटवा तालाब से सपारोम गाँव में बिनोद कच्छप के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.100 कि0मी0)। | 10489000.00 | एक करोड़ चार लाख नवासी हजार रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 7 | RWD/EE/ RANCHI/ 12/2023-24 | पंचायत साहेर के डोकाटोली सथियारिन चौक से मेला टिकरा रोड होते हुए साहेर मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.430 कि0मी0)। | 17090600.00 | एक करोड़ सत्तर लाख नब्बे हजार छः सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 8 | RWD/EE/ RANCHI/ 13/2023-24 | पंचायत फुटकलटोली में आर0ई0ओ0 रोड से कमलेश नगर के विभिन्न गलियों का पथ निर्माण कार्य (लं0–1.060 कि0मी0)। | 11148900.00 | एक करोड़ ग्यारह लाख अड़तालीस हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–11.10.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–25.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड राँची अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः–26.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग 102 द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची झारखण्ड–834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (26.10.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 27.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 308674 REO (23-24)_D


### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई भू-अर्जन सम्बन्धी मामलों की समीक्षा बैठक

# सभी सरकारी परियोजनाओं में तेजी लाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में भू-अर्जन सम्बन्धी मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता रांची, राजेश कुमार बरवार, भूमि सुधार उप समाहर्ता रांची, राजीव कुमार सिंह एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्र, परियोजना निदेशक ठल्रअक रांची, विजय कुमार, परियोजना निदेशक एनएचएआई रामगढ़, अरविन्द कुमार सिंह,परियोजना निदेशक एनएचएआई गुमला, राजीव रंजन, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग रांची, श्री इसराइल मंसूरी, अंचल अधिकारी, बेड़ो, नगड़ी, ओरमांझी, उप मुख्य अभियंता (निर्माण) द. पू. रेलवे, कानूनगो जिला भू-अर्जन कार्यालय रांची, सुधांशु पाठक सभी परियोजना से सम्बंधित कानूनगो एवं सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने भारतमाला परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा की ओरमांझी गोला सेक्शन के अंतर्गत मौजा ईद से तापे तक कुल-16 मौजा के अंतर्गत 10 कि.मी. सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा रही कुल-167.40 एकड़ भूमि के विरुद्ध प्राप्त 148 करोड़ रुपए एवं इस पर अवस्थित संरचना के लिए प्राप्त 14.44 करोड़ कुल 162.44 करोड़ में से 100 करोड़ का भुगतान किया जा चूका है। अवशेष राशि का भुगतान जल्दी करने के लिए सक्षम पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी ओरमांझी को उपायुक्त रांची, द्वारा निर्देश देते हुए कहा की आने वालें 15 दिनों में मौजा तापे व अन्य गांव के अवशेष आवेदन का निष्पादन कर दिया जाए। गुमला पलमा परियोजना (एनएच-23) : उपायुक्त ने नेशनल हाईवे 23 (गुमला पलमा परियोजना) की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया

**रांची शहर में बन रहें सभी फलाई ओवर के कार्य में तेजी लाने के निर्देश ताकि शहर में लग रहे जाम की समस्या से जल्द छुटकारा मिलें**

की रैयतो के द्वारा जहां-जहां बाधा उत्पन्न की जा रही है, वैसे समस्याओं का निराकरण परियोजना निदेशक के साथ समन्वय बनाते हुए करें। साथ ही इस परियोजना के अवशेष 16 करोड़ रुपए का भुगतान इस माह के अंत तक करने और अतरिक्त अर्जित की जा रही कुल-99 प्लाट अंतर्गत 205.08 एकड़ भूमि का अवार्ड जल्द घोषित करते हुए उस पर अवस्थित संरचना का भुगतान कराना सुनिश्चित करने को कहा। इस परियोजना के अंतर्गत कुल-5 आवेदकों द्वारा गैर मजूरवा भूमि का रैयतीकरण का आवेदन दिया गया है। जिसपर अवस्थित संरचना की राशि का नियमानुसार भुगतान करने का निर्देश उपायुक्त रांची द्वारा दिया गया एवं उनके द्वारा रैयतीकरण हेतु प्रक्रिया पूरा करने को भी कहा गया। उपायुक्त रांची, द्वारा इस परियोजना के अंतर्गत सरकारी भूमि का हस्तान्तरण से सम्बंधित प्राप्त प्रस्ताव का हस्तान्तरण ठल्रअकको करने हेतु एवं हस्तान्तरण के पश्चात उक्त भूमि का जमाबंदी संधारण करने का निर्देश अंचल अधिकारी बेड़ो एवं इटकी को दिया गया। उपायुक्त द्वारा रांची रिंग रोड अतरिक्त अवशेष 5 करोड़ 50 लाख रुपए राशि का आवेदन प्राप्त कर भुगतान करने का निर्देश दिया। ताकि रिंग रोड़ पूरी तरह से पूर्ण हो एवं 1.5 करोड़ रुपए का तैयार अभिलेख का निष्पादन आज ही करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया।

## गागर में सागर

### राज्यपाल से मिले सांसद सुनील सोरेन, सौंपा ज्ञापन



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को लोक सभा सांसद सुनील सोरेन ने राज भवन में मुलाकात की। इस अवसर पर सांसद ने एक ज्ञापन के माध्यम से दुमका जिले के सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय की समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया।

### मुड़मा मेला 30 अक्टूबर से मांडर में



**रांची।** रांची के मांडर में मुड़मा मेला 30 और 31 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। मुड़मा जतरा की तैयारी को लेकर राजी पाड़हा जतरा समिति के सचिव राजेश खलखो ने सोमवार को बताया कि समिति के लोग मुड़मा मेला के सफल आयोजन को लेकर जुटे हुए हैं।

### हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक बने शिव शंकर



**रांची।** बिरसा चौक गितिलपीडी निवासी शिव शंकर हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक बनाए गए हैं। समिति की ओर से यह निर्णय लिया गया। सोमवार को समिति के लोगों ने उन्हें दुर्गा मां की चुनरी पहना कर उनका स्वागत किया। मौके पर समिति के सचिव इंदरजीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश सिंह, सह सचिव सौरव पांडेय एवं वरीय उपाध्यक्ष विशाल पांडेय मौजूद थे।

### पूजा पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा को दिया जा रहा अंतिम रूप



**रांची।** रांची के ओरमांझी स्थित लाल बहादुर शास्त्री क्लब दुर्गा पूजा समिति दड़दाग में काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष शिवनंदन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि पंडाल के निर्माण के लिए बंगाल के कारीगर जोर-जोर से लगे हुए हैं। लगभग 40 फीट ऊंचा और 60 फीट चौड़ा पंडाल बनाया जा रहा है, जबकि मां दुर्गा की प्रतिमा 12 फीट की होगी। पंडाल के आसपास आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूजा के अलावा भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 40-40 फीट के रावण और मेघनाथ का पुतला बनाया जाएगा। रावण और मेघनाथ के पुतले का निर्माण स्थानीय कारीगरों के जरिये किया जा रहा है। रावण को पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, मेघनाथ को राज्यसभा सांसद आदित्य साहू दहन करेंगे।

### 11 अक्टूबर को राज्य भर के मिशनरी स्कूलों में अवकाश की घोषणा

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो का पार्थिव शरीर 11 अक्टूबर को संत मरिया महागिरजा घर में दफनाया जाएगा। इसको लेकर राज्य भर के मिशनरी स्कूलों में 11 अक्टूबर को छुट्टी की घोषणा की गयी है। झारखंड खीस्तीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के सचिव फादर एरेसियुस मिंज ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। मालूम हो कि रोमन कैथोलिक (आरसी मिशन) द्वारा संचालित सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय में फादर व सिस्टर के द्वारा पठन- पाठन का कार्य किया जाता है। इसे देखते हुए अवकाश की घोषणा की गयी है, ताकि वे लोग कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो के दफन संस्कार कार्यक्रम में शामिल हो सकें।

# आश्विन कृष्ण पक्ष की एकादशी का व्रत आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आश्विन कृष्ण पक्ष की एकादशी का व्रत 10 अक्टूबर मंगलवार को शास्त्रीय विधि से मनाये जाएंगे। आश्विन कृष्ण पक्ष में इंदिरा नाम की एकादशी होती है। उसके व्रत के प्रभाव से बड़े-बड़े पापों का नाश हो जाता है। इस दिन विधि के साथ व्रत-उपवास करके भगवान श्रीमन्नारायण वेंकटेश्वर श्रीतिरुपति बालाजी की पूजा अर्चना करनी चाहिए। ऐसा करने वालों के ऊपर भगवान श्रीहरि प्रसन्न होते हैं और व्रति के पुण्य के प्रभाव से नीच योनि में पड़े हुए उन व्रतधारी के पितरों को सद्गति प्रदान करते हैं। जिनके पितर तृप्त होते हैं, उनके आयु-आरोग्य, पुत्र-पौत्रादि संतत्ति और धन-धान्य में वृद्धि होती है। व्रत करने की विधि : दसवीं के उत्तम दिन को श्रद्धा युक्त चित्त से प्रातः काल स्नान करें फिर मध्यान काल में स्नान करके एकाग्रचित हो एक समय भोजन करें तथा रात्रि में भूमि पर कंबल आदि शुद्ध वस्त्र बिछाकर सोएं। रात्रि के अंत में निर्मल प्रभात होने पर एकादशी के दिन दातुन करके मुंह धोए,



इसके बाद भक्ति भाव से भगवान का ध्यान करते हुए, अर्चना- पूजा करके उपवास का नियम ग्रहण करें । इस प्रकार नियम करके मध्याह्न काल में पितरों की प्रसन्नता के लिए साल ग्राम शीला के सम्मुख विधि पूर्वक श्राद्ध करें तथा दक्षिणा से ब्राह्मणों का सत्कार करके उन्हें भोजन करावें। पितरों को दिए हुए अन्नमय पिंड को सूंघकर विद्वान पुरुष गाय को खिला दें। फिर धूप और गंध आदि से भगवान ऋषिकेश का पूजन करके रात्रि में उनके समीप जागरण करें। तत्पश्चात सवेरा होने पर द्वादशी के दिन पुनः भक्ति पूर्वक मंदिर जाकर श्रीहरि- वेंकटेश्वर की पूजा करें ।

### झारखंड छात्र जदयू ने आरयू के कुलपति से की शिष्टाचार मुलाकात

**रांची।** झारखंड छात्र जदयू ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से की मुलाकात की। अजीत ने छात्र जदयू का रांची विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में संवैधानिक तरीके से काम करने की अनुमति दी। उन्होंने कहा कि खुशी होती है कि जब कोई संगठन छात्रों की समस्या को लेकर हमारे पास आते हैं। हम यहां छात्रों के शैक्षणिक माहौल और प्रशासनिक सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। त्वरित कार्यवाही और समस्या का निदान कर खुशी मिलती है। झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आशिफ इकबाल ने कहा कि ये छात्र जदयू दूसरे संगठनों से हटकर संवैधानिक तरीके से काम करती है। हमारा मकसद हंगामा करके उच्च अधिकारियों को धमकाना नहीं, बल्कि संवैधानिक तरीके से छात्रों का कल्याण करना है। सिर्फ छात्रों ही के लिए नहीं बल्कि विश्वविद्यालय के अंदर कार्य कर रहे उन निम्नस्तर के कर्मचारी को भी सम्मान देने के कार्य करती है। हमारा प्रयास है कि हम छात्रों की बेहतर शिक्षा के साथ-साथ समाज के उन दबे हाशिए के लोगों के हक-अधिकार के लिए लड़े और उन्हें सम्मान मिले।

# मुख्यमंत्री ने रिसालदार बाबा की दरगाह पर चादरपोशी की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को उर्स के अवसर पर राजधानी रांची के डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा की दरगाह पर अकीदत के साथ चादरपोशी कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सलामती, सुख -समृद्धि और अमन-चैन की दुआ मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिसालदार बाबा की दरगाह सामाजिक सद्भाव और सौहार्द का प्रतीक है। यह शांति, एकता, भाईचारा और प्रेम का पैगाम देती है। यह दरगाह वर्षों से हर धर्म और समुदाय के आस्था एवं श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है। इससे पूर्व दरगाह कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का परंपरानुसार स्वागत किया गया। उर्स के मौके पर चादरपोशी के लिए हर धर्म के लिए लोग वहां आते हैं और बाबा से अपनी मुरादें मांगते हैं। इस मौके पर श्रद्धलुओं का काफी भीड़ होती है। हर कोई कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के दस्ताने पर जाकर खुदा को हाजिर नाजिर रखते हुए अपने घर-परिवारों की सुख शांति के लिए दुआएं करते हैं।

## मुख्यमंत्री से पुलिस महानिरीक्षक ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित पुलिस महानिरीक्षक-सह-पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण मनोज कौशिक ने मुलाकात की। मौके पर उन्होंने पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह की ओर से मुख्यमंत्री को हजारीबाग स्थित पुलिस अकादमी में मंगलवार (10 अक्टूबर) को आयोजित होने वाले पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर मंत्री के पास पहुंचे फरियादी

# जनता की शिकायतों का होगा शीघ्र समाधान : आलमगीर आलम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हर सोमवार को कांग्रेस कोटे के मंत्री प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई करते हैं और जनता की शिकायतें सुनते हैं। जनता की शिकायतों पर ज्यादातर मामलों में मंत्री शिकायतकर्ता के सामने ही समाधान करने की कोशिश करते हैं, जबकि दूसरे विभागों की शिकायतें दूसरे विभाग के सहयोगी मंत्री के पास भेज दी जाती हैं। इस सोमवार भी राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई की। साथ ही चार दर्जन से अधिक फरियादियों की शिकायतें भी सुनीं। आज जनता की अधिकतर शिकायतें अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरा करने, नये




आवास की स्वीकृति देने, ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों की मरम्मत करने, निर्माण के बाद भी जलमीनार शुरू नहीं होने से लेकर फिशरीज के छात्र-छात्राओं के लिए मत्स्य से जुड़ी नौकरियां सीमित करने जैसे मामले थे। जनसुनवाई में एक कैंसर मरीज का परिवार इलाज में मदद के लिए आया था, जिसके फाइल को अपने मंतव्य के साथ स्वास्थ्य मंत्री को भेज दी गई। इसी तरह चंदनकियारी से एक फरियादी शिकायत करने आये थे कि 2016-17 के किसान राहत कोष का पैसा अभी तक अन्नदाताओं तक नहीं पहुंचा है, जबकि विभाग द्वारा पैसा दे दिया गया है। बेड़ो से आया रोचक मामलाः बेड़ो से मुकेश कुमार साहू सभी कागजातों के साथ शिकायत लेकर आलमगीर आलम के जनसुनवाई में पहुंचे थे। उनकी शिकायत थी कि उनके गांव में दो भाई गलत तरीके से चीक बड़ाइक (आदिवासी) बनकर सरकारी नौकरी कर रहे हैं। लेकिन जब वे जमीन की खरीद बिक्री करते हैं, तब वे दोनों यदुवंशी क्षत्रिय बन जाते हैं। वे दोनों अब उनके पांच डिसमिल जमीन को भी गलत तरीके से कब्जाना चाहते हैं। इस मामले को सुनने के बाद मंत्री ने जांच कराने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए आलमगीर आलम ने कहा कि जनसुनवाई काफी लोकप्रिय हो रहा है। जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान की कोशिश होती है।

# बरवाडीह के नौ गांवों में अमृत कलश यात्रा के साथ मिट्टी संग्रह हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में 9 गांव से एकत्र किए गए 9 अमृत कलश यात्रा के मिट्टी को प्रखंड स्तर पर एक बड़े कलश में राकेश सहाय प्रखंड विकास पदाधिकारी बरवाडीह के उपस्थिति में समाहित किया गया। बरवाडीह प्रखंड के केचकी, छेंचा, खड़िया, पैरा, होसिर, मंडल, बरीदोहर, जरूहार, एवं कल्याणपुर गांव में अमृत कलश यात्रा निकल गई थी और इन 9 गांव से मिट्टी संग्रहित की गई। एक ओर जहां बारिश के कारण लोग घरों से नहीं निकले वही दूसरी ओर देश प्रेम में लोक कलाकारों ने पुरे जोश से देश भक्ति गीतों के साथ ग्रामीणों के बीच



पहुंचे और घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्र किए। भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में प्रधानमंत्री जी की अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन इस कार्यक्रम के माध्यम से होगा। इसी कड़ी में झारखंड राज्य के 10 प्रखंड जिसमें रांची जिला के बुंडू, सोनाहातू, राहे, तमाड़, इटकी, सरायकेला जिले के कुकड़ू, दुमका जिला के जामा प्रखंड, जामताड़ा प्रखंड का नारायणपुर एवं लातेहार जिले के मनिका एवं बरवाडीह प्रखंड में अभियान चलाया जा रहा। यह कार्यक्रम चंद्रदेव सिंह ( कार्यक्रम समिति सदस्य, पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र संस्कृति मंत्रालय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार) के नेतृत्व में झारखंड में चलाया जा रहा है।

### रांची से हावड़ा जाने में अब दो घंटे समय की होगी बचत

**रांची।** रांची रेल मंडल के अंतर्गत सिल्ली-इलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण को लेकर रेल मंत्रालय ने हरी झंडी दे दी है। इस रेल लाइन के निर्माण से हावड़ा और टाटा आवागमन में दो घंटे समय की बचत होगी। वहीं रेलवे का संसाधन भी बचेगा। रांची से टाटा होते हुए हावड़ा जाने वाली ट्रेनों को मुरी नहीं जाना होगा। वर्तमान में ट्रेनों को मुरी में इंजन रिवर्स करना पड़ता है। इसमें समय लगता है। वहीं बाइपास लाइन बनने से दूरी कम होगी। मालूम हो कि सिल्ली-इलू रेल लाइन की मांग विगत कई वर्षों से स्थानीय लोगों के द्वारा की जा रही थी। सांसद संजय सेठ ने इस मामले में पहल की और छह किलोमीटर की बाइपास लाइन के निर्माण के लिए केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखा था। इसको लेकर रांची रेल मंडल के द्वारा भी एक प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था। अब इसके निर्माण को लेकर हरी झंडी मिल गयी है। सांसद सेठ ने बताया कि इसके लिए रेल मंडल को 125 करोड़ रुपये के बजट की राशि आवंटित की जानी थी। जिससे इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो सके।

## कुलपति की मनमानी के विरुद्ध राजभवन पहुंचे मथुरा व लंबोदर महतो

# राज्यपाल से मिलकर कोयलांचल विवि के कुलपति के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ सख्त अनुशानिक कार्रवाई करने की मांग की है। दोनों विधायक ने संयुक्त रुप से राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि कुलपति ने रानी शिक्षण संस्थान( टीचर ट्रेनिंग कॉलेज) एवं विधि महाविद्यालय सहित सभी बी एड कालेज से सात-सात लाख रुपए सहयोग राशि के नाम पर वसूली की है और यह राशि निजी बैंकों में जमा है इसकी शिकायत किए जाने पर पांच सदस्यीय जांच समिति बनायी गयी। जांच समिति ने शिकायत को सही पाया। बावजूद इसके दोषी पाए गए कुलपति के खिलाफ अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी है। इसी क्रम में विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल को इस बात से भी अवगत कराया कि कुलपति का मनमाना पूर्ण रवैया बना हुआ



है। स्थिति यह है कि कुलपति ने कई डिग्री कॉलेज में पीजी की पढ़ाई को बंद कर दिया है। यही नहीं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई को भी बंद कर दिया है और इसके स्थान पर उड़िया भाषा चालू कर दिया है। उन्होंने राज्यपाल का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट कराया की इंटर की पढ़ाई को भी बंद कर दिया है। विभागीय सचिव के आदेश के बाद भी कुलपति अंजान बने हुए हैं। उन्होंने राज्यपाल को इस बात की भी जानकारी दी कि कुलपति ने यह फरमान जारी कर कोई भी दो विषय के अलावा अन्य भाषा में पीजी नहीं कर सकता है। जबकि दूसरे विश्वविद्यालय में ऐसा कुछ नहीं है। जूलॉजी व बॉटनी की पढ़ाई भी बंद कर दी गई है।

## शिक्षा विभाग की पहल — सरकारी स्कूलों के बच्चे अब तनाव मुक्त होकर करेंगे पढ़ाई

# राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और 41 अन्य स्कूलों में होगा लागू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की योजना है कि पढ़ाई को लेकर बच्चे तनाव से कोसों दूर रहें और खेल-खेल में अपनी पढ़ाई पूरी कर लें। शिक्षा विभाग इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। इसके लिए शिक्षकों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है, ताकि वे स्कूल के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ा सकें। इसके जरिए प्रयास है कि तनावमुक्त रहते हुए सरकारी स्कूल के बच्चे नैतिक शिक्षा ग्रहण कर सकें। राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और 41 अन्य स्कूलों में इस योजना को लागू करने की तैयारी की जा रही है। इससे बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग के तहत जीवन कौशल विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। बताया जा रहा है कि बच्चों के लिए प्रतिदिन 45 मिनट की एक घंटी होगी। हालांकि इसे हर विषय की पढ़ाई के साथ



बीच में 10 मिनट के कार्यक्रम के जरिए बच्चों को तनावमुक्त किया जा सकता है। इस कार्यक्रम का नाम दिया गया है हर्ष जोहार पाठ्यचर्या। नाम की तरह ही बच्चों को खुश रखते हुए पढ़ाई करने का प्लान तैयार किया गया है। झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब खेल-खेल में शिक्षा देने की योजना है। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या के जरिए बच्चों को ना केवल नैतिक शिक्षा बल्कि तनावमुक्त वातावरण में कैसे पढ़ाई करें, इसके तरीके भी बताए जाएंगे। फिलहाल इसकी शुरूआत उत्कृष्ट विद्यालय से हो रही है। शिक्षा विभाग की पहल से 80 उत्कृष्ट विद्यालयों समेत 41 अन्य स्कूलों में हर्ष जोहार पाठ्यचर्या लागू करने की तैयारी की जा रही है। बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग के तहत जीवन कौशल को विकसित किया जाएगा। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या को

### बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग के तहत जीवन कौशल को विकसित किया जाएगा

प्रभावी रूप से लागू करने के लिए 121 विद्यालयों के 1210 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। झारखंड के शिक्षा विभाग द्वारा 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को मिलाकर कुल 121 स्कूलों में हर्ष जोहार कार्यक्रम के तहत 'हर्ष जोहार पाठ्यचर्या' को लागू करने की पहल की जा रही है। इसे लेकर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और कस्तूरबा विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभा यात्रा 14 अक्टूबर को

**रांची।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47वां वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 14 अक्टूबर को अपराह्न तीन बजे महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा का संचालन अग्रवाल युवा सभा करेगा। इसके बाद 15 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन की जयंती के दिन प्रातः 6:30 बजे अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, माल्यार्पण के बाद आरती प्रसाद एवं प्रभात फेरी का कार्यक्रम होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के संयोजक सज्जन पाड़िया एवं अग्रवाल सभा के प्रवक्ता प्रवक्ता संजय सर्राफ ने सोमवार को संयुक्त रूप से बताया कि अग्रवाल सभा के तत्वावधान में 15 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे अग्रसेन भवन में हवन, कुलदेवी का पूजन एवं प्रसाद वितरण तथा अपराह्न 3:30 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# भोजपुरी युवा विकास मंच ने गायिका शिल्पी राज को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं भोजपुरी युवा विकास मंच की ओर से भोजपुरी गायिका शिल्पी राज को सोमवार को सम्मानित किया गया। वाइल्ड वादी वाटर पार्क के संचालक शैलेन्द्र जयसवाल की ओर से आयोजित भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान भोजपुरी गायिका शिल्पी राज और पूरी टीम को सम्मानित किया गया। शिल्पी राज ने भोजपुरी में अपनी क्रम उम्र से ही गायकी में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है। उन्होंने पवन सिंह, खेसारीलाल यादव, रितेश पांडेय,विवेक चौहान सहित कई लोगों के साथ सैंकड़ो भोजपुरी एलबम और फिल्मों में अपनी गायकी के दम पर एक अलग पहचान बनायी है। मौके पर भोजपुरी युवा विकास मंच के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, भाजयुमो रांची महानगर के अध्यक्ष रोमीत नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से शिल्पी राज को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

## गागर में सागर

### गिरिडीह : दो भाईयों में जमकर मारपीट, पांच घायल, दो गंभीर

**गिरिडीह।** गांडेय थाना क्षेत्र के कारोडीह में 9 अक्टूबर को दो भाईयों परिवार के बीच जमीन मामले को लेकर जमकर मारपीट हो गई. इसमें दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जाती है. प्रथम पक्ष ने आरोप लगाया है कि नसरूदीन मिया की पत्नी साहिदा, साहिना खातून, रूबेदा खातून, रहीना खातून व रकीना खातून को दूसरे पक्ष के आयूब मिया व अरबाज अंसारी ने लाठी, डंडे, चाकू आदि से मारकर घायल कर दिया. दूसरे पक्ष ने प्रथम पक्ष के नसरूदीन मियां को बंधक बनाकर रखा था. घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे गांडेय थाना प्रभारी साकेत प्रताप देव ने घायल महिलाओं को अपने निजी वाहन से गांडेय सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सहिदा बीबी व साहिना खातून को गिरिडीह रेफर कर दिया गया है. घायल साहिना खातून ने कहा की उसके चाचा यकूब मियां, चाची जेबून निशा, चचेरा भाई अरबाज मिया, रुकसाना खातून, सरफराज अंसारी सभी करोडीह निवासी ने उसके परिजनों को मारकर घायल कर दिया है. गांडेय थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### बेरमो : सर्पदंश से पीड़ित महिला की इलाज के दौरान मौत

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के बड़की चिदरी पंचायत अंतर्गत चैलियाटांड़ निवासी भुवनेश्वर महतो की पत्नी अमबिया देवी 55 वर्ष का 9 अक्टूबर को इलाज के दौरान निधन हो गया. वह सर्पदंश की शिकार हो गई थी. उसका इलाज रिम्स रांची में चल रहा था. दस दिन तक रिम्स में इलाज चला लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका. 9 अक्टूबर को उसका निधन हो गया. बता दें कि 29 सितंबर को अंबिया देवी को खेत में घास चुनने गई थी, उसी दौरान विषैले सांप ने काट लिया था. लेकिन परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय स्थानीय ओझा ने झाड़-फूंक कराने लगे. जब स्थिति खराब हो गई तब पूर्व विधायक माधव लाल सिंह को जानकारी दी गई. श्री सिंह ने तत्काल पीड़ित महिला को तुरंत आईईएल गोमिया के आर्डियर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया. श्री सिंह ने अंबिया देवी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है.

### बोकारो : फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बोकारो।** बालीडीह थाना की पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे आरोपी आसित मंडल के तुपकाडीह स्थित घर पर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाया. थाना के एसआई अनुज कुमार ने बताया कि आरोपी आसित मंडल पर वर्ष 2018 में अवैध शराब के कारोबार करने का मामला दर्ज हुआ था. आरोपी के कुंडोरी गांव के घर काफी मात्रा में शराब के साथ कई सामान जब्त हुए थे. उस मामले में आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ. इसके बाद बोकारो एसडीजीएम की कोर्ट ने आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाते हुए पूरे गांव में जानकारी देने का निर्देश दिया. इश्तेहार चिपकाए जाने के बाद भी आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है, तो कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने गाजे-बाजे के साथ इश्तेहार को तुपकाडीह में कई दीवारों पर लगाया है, ताकि सभी को इसकीं जानकारी हो सके. मौके पर कई पुलिस जवान मौजूद थे.

### बेरमो : सीसीएल के सुरक्षा कर्मियों ने 20 टन अवैध कोयला जब्त किया

**बोकारो।** सीसीएल के कथारा क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह में सुरक्षा कर्मियों ने 20 टन अवैध कोयला जब्त किया है. जारंगडीह के सुरक्षा प्रभारी उमेश्वर प्रसाद ने बताया कि 9 अक्टूबर को छापेमारी कर 20 टन अवैध कोयला जब्त किया गया. इसी दौरान कोयला ढोने में लगी दस साइकिल भी जब्त किया गया है. जब्त कोयला को ट्रक में लोड कर कोयला यार्ड में जमा करा दिया गया है. बता दें कि सीसीएल के जारंगडीह साइडिंग और जारंगडीह कांटा घर से आसपास के लोग के साइकिल के माध्यम से कोयला चोरी कर ले जाते हैं. इस अवैध कोयला चोरी को रोकने में सुरक्षा विभाग व स्थानीय पुलिस नाकाम रही है, जबकि बोकारो के पुलिस कप्तान ने कोयला चोरी को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दे रखा है. छापेमारी दल में सुरक्षा प्रभारी इबरार हुसैन, देवांसू कुमार, अशोक कुमार, कन्हाई व झारखंड होम गार्ड जवान शामिल थे.

### मारपीट की घटना में पांच घायल, दो की स्थिति गंभीर, रेफर

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहराकला में हुई मारपीट की घटना में पांच लोग घायल हो गये। जिसमें दो लोगों को रेफर किया गया। सोमवार को हुई मारपीट में मंजूर अंसारी 30 वर्ष पिता सराफत मियां, रामावतार यादव 25 वर्ष पिता स्व चुरामन यादव, छट्ठू अंसारी 55 वर्ष पिता सलीम मियां, सैरूना खातून 45 वर्ष पति छोटू मियां तथा मुमताज अंसारी 37 वर्ष पिता अब्दुल वदूद घायल हो गये। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। जबकी चिकित्सक ने मंजूर अंसारी और रामावतार यादव को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया।

## गिरिडीह : गांव में किराये के मकान में चल रहा था कॉल सेंटर

# नौ साइबर अपराधी गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** पचंबा थाना क्षेत्र के बोड़ो गांव में किराये के मकान में चल रहे कॉल सेंटर से नौ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की है. जिन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें जमुआ थाना इलाके के बेहराडीह निवासी निलेश कुमार मंडल, मुफ्फसिल थाना इलाके के केरिहारी निवासी मोहन कुमार मंडल, मुफ्फसिल थाना इलाके के सिहोडीह निवासी रुद्र कुमार उर्फ रॉकी, बेंगाबाद थाना इलाके के बनहत्ती निवासी महेंद्र सिंह, बेंगाबाद थाना इलाके के नैयाडाबर निवासी मोतीलाल किस्कु, बेंगाबाद थाना इलाके के सोनबाद निवासी नीरज कुमार तुरी, जामताड़ा जिले के नारायणपुर निवासी अशोक कुमार, मुफ्फसिल थाना इलाके के गांधीनगर निवासी नागेश्वर दास और बेंगाबाद थाना इलाके के सोनबाद निवासी महेंद्र मंडल शामिल हैं. इनके पास से 16 मोबाइल फोन, 25 सिमकार्ड, 4 एटीएम कार्ड, 6 बैंक पासबुक, 2 चेकबुक, 3 फोन पे का क्यूआर कोड और 2 बाइक बरामद किया गया है. गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी.

### सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करते थे

अपराधी पचंबा के बोड़ो में मिनी कॉल सेंटर चलाते थे और यहां से वे लोग बिजली बिल का कनेक्शन कटने और गर्भवती महिलाओं को सरकारी योजना का लाभ दिलाने की बात कर उनसे ठगी करते थे. साइबर अपराधी गर्भवती महिलाओं को फोन कर उन्हें मातृत्व लाभ के नाम पर 6300 रुपये दिलाने की बात कर उनसे ठगी करते थे. साथ ही जिनका बिजली बिल बकाया रहता था, उन्हें फोन कर बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देने की बात कहकर ठगी करते थे.

## विफल रही स्वास्थ्य मंत्री की दरियादिली

# घायल को अस्पताल ले जाने के दौरान हुई मौत



नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा से जमशेदपुर लौटने के क्रम में रास्ते में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल पहुंचावाकर दरियादिली की मिशाल पेश की है. हालांकि, उनकी यह दरियादिली काम नहीं आई. अस्पताल लाने के क्रम में व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक के पास से एक ड्राइविंग लाइसेंस मिला है जिसके आधार पर मृतक की पहचान ओडिशा के मयूरभंज निवासी 61 वर्षीय प्रबिर कुमार कर के रूप में की गई है. मृतक के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार बन्ना गुप्ता किसी कार्यक्रम में शामिल होने बहरागोड़ा गए थे. लौटने के क्रम में उन्होंने रास्ते में सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को देखा. उन्होंने तत्काल अपने काफिले को रुकवाया और घायल को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भिजवाया. उन्होंने एमजीएम के अधीक्षक को भी सारी तैयारी कर के रखने का निर्देश दिया. हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रबीर ने दम तोड़ दिया.

### बस पर पथराव मामले में एक गिरफ्तार, 250 अज्ञात पर प्राथमिकी

**हजारीबाग।** शौर्य जागरण यात्रा से लौट रहे बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद कार्यकताओं से भरी बस पर हजारीबाग कटकमसांडी रोड पथराव मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. वहीं 71 नामजद और 250 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. इसमें धारा-147, 148, 149, 307, 353, 341, 323, 337, 338, 353, 427, 295ए, 153ए, 504, 506 और 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया है. डीएसपी हेडक्वार्टर राजीव कुमार ने सोमवार की देर रात बताया कि बस पर पथराव के मामले में एक आरोपी पेलावल निवासी अहमद के पुत्र मो. असलम को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस मामले में अब तक 71 नामजद और 250 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. पूरी घटना पर विशेष रूप से नजर रखी जा रही है. अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है.

## समाज कल्याण निदेशालय-यूनिसेफ ने किया दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** समाज कल्याण निदेशालय और यूनिसेफ संयुक्त रूप से 5 बैचों में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। हर परियोजना से एक-एक सुपरवाइजर कुल 224 पर्यवेक्षकों को समुदाय आधारित कार्यक्रमों (सीबीई) और गृह भ्रमण पर प्रशिक्षण दिया जा रह है। पोषण माह के दौरान पहला बैच 29 अक्टूबर 2023 को आयोजित किया गया था। यह प्रशिक्षण समाज कल्याण निदेशक शशि प्रकाश झा (आईएएस) के कर-कमलो द्वारा उद्घाटन किया गया. इस समारोह में सहायक निदेशक सह पोषण अभियान संयुक्त परियोजना समन्वयक श्रीमती कंचन सिंह, यूनिसेफ से पोषण विशेषज्ञ प्रीतिश नायक और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन विशेषज्ञ दानिश खान भी उपस्तित थे । यह प्रशिक्षण 14 अक्टूबर २०२३ तक चलेगा। प्रमुख पोषण सेवाओं और व्यवहारों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी समुदाय आधारित कार्यक्रमों और गृह भ्रमन के माध्यम से जन जागृति कार्यक्रम आयोजन करने की क्षमता बर्धन करना इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। इस प्रशिक्षण का एक अन्य उद्देश्य पी एम एम वी वाई, साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर आवश्यक जानकारी प्रदान करना और पोषण ट्रैकर और अन्य डिजिटल डैशबोर्ड से संबंधित मुद्दों को हल करना है। यह निदेशालय द्वारा कर्मचारियों के कौशल और ज्ञान का निर्माण करने के लिए उठाया गया एक और नई पहल है।

### चाईबासा : बकरी शेड घोटाला मामले में विधायक प्रतिनिधि पीरु हेम्ब्रम गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**चाईबासा।** बकरी शेड घोटाला मामले में पुलिस ने चक्रधरपुर प्रखंड के पदमपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सह चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव के विधायक प्रतिनिधि पीरु हेम्ब्रम को गिरफ्तार किया है. इस मामले में उन्हें रविवार देर शाम न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया. पिरु हेम्ब्रम की गिरफ़्तारी की पुष्टि चक्रधरपुर के प्रभारी एसडीपीओ दिलीप खलखो ने की है. पीरु हेम्ब्रम पर आरोप है की मुखिया के पद पर रहते हुए उन्होंने बकरी शेड योजना में भारी घोटाला किया है और सरकारी राशि का गबन किया है. पिछले दिनों इसे लेकर चक्रधरपुर पुलिस ने पीरु हेम्ब्रम के गिरफ्तारी का इश्तेहार जारी किया था. उनके आवास पर पुलिस ने इश्तेहार भी चिपकाया था. उन्हें अविलंब सरेंडर करने का आदेश जिला पुलिस द्वारा दिया गया था. साथ ही फरार घोषित करते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापामारी अभियान भी चलाया जा रहा था. बकरी शेड घोटाला मामले में पीरु हेम्ब्रम काफी दिनों से फरार चल थे और पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापामारी कर रही थी. इसको लेकर चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था.

### बरकट्ठा : ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया सड़क



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेचकप्पी के पिपराही - लश्करी पथ जर्जर हो चुकी थी। जिसे ग्रामीणों ने सोमवार को श्रमदान कर सड़क बनाया। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर सांसद और विधायक को कई बार जानकारी दी। मामले को लेकर मुखिया रीता देवी ने उपायुक्त को अवगत कराया परंतु जब किसी ने पहल नहीं की तो खुद श्रमदान करने की फैसला किया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क खराब के कारण मरीजों को अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार हुआ कि गाड़ी आने के लिए तैयार नहीं तो मरीज को मौत होना लाजमी है। जिसके बाद मुखिया रीता देवी और समाजसेवी डेगलाल साव ने आर्थिक रूप से सहयोग की। साथ ही सड़क निर्माण के लिए चंदा कर पैसा इकट्ठा की। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि लोग चुनाव में आते है बड़े बड़े वादे कर चले जाते है। चुनाव खत्म होने के बाद देखने तक नहीं आते है। लेकिन इस बार हम सभी ने फैसला किया रोड नहीं तो वोट नहीं। श्रमदान करने वाले में महेश मुर्मू, बाबूलाल मुर्मू, सोमर टुडू, वीरेंद्र मुर्मू, नरेंद्र मुर्मू, सुंदर हसदा, सीताराम मुर्मू, बबलू बेसरा, बाबूराम मुर्मू, किसून बेसरा, सहदेव बेसरा, तालो टुडू, अशोक मुर्मू, दिलीप किस्कू, महेश मुर्मू, कुलदीप करमाली, नागेश्वर करमाली, अर्जुन करमाली, शिवराम मुर्मू, सुखलाल मुर्मू, संतोष हांसदा, रवि हांसदा, राजाराम टुडू शामिल थे।

## धनबाद : वन्य प्राणी सप्ताह के तहत निकाली गई जागरूकता बाइक रैली



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद वन प्रमंडल की ओर से वन प्राणी सप्ताह कार्यक्रम के तहत सोमवार 9 अक्टूबर को बाइक रेली निकाली गयी. रैली राजगंज से शुरू होकर तोपचांची झील पहुंची. इस मौके पर तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत स्थित अपग्रेड हाई स्कूल दुमदुमी में छात्र-छात्राओं के बीच क्विज व चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. एसीएफ अजय कुमार मंजुल ने कहा कि वन और वन्य जीव पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं. ज लोग वन व वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं हैं. कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को वन तथा वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है. उन्होंने कहा कि मनुष्य की वन के प्रति संवेदनहीनता के कारण वन क्षेत्र घट रहे हैं और आबादी तेजी से बढ़ रही है. जिसके कारण वन्य जीव आबादी वाले इलाकों में आने को विवश हो रहे हैं. अगर हम सावधानी बरतें और वन्य प्राणियों के साथ गुजर-बसर करने का तरीका सीख लें, नहीं तो हमें परेशानी होगी.

### विश्व डाक दिवस पर मनाया जा रहा राष्ट्रीय डाक सप्ताह

**हजारीबाग।** विश्व डाक दिवस पर लोगों को डाक विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी देने और जोड़ने के लिए नौ से 13 अक्तूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया गया है. डाक विभाग देश के सबसे पुराने विभागों में से एक है, जो कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. यह एक ऐसा संगठन है जो न केवल देश के भीतर बल्कि देश की सीमाओं से बाहर अन्य देशों तक पहुंचने में भी हमारी मदद करता है. पूरे विश्व में नौ अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय डाक दिवस मनाया जाता है. यह जानकारी देते हुए हजारीबाग डाक प्रमंडल के डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि इसी क्रम में विश्व डाक दिवस पर हजारीबाग डाक प्रमंडल के सभी डाकघरों और कार्यालयों में साफ-सफाई की गई और ग्राहकों को डाकघर की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई.

### बलियापुर में मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**धनबाद।** धनबाद उत्पाद विभाग ने सोमवार 9 अक्टूबर को बलियापुर थाना क्षेत्र के गुल्लूडीह बस्ती में मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की. शराब फैक्ट्री खाली मकान में संचालित की जा रही थी. हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. उत्पाद विभाग के प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सहायक आयुक्त को गुप्त सूचना मिली थी. उसी सूचना के आधार पर बलियापुर थाना क्षेत्र के गुल्लूडीह बस्ती में छापेमारी की गई. एक खाली मकान में अवैध डुप्लीकेट शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री चल रही थी. उत्पाद विभाग की टीम पहुंची व 495 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की. बरामद अवैध शराब विभिन्न ब्रांडों के बोतल में भरी हुई है. शराब बनाने के काम आनेवाली 175 लीटर अवैध स्प्रिट भी जब्त की गई है. 500 लीटर रंगीन शराब भी बरामद की गई है.

## परेशानी — धनबाद नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया

# सड़क किनारे फुटपाथ से हटाई दर्जनों दुकानें



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** दुर्गापूजा के पहले शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए सोमवार 9 अक्टूबर को नगर निगम की टीम ने सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू के नेतृत्व में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया. अभियान के तहत रणधीर वर्मा चौक से पुलिस लाइन तक सड़क किनारे फुटपाथ पर फूल, फल, सब्जी, ठेला सहित दर्जनों दुकानों को बलपूर्वक हटा दिया गया. कई दुकानदारों ने टीम के साथ कड़ी नोक झोंक भी की, लेकिन एक नहीं सुनी गई.

### सड़क किनारे ध्वस्त की गई झोपड़ीनुमा दुकान

फुटपाथ दुकानदारों का कहना था कि निगम आए दिन सिर्फ गरीब लोगों को ही निशाना बनाता है. पहले से कोई अल्टीमेटम नहीं दिया गया. आज अचानक जेसीबी लेकर टीम दुकान हटाने पहुंच गई. विरोध करने पर बल प्रयोग भी किया गया. जब तक हमें स्थाई दुकान नहीं मिलेगी, हम कहां जाएंगे. फुटपाथ से ही हमारी रोजी-रोटी चलती है. हालांकि उनकी व्यथा को सुननेवाला कोई नहीं था. सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि फुटपाथ पर कब्जा होने से आवागमन बाधित होता है. त्योहार भी नजदीक आ गया है, जिसमें लोगों की भीड़ सड़क पर नजर आएगी. ऐसे में सड़क से फुटपाथ को हटाना आवश्यक हो गया है. यह कार्रवाई नियमित रूप से आगे भी चलेगी. अभियान में सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार अर्जुन राम

# नदी में नहाने के दौरान किशोर की डूबकर मौत, 13 घंटे बाद मिला शव

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** सरिया थाना क्षेत्र के उर्रो नदी में स्नान करने गए 5 किशोर में से एक की डूबकर मौत हो गई, जबकि अन्य चार किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे. बताया जाता है कि 8 अक्टूबर की दोपहर में 5 स्कूली छात्र नदी में स्नान करने उतरे थे. लेकिन पानी की गहराई अत्यधिक होने से सभी डूबने लगे. चार छात्र प्रयास कर पानी की धार से किनारे आ गए लेकिन 14 वर्षीय किशोर मोहित कुमार, पिता मोहन मंडल डूब गया. इस घटना की सूचना सरिया पुलिस को देर रात में मिली. रात में ही ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की लेकिन अंधेरे की वजह से उसे ढूंढना मुश्किल हो गया. सोमवार की अहले सुबह जब ग्रामीण नदी नहाने पहुंचे तब देखा कि बिरनी क्षेत्र के सीमांकन कर्री में किशोर



का शव पड़ा था. इसकी जानकारी मिलते ही सरिया थानेदार अनीश पांडेय घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया. अपने बेटे को मृत देखकर पिता मोहन मंडल सहित ग्रामीण रो पड़े. स्थानीय लोगों ने बताया कि 14 वर्षीय मोहित कुमार पढ़ने में काफी तेज था. वह अपने पिता का इकलौता पुत्र था. घटना को लेकर माले नेता धानेश्वर पासवान ने बताया कि घटना बेहद दुखदाई हैं. मौके पर वीरेंद्र यादव, गंभीर कुमार, विनोद कुमार, भानु प्रताप, रोहित बर्णवाल, मनोज कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे.

## गागर में सागर

### नहीं रहे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सदस्य हरवंश श्रीवास्तव



**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सक्रिय सदस्य रहे हरवंश श्रीवास्तव का हार्ट अटैक की वजह से रांची स्थित मेडिका अस्पताल में निधन हो गया। स्वर्गीय हरवंश श्रीवास्तव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला कमेटी के सक्रिय सदस्य थे और सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाअध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा की हरवंश श्रीवास्तव बहुत ही नेक दिल इंसान थे। वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद किया करते थे। हम ईश्वर से कामना करते हैं कि वे हरवंश श्रीवास्तव को श्रीचरणों में स्थान दें। उनके निधन पर रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला महामंत्री मीडिया प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद, दीपक कुमार सिन्हा, संजय कुमार लाला, सुजीत सिन्हा आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### पुलिस ने अवैध कोयला लदा वाहन को किया जब्त, चालक फरार



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना पुलिस ने कोयला लदे एक वाहन को जब्त किया।इस मामले को लेकर थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने देर रात प्रेस विज्ञप्ति जारी की। कहा कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा 07 अक्टूबर 12 बजे से 08 अक्टूबर 12 बजे तक बालू, पत्थर, कोयला के अवैध उत्खनन एवं परिवहन हेतु छापामारी अभियान चलाने का निर्देश मिला। सभी अवैध खनिज, खनन व परिवहन पर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के आलोक में गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत विशेष छापामारी और वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र से उत्खनित अवैध कोयला लोड ट्रक संख्या जेएच12पी 2356 जो धनबाद से बरही की ओर जा रही गोरहर पुलिस द्वारा जब्त की गई। वहीं अंधेरे का लाभ उठाते हुए पुलिस को चकमा देते हुए ट्रक चालक भागने में सफल रहा।

### बारिश से प्रखंड के दर्जनों कच्चा घर क्षतिग्रस्त, जेई को ज्ञापन



**बरही ।** बीते दिन लगातार वारिस के कारण कोनरा पंचायत में दर्जनों कच्चा घर गिरने का मामला सामने आया है. मामले को लेकर विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) मो रिजवान अली ने जेई मो. आसिफ को ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है. ज्ञापन के अनुसार कोनरा पंचायत के मुकेदा खातून पति स्व मो मुमताज, तेहरून निशा पति स्व मो मुस्तकीम, हाजरा खातून पति मो मिराज, रेणु देवी पति तुलसी यादव (दिव्यांग), धनवार पंचायत में समीर खातून पति आफताब आलम, राजिना खातून पति मो शमशेर, भंडारों पंचायत रवीना प्रवीण पति मो सरफराज अहमद, तबस्सुम खातून पति मो मनीर अंसारी, मलकोको पंचायत के लालिया देवी पति बुलाकी यादव, मंजू देवी पति महेश यादव आदि के घर ढह गए तो कुछ के क्षतिग्रस्त हो गए है. जिन्हे रहने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. विधायक प्रतिनिधि ने बीडीओ से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के साथ प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने की मांग की है।

### बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम के तीसरे बैच की शुरूआत



**बरही।** प्रखंड संसाधन केंद्र बरही में शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में 'बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम' के तीसरे बैच का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सोमवार को प्रारंभ हुआ. जिसमें प्रखंड के हिंदी भाषा के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया. विदित हो कि केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे निपुण भारत अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से यह विशेष प्रशिक्षण चलाए जा रहे है. इस प्रशिक्षण से विद्यालय स्तर पर शिक्षकों को मदद मिलेगा. प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में किशोरी महतो , तुलसी कुमार दास, मुनिलाल राम एवं रामचंद्र यादव और रूम टू रीड से अशोक सकलानी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है.

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

# योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मिशन इंद्रधनुष के तहत सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक के दौरान वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से डॉ अमोल द्वारा पीपीटी के माध्यम से आईएमआई 5.0 मिशन इंद्रधनुष के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को खसरा एवं रुबेला, निमोनिया, डिफ्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, जापानीज इन्सेफेलाइटिस, पोलियो समेत कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। अभियान का पहला चरण 7 अगस्त से 12 अगस्त तक चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का संचालन डिजिटल प्लेटफॉर्म यूविन के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके लिए सहियाओं व सेविकाओं के द्वारा हेड काउंट सर्वे, ड्यू लिस्ट तैयार करना, माइक्रोप्लान बनाने सहित अन्य कार्य किए जा रहे है। मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण के इस अभियान को 3 महीने तक चलाया जाना है। जिसमे पहला चरण 07 अगस्त से 12 अगस्त चलाया गया। इसके बाद दूसरा चरण 11 सितंबर से 16

**मिशन इंद्रधनुष**

सितंबर तक चला एवं तीसरा चरण 9 अक्तूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत बच्चों के नियमित टीकाकरण के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी होगा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बच्चों के नियमित टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की समाज के विकास के लिए मिशन इंद्रधनुष का सफल होना बेहद जरूरी है। इसके लिए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग की तरह कार्य करने एवं समाज कल्याण, शिक्षा, जनसंपर्क सहित अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं शत-प्रतिशत बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद को दिया। मिशन इंद्रधनुष के सफल संचालन के मद्देनजर उप विकास आयुक्त ने प्रखंड स्तर पर मिशन इंद्रधनुष के तहत कार्य करने वाले कर्मियों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण देने एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को इसकी मानिटरिंग करते हुए सभी कर्मियों को किए जाने वाले कार्य की पूरी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अभियान को सफल बनाने एवं शत-प्रतिशत बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त ने तकनीक का पूरा इस्तेमाल करते हुए डिजिटल मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने टीकाकरण संबंधित सभी जानकारी यूविन पोर्टल पर ससमय अपडेट करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने, लोगों को जागरूक करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उप विकास आयुक्त ने ड्यू लिस्ट का शत प्रतिशत कवरेज करने एवं कार्य योजना को और भी विस्तृत रूप से तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सेशन साइट पर सभी कर्मियों को समय पहुंचने एवं जिन एएनएम, सेविका एवं सहियाओं का परफॉर्मेंस खराब है उन्हें कारण पृक्षा नोटिस देने का निर्देश दिया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



## बिजली समस्या पर धनवार के ग्रामीणों ने दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में धनवार पंचायत के सैकड़ो लोगों ने बिजली ऑफिस के प्रांगण में धरना दिया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. धनवार मुखिया ने बताया कि उनके पंचायत के कोरियाडीह और बारदाग का ट्रांसफार्मर पिछले एक माह से खराब है. इसकी सूचना सहायक विद्युत अभियंता को कई बार दी गई. परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुआ. धरना में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने ग्रामीणों की समस्याओं का समर्थन करते हुए बिजली विभाग की लापरवाहियों को जमकर कोसा. उन्होंने कहा कि एसडीओ बिजली के द्वारा मनमानी और पक्षपात किया जा रहा है. कुछ लोगों को चंद दिनों में ही ट्रांसफार्मर दिए जा रहे हैं वहीं कुछ लोग ट्रांसफार्मर के लिए महीना इंतजार कर रहे हैं. इस विषमता को यदि शीघ्र नहीं दूर किया गया तब जोरदार आंदोलन किया जाएगा. मौके पर उन्होंने दूरभाष से एसडीओ (ई) सहित विभाग के एसी और जीएम से भी बात किया. धरना में पूर्व विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिल सा मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, विकास यादव आदि उपस्थित थे.

### चौपारण में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू, पंडाल में विराजेंगी मां भवानी

**हजारीबाग।** चौपारण बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा समिति की ओर से तैयारियां शुरू है. दुर्गा पूजा समिति की ओर से भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है. जामताड़ा जिले से आए कारीगर दिन-रात पंडाल निर्माण में जुटे हुए हैं. धनबाद के कारीगर मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हैं. विद्युत साज- सज्जा के कारीगर चतरा मोड़ के केंदुआ मोड़ से आए हैं. जानकारी के अनुसार दुर्गा पूजा समिति लगभग 100 वर्ष पूर्व से यहां मां भवानी की आराधना करती आ रही है. दुर्गा पूजा पंडाल समिति के सचिव रितेश वर्णवाल ने बताया के इस बार भव्य मेले का भी आयोजन हो रहा है. पूजा पंडाल के निर्माण में लागत लगभग 4.50 लाख रुपए आएगी. पंडाल की ऊंचाई लगभग 50 फीट और 80 फीट चौड़ी रहेगी. पंडाल के अंदर आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी. पूजा को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष शिव सिंह, अभिमन्यू भगत, सचिव रितेश वर्णवाल, कोषाध्यक्ष सुधीर केशरी, संरक्षक राजेश केशरी, मनोज सिंह, रितेश सिन्हा, राजेश सहाय सहित कई धर्म प्रेमी जुटे हुए हैं.

## रामगढ़ कॉलेज के मुद्दे को लेकर छात्र और ग्रामीण में तनाव, मामला हुआ शांत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज मामले को लेकर सोमावार को छात्र और ग्रामीण आमने सामने आ गए। बाद में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मामला शांत हो गया। इस संबंध में छात्र नेता राजेश ठाकुर ने कहा की हम चाहते हैं की छात्र छात्राएं बिना किसी परेशानी के कॉलेज में शिक्षा ग्रहण करें। जिसके लिए कॉलेज परिसर की चहारदीवारी जरूरी है। जबकि ग्रामीणों ने कहा की यदि चहारदीवारी होगी तो हमें आने जाने में परेशानी होगी। इसलिए चहारदीवारी से पूर्व हमे आने जाने का रास्ता उपलब्ध करवाया जाए। रामगढ़ कॉलेज मामले की जांच के लिए पहुंचे सीओ सत्येंद्र पासवान ने कहा की प्रशासन की ओर से उन्हें मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। कहा की वे शीघ्र ही जांच रिपोर्ट सौंप देंगे। इधर, छात्रों और ग्रामणों ने अलग अलग एसडीओ मोहम्मद जावेद हुसैन से रामगढ़ कॉलेज मामले को लेकर मुलाकात किया और मामले को लेकर उनके समक्ष अपना अपना पक्ष रखा। जिसपर एसडीओ ने कहा की दो दिनों के बाद इस मामले का हल निकालने का प्रयास करेंगे। रामगढ़ कॉलेज में जब छात्र और ग्रामीण आमने सामने हुए उस मौके पर राजेश ठाकुर, शशि करमाली, गौतम कुमार महतो, देवा महतो, द्वारिका महतो, सुमंत महली, आकाश कुमार, रमेश करमाली, विक्रम महतो सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र उपस्थित थे।



## चौकीदार की हत्या पर सवाल, परिजनों ने लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सोमवार की सुबह पंचमाधव कोलंगा निवासी व थाना के चौकीदार महादेव यादव की फांसी लगाकर आत्महत्या का सनसनीखेज सामने आया है. जिसे अहले सुबह पुलिस ने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया. घटना रविवार के रात करीब साढ़े ग्यारह बजे की बताई जा रही है. इस संबंध में आवेदन देते हुए मृतक के पुत्र गणेश यादव ने गांव के ही कुछ लोगो पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है. आवेदन में उसने आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व उसके पिता पर गांव के ही कुछ लोगो ने उसी के गांव के एक नशीले पदार्थ के कारोबारी द्वारा अपनी ही विक्षिप्त पुत्री पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई थी. इतना ही मामले को लेकर गांव के पंचायत में षड्यंत्र के तहत उसके परिवार को सामाजिक रूप से बहिष्कृत भी किया गया था. इससे उसके पिता मानसिक रूप से विचलित थे. रविवार को वह गांव के मंदिर में पूजा करने गए थे इसी दौरान कुछ लोगो ने उनके खिलाफ ताना देते उन्हे प्रताड़ित किया था. जिससे वह काफी डिप्रेशन में हो गए थे. घर में कोई उसके बहन के सिवा कोई भी नही था. डिप्रेशन में होने के कारण वह रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए. इस संबंध में मृतक पुत्र ने पिता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने को लेकर गांव के चंदर यादव, सूर्यकांत राही, लक्ष्मीकांत विद्यार्थी, कैलाश यादव, राजेंद्र भारती, सुरेंद्र यादव, गणेश यादव, सतीश कुमार यादव, शकुंतला देवी, सबिता देवी, शंकर राणा आदि सहित कुल पंद्रह लोगो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन देते हुए शीघ्र गिरफ्तारी की मांग किया है.



**देर संध्या तक नही उठा शव, दिन भर हुआ ड्रामा :** आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी को लेकर बरही थाना में दिन भर भीड़ लगी रही. इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह के उचित कारवाई के आश्वासनों को नजर अंदाज करते हुए लोग केस पंजीकृत करने की मांग कर रहे थे. देर संध्या तक मृतक का शव को पोस्टमार्टम के बाद थाना में पड़ा हुआ था.

**विधायक पहुंचे थाना :** मामले की जानकारी होते ही विधायक उमाशंकर अकेला थाना पहुंचकर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया. पीड़ित परिवार ने गांव के दबंग लोगो और सामाजिक फैसला करने वाले लोगो के खिलाफ करवाई की मांग कर रहे थे.

**इंस्पेक्टर ने बताया :** पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है. प्रशासन पर भरोसा रखे, किसी भी निर्दोष को फंसने नही दिया जायेगा. निष्पक्ष और न्यायपूर्ण करवाई की जायेगी.

**आरोपियों ने कहा:** आरोप बेबुनियाद है. राजनीति के तहत लोगो को फंसाने का काम किया जा रहा है. किसी भी प्रकार का कोई मानसिक प्रताड़ना नही किया गया है. समाजिक बहिष्कार का मामला व्यक्ति विशेष का नही पंचायत का था.

## स्वर्गीय पोबी लाल राम की 12वीं पुण्य तिथि मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेडोकला निवासी समाजसेवी डॉ. सुरेन्द्र राम के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक स्व.पोबी लाल राम के बारहवीं पुण्यतिथि मनायी गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सम्मलित होकर स्व. पोबी लाल राम के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि स्व. राम प्रतिभावान शिक्षक के साथ-साथ समाज के लिए समर्पित रहते थे। उनके द्वारा बताए गए गुणों को याद करके स्मरण करना चाहिए। मौके पर जिला परिसद सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया सुखदेव यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, चिंता देवी, प्रभु पंडित, विनोद यादव, बिरेन्द्र ठाकुर, मुनिलाल दास, गांधी रजक, बिरेन्द्र बैठा, परमेश्वर साव, संजय रजक, सतीश कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**संदेश**

### हजारीबाग में निकाली गई स्वच्छता रैली

# विद्यार्थियों ने ली शपथ, लोगों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, क्षेत्र संकार्य प्रभाग, उपक्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग में वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार के नेतृत्व में सोमवार को भारत सरकार एवं क्षेत्रीय कार्यालय रांची से निर्देशित विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 का शुभारंभ किया गया. इस कार्यक्रम के अंतर्गत सर्व प्रथम सभी कार्यालय कर्मियों ने मिलकर उप क्षेत्रीय कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की. अधिकारियों और कर्मियों ने स्वच्छता रैली निकाली. फिर झील परिसर के त्रिमूर्ति चौक होते हुए जिला स्कूल पहुंचे. कार्यालय प्रभारी ने वहां शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई. साथ ही आह्वान किया कि सफाई करना सभी का परम कर्तव्य है. न खुद गंदगी फैलाएं और न ही दूसरों को फैलाने दें. जयदेव कुमार ने विद्यालय के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों को विद्यार्थियों को जागरूक करने का अवसर देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया. फिर कार्यालय की पूरी टीम स्वच्छता रैली के माध्यम से जनता को जागरूक करते हुए और रास्ते की गंदगी की सफाई कर डीवीसी चौक होते हुए अटल चौक पहुंचकर साफ-सफाई की. मौके पर कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी तेजलाल साव, आशीष कुमार कंधवे, सतीश गुप्ता, सर्वेक्षण सुपरवाइजर अनुराग रंजन, बृज किशोर सिंह, मिथलेश मोदी, उमेश नाथ चौबे, रंजीत कुमार गुप्ता, सौरव कुमार, प्रशांत कुमार, शुभम सोनी, आशीष रंजन, दिवाकर राज आदि सभी सर्वेक्षण प्रगणक एवं आदेशपाल जयप्रकाश पासवान मौजूद थे.



### चौपारण में आकांक्षी प्रखंड का संकल्प सप्ताह का आयोजन

## बेहतर कार्य करनेवाले हुए पुरस्कृत

**हजारीबाग।** चौपारण प्रखंड सभागार में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संकल्प सप्ताह का आयोजन सोमवार को प्रमुख पूर्णिमा देवी की अध्यक्षता में किया गया. कार्यक्रम में चौपारण के चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग समेकित बाल विकास परियोजना, पेयजल स्वच्छता विभाग, जेएसएलपीएस विभाग और कृषि विभाग की ओर से प्रस्तुति दी गई. साथ ही चौपारण प्रखंड को आकांक्षी से विकसित प्रखंड बनाने के लिए विकास की रणनीति तैयार की गई. कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले को प्रशस्ति पत्र दिया गया. वहीं आगे तीन वर्ष तक दिए गए लक्ष्य के अनुसार कार्य करने की शपथ ली गई. कार्यक्रम में बीडीओ प्रेमचंद कुमार सिन्हा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भुनेश्वर गोप, बीइइओ राकेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस मुकेश करमाली, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मुकुंद हंस, बीटीएम शंभू प्रसाद सिंह, पर्यवेक्षिका शिवानी सेन, राधा देवी, कुसुम कुमारी, जलसहिया, प्रज्ञा केन्द्र संचालक, कृषि मित्र और आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थीं.



### प्रशस्ति पत्र पाने वालों में ये रहे शामिल

आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी, मीरा गुप्ता, सरस्वती देवी, रूबी देवी, प्रज्ञा केन्द्र संचालक प्रदीप कुमार, प्रकाश केशरी, प्रखंड समन्वयक अभिषेक बर्डियार, कृषक मित्र नारायण प्रजापति, अमल किशोर सिंह, जलसहिया अनुसुलेखा देवी, पूनम देवी, जेएसएलपीएस की सोनी कुमारी, सरिता कुमारी, बसंती देवी, स्वास्थ्य विभाग से सहिया निशा सिन्हा सहिया, अंजली राज, शिक्षा विभाग से पवन कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ प्रदीप कुमार साहू और बीआसी चौपारण से मो सईद को प्रशस्ति पत्र दिया गया.

## गागर में सागर

### कोडरमा : अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, ड्राइवर फरार

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र के केशो नदी से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर में लोड करते जब्त किया गया है. दरअसल सोमवार सुबह नवलशाही थाना प्रभारी अनिल सिंह व एएसआई प्रियांशु तिर्की गस्ती पर निकले थे. इस दौरान कैलाखंडहर के समीप गस्ती के दौरान अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस टीम ने जब्त किया है. इस सबंध में थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि सुबह गस्ती पर निकले थे. इस दौरान अवैध तरीके से बालू लदे दो ट्रैक्टर बच्छेडीह गांव की ओर से आ रहा था. पुलिस की गाड़ी देख ड्राइवर ट्रैक्टर को कैलाखंडहर के समीप छोड़कर फरार हो गए. इसके बाद उक्त दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना भवन ले आया गया. इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचना दे दी गयी. इस संबध में थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध बालू के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा.

### मरकच्चो में भगवान भरोसे पशुपालक

**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय में स्थित पशु चिकित्सा केंद्र भगवान भरोसे चल रहा है. उक्त केंद्र कब खुलता है और कब बंद होता है, इसका पता किसी को नहीं चलता. जब पशुपालक अपने बीमार पशुओं को लेकर पशु चिकित्सालय पहुंचते हैं तो केंद्र अक्सर बंद पाया जाता है. कभी कभार खुला भी रहता है तो यहां डॉक्टर नहीं रहते हैं. पशुपालकों द्वारा जब डॉक्टर के बारे में पूछा जाता है तो उन्हें यह बताया जाता है कि डॉक्टर अभी फिल्ड में गए हुए हैं. पशुपालकों का कहना है कि यह पशु चिकित्सालय अक्सर बंद ही रहता है. मजबूरी में निजी डॉक्टर से पशुओं का इलाज कराना पड़ता है. सरकारी पशु चिकित्सालय हाथी का दांत साबित हो रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि सरकार पशुओं के लिए जो दवा उपलब्ध कराती है, वह भी नहीं किसी पशुपालक को नहीं मिल पाता है. इतना ही नहीं, विभिन्न मौसमों में पशुओं में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए कभी भी टीकाकरण शिविर का आयोजन नहीं किया जाता है. मुरकमनाई पंचायत के पंसस सहदेव यादव ने बताया कि वह जब पंचायत के पशुपालक अरुण यादव, मदन यादव, कैलाश यादव, सुरेंद्र यादव, पोही यादव आदि के साथ पशुओं की समस्या को लेकर पशु चिकित्सालय पंहुचे तो केंद्र बंद मिला.

### एसटीआरवाई प्रशिक्षण में सब्जी को रोगों से बचाने की दी गई जानकारी



**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत डगरनवा के स्वावलंबन गांव बंदरचौकवा में छह दिवसीय एसटीआरवाई प्रशिक्षण का समापन सोमवार को हो गया. इस दौरान 28 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया. उक्त प्रशिक्षण सब्जियों के एकीकृत कीट प्रबंधन विषय पर दिया गया था. जिसमें सब्जियों पर लगने वाले रोगों की रोकथाम एवं प्रबंधन के बारे में बताया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीप एरिगेशन, केसीसी, पीएम किसान, किसानों को मिट्टी जांच कराने के फायदे समेत अन्य विषयों की जानकारी दी गयी. प्रशिक्षण के दौरान किसानों को क्षेत्र परिभ्रमण भी कराया गया. इस दौरान किसानों को जैविक खेती करने की सलाह देते हुए तकनीकी खेती से किसानों को आय बढ़ाने की जानकरी दी गयी. मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव शाह, उप परियोजना निदेशक प्रमोद कुमार, ब्यूटी कुमारी, कृषक प्रदीप कुमार, सुरेंद्र मेहता, सुकर राय, रोशन कुमार, तालो हेम्ब्रम, देवंती देवी, रीना देवी आदि मौजूद थीं.

### कोडरमा : 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**कोडरमा।** कोडरमा में 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में साइंस फॉर सोसायटी कोडरमा द्वारा शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. राजेंद्र कुमार (राज्य शैक्षणिक समन्वयक झारखंड), विशेषज्ञ-रिसोर्स पर्सन के रूप में एस के राय, चंद्रशेखर कुमार, शशांक शेखर उपस्थित रहे. इस मौके पर राजेंद्र कुमार ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय है- ह्यस्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना. इस कार्यक्रम में 10 से 17 वर्ष के बाल वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया.

# बांसजोर पहुंचे डीसी, 'संकल्प सप्ताह' मेला शुरू







**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने नीति आयोग के द्वारा चयनित आकांक्षी प्रखंड बांसजोर पहुंचे। उपायुक्त ने आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में संकल्प सप्ताह, सबकी आकांक्षाएं, सबका विकास के तहत समावेश समारोह कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित मेला दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में 'संकल्प सप्ताह' के तहत विभिन्न विभागों के द्वारा मेला का आयोजन किया गया जिसके तहत किस-किस इंडिकेटर पर विकास का कार्य करने की आवश्यकता है इस पर आवश्यक विचार-विमर्श करते हुए आकांक्षी प्रखंड से बाहर निकले इस संबंध में सभी विभाग के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड के ग्रामीणों चर्चा की।उपायुक्त ने अपने संबोधन कहा कि नीति आयोग ने पूरे देश में 500 प्रखंडों का चयन किया है जो मानक है विकास के उनसे काफी पीछे हैं। ऐसे में जो पिछड़े 500 प्रखंड हैं जिसमें सिमडेगा जिला का बांसजोर प्रखंड भी शामिल है। बांसजोर प्रखंड मूल प्रखंड से काटकर बना है इसकी भौगोलिक स्थिति यहां का जो जनसंख्या है उसमें जो कम बहुमूल्य है लोगों का शायद यहीं कारण से नीति आयोग के इंडिकेटर्स के जो मानक है उसमें पिछड़ा हुआ पाया गया। आकांक्षी जिला तो सिमडेगा भी रहा है उसमें दो वर्षों के बाद आकांक्षी जिला से बाहर निकल गया। जो मानक था उसमें कार्य करने हेतु नीति आयोग के द्वारा फंड उपलब्ध कराया गया और विकास कार्य करते हुए आकांक्षी जिला से बाहर निकल गया। वैसे ही चयन हुआ आकांक्षी जिला में आकांक्षी प्रखंड का 30 सितंबर को माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा संकल्प सप्ताह की शुरूआत की गई। जिसका 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक हम लोग लगातार अपने यहां आकांक्षी प्रखंड में विभिन्न हमारे जो मानक है स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पोषण, पेयजल एवं अन्य का इस पर हम लोगों ने मेला का आयोजन किया। इस मेल के आयोजन मुख्य उद्देश्य रहा है कि हम ज्यादा से ज्यादा जो यहां के निवासी हैं उनके पास तक पहुंच कर बता सके की सरकार की कितनी योजनाएं संचालित हैं जिसका लाभ देते हुए राज्य स्तर के औसत दर आगे बढ़ सके। उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता, शिक्षा, जेएसएलपीएस, पिरामल फाऊंडेशन, राजस्व, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सहित आंगनबाड़ी पोषण से संबंधित स्टॉल लगाए गए जिसका निरीक्षण कर जायजा लिया गया।उपायुक्त ने नन्हे बच्चें का मुंह जुटी किया गया तथा गर्भवती महिला का गोदभराई रस्म किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की ओर से के.सी.सी. ऋण लाभ एवं निःशुल्क बीज का वितरण किया गया।₹संकल्प सप्ताह₹ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बांसजोर नुतन मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा विजय राजेश बरला, अंचलाधिकारी समीर कच्छप, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, मुखिया एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

### बच्चों के बीच चला जागरुकता अभियान

**बानो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त प्रयास से बानो प्रखंड के एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर एक जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बाल संरक्षण इकाई, सिमडेगा से अमित मिंज, संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देखरेख, अंकित कुमार ,सामाजिक कार्यकर्ता, अशोक कुमार तिवारी एवं मोहम्मद मुस्तकिल, पारा लीगल वॉलेंटियर्स, रंजन कुमार रवि अनुसूचित जाति एवं जनजाति थाना प्रभारी, सत्यनारायण कुमार, सहायक थाना प्रभारी बानो एवं आनंद कुमार प्रधानाध्यापक एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय बानो उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम अगुस्टिना सोरेंग थी। सर्वप्रथम पीएलबी अशोक कुमार तिवारी ने बच्चों को कार्यक्रम से संबंधित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का परिचय कराया। सत्यनारायण कुमार, सहायक थाना प्रभारी बानो ने कहा कि सभी बच्चे व्यर्थ के बाहरी आकर्षणों का त्याग करें।

## कस्तूरबा विद्यालय में 2 छात्राओं की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती





**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के दो छात्राओं की सोमवार शाम तबियत बिगड़ने के कारण अचेतावस्था में आनन फानन में जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जिसमें नीमा नायक सातवीं कक्षा एवं चांदनी कुमारी नवीं कक्षा की छात्रा है, नीमा नायक अचेतावस्था में थी और उसका दांत लगा हुआ था। वहीं चांदनी कुमारी पेट दर्द से पीड़ित थी। दोनों को स्कूली छात्रा एवं नाईट गार्ड के माध्यम एक ऑटो से अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में मौजूद छात्राओं ने बताया कि चांदनी कुमारी नामक छात्रा को अचानक पेट दर्द शुरू हुआ वहीं नीमा नायक नामक छात्रा का दांत लगने से अचेत हो गई थी, जिसे बेहोशी की हालत में ऑटो से अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में कार्यरत नर्स प्रिया ने बताया कि दोनों का इलाज चल रहा है। दोनों की स्थिति में सुधार हुई है। वहां मामले की विस्तृत जानकारी के लिए वार्डन सीमा लकड़ा को फोन किया गया परंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### कुरडेग थाना मे हुई शांति समिति की बैठक, बोले सीओ

## अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पैनी नजर



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** कुरडेग थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी किरण डांग एवं थाना प्रभारी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि सह समाज सेवी सुशील श्रीवास्तव ने कहा की यहाँ की परंपरा रही है सभी जाति धर्म के लोग हर धर्म के त्योहार को आपस में मिल जुल कर मानते आ रहे हैं। यहां के लोग शांति प्रिय है किसी भी समस्या का निदान आपस में मिल बैठ कर करते हैं। अबैध शराब की बिक्री हो रही है जिस पर रोक लगाए जिस पर पुलिस द्वाराकार्यवाई करने की बात कहीं ।अंचल अधिकारी किरण डांग ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा विधि व्यवस्था के लिए प्रशासन को जनता का सहयोग आवश्यक है। कुरडेग थाना क्षेत्र के लोग इसमें पूरा सहयोग करते आए हैं। दुर्गा पूजा के अवसर पर भी सहयोग करें कोई समस्या होती है तो आप लोग प्रशासन को तत्काल सुचित करें, अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी ।थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया मे किसी तरह के गलत संदेश पोस्ट करने वालों पर आईटी एक्ट के तहत करवाई की जाएगी ।वहीं उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस मुशतैद रहेगी,असमाजिक तत्व एवं हुड़दंग करने वाले , अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाई की जाएगी पर्व के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर थाना को सुचना दें । जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा ने हर्ष उल्लास के साथ त्योहार मनाने की बात कही।बैठक में पुर्व पंचायत समिति हुसैन शाहीद, उमेश जयसवाल, ग्राम प्रधान मो हयुम ,एस आइ नरेश मरांडी, शांति समिति के सदस्य , कुरडेग थाना परिवार उपस्थित रहे ।

### सिमडेगा नगर परिषद के समीप संविधान बचाओ के तहत दिया धरना

**सिमडेगा।** संविधान बचाओ अभियान-सिमडेगा के तहत विभिन्न संगठनों द्वारा सोमवार को नगर परिषद के सामने में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया।मौके पर झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के संस्थापक प्रो० संजय बसु मल्लिक ने कहा कि अभी वर्तमान में लगातार आदिवासियों की हक अधिकार को करने का प्रयास किया जा रहा है ।संविधान के अनुच्छेदों को छेड़छाड़ कर कई चीजों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अनुच्छेदों को छेड़छाड़ कर कई चीजों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है ।इसके साथ जो अधिकार ग्राम सभा के हैं खत्म करने में लगा हुआ है। लेकिन ग्राम सभा के लोग एकजुट हो रहे हैं ,और गांव स्तर पर जितने भी जन संगठन है। सब सजग हो रहे हैं और उसके खिलाफ आवाज उठाने का प्रयास किया जा रहा है।

### कुएं में डूबने से व्यक्ति की हुई मौत

**पाकरटांड।** थाना क्षेत्र के चमरू टोली गांव में कुएं में डूबने से 55 वर्षीय धर्म मांझी नामक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई ।जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि वह रविवार को अपने खेत में काम करने गया था और वापस नहीं लौटा ।परिवार वाले काफी खोजबीन किया ।लेकिन पता नहीं चला। इधर सोमवार की सुबह उसके खेत के पास बने कुआं में उसका तैरता हुआ शव दिखाई दिया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

### कालीचरण मुंडा का केरसई दौरा

**केरसई।** सोमवार को लोकसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान कांग्रेस के खूँटी लोकसभा क्षेत्र कॉर्डिनेटर कालीचरण मुंडा का सोमवार को सिमडेगा जिलान्तर्गत केरसई प्रखण्ड आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती एवं सशक्तिकरण की विस्तृत चर्चा प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से की तथा आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के साथ साथ सत्ता में बैठाने की बात कार्यकताओं संग की ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता आगामी चुनाव की तैयारी में जुट जाएं व कांग्रेस पार्टी की सर्वांगीण विकास की विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने का काम करें।

### सशिविमं सलडेगा में निधन पर शोक

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में जमीन भूदाता की पत्नी की निधन पर शोक कार्यक्रम आयोजित कर मौन रखा गया। ?ज्ञात हो की विद्यालय के प्रधान संरक्षक ओमप्रकाश साहू जी के माता जी का निधन रविवार प्रातः 9:15 बजे हो गया । विद्यालय के भूदाता की धर्मपत्नी के निधन पर विद्यालय में मौन रखकर उनके मृत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किया गया। प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने कहा के विद्यालय के विकास में पूरे परिवार का ही भरपूर सहयोग रहा है ।तथा भूदाता के रूप में वह परिवार विद्यालय के शुरूआत करने का पहला बीज उन्हीं के द्वारा बोया गया था। इस अवसर पर आचार्य मनोज प्रसाद आशीष बडाईक , जितेंद्र पाठक, मनोज कुमार, ओम प्रकाश आलोक नाथ साहू आदि उपस्थित थे.

### डीसी ने जनता दरबार में सुनी जन समस्याएं

**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह कुमार के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त महोदय द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, पंजी -क्क्र में ऑनलाइन करने, आपूर्ति विभाग से संबंधित, खेतिहर किसान प्रोड्यूस कंपनी लिमिटेड से संबंधित, सड़क निर्माण कराने, सरना घेराबंदी, बरसात के कारण मकान गिर जाने से संबंधित एवं अन्य मामले से संबंधित आवेदन आये।

### अमृत कलश एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित

**बानो।** भाजपा बानो प्रखंड के नगर भवन में मंडल अध्यक्ष कामेश्वर साहू की अध्यक्षता में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त अमृत कलश एकत्रीकरण का कार्यक्रम हुआ। साथ बूथ सशक्ती करण सत्यापन हेतु मंडल पदाधिकारी,बूथ अध्यक्ष एवं पंचायत सयोंजक की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई ।बैठक में मुख्य रूप से तोरपा विधायक कोचे मुंडा उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए कहा की मंडल स्तर के पदाधिकारी संगठन को बूथस्तर तक मजबूत करें कार्यकर्ता अभी से ही मिशन 2024 की तैयारी में लग जाएं ।आने वाला समय निश्चत रूप से भारतीय जनता पार्टी का होगा केंद्र के साथ राज्य में भी भाजपा की सरकार होगी। मेरा माटी मेरा देश के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी और कहा कि पूरे देश मे एक मात्र भाजपा ही माटी की पार्टी है।

**जागरूक** | मरकच्चो में संकल्प शपथ सप्ताह के समापन कार्यक्रम आयोजित

# बेहतर कार्य पर मुखिया-कर्मी सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत सोमवार को मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय के सभागार में संकल्प शपथ सप्ताह के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख विजय कुमार सिंह, बीडीओ पप्पू रजक, डीपीओ अनूप कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे. आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित मरकच्चो प्रखंड में संकल्प शपथ सप्ताह के तहत विभिन्न विभागों द्वारा तिथिवार कई कार्यक्रम चलाये जा रहे थे. कार्यक्रम के समापन के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया व कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. सम्मानित किये जाने वाले मुखिया में जामू पंचायत की मुखिया नीता कुमारी, मरकच्चो मध्य पंचायत की मुखिया रानी सिंह तथा नावाडीह पंचायत की मुखिया बैजंती देवी शामिल है. इनके अलावे जेएसएलपीएस के बीपीएम नंदकिशोर प्रसाद, बीएलडब्ल्यू रवि रंजन, किसान मित्र उमाशंकर यादव, राजेंद्र प्रसाद, चंदन पांडेय, महिला समूह संगठन की बसुधा देवी, फुला देवी तथा आंगनबाड़ी सेविका पंकज देवी, अंजू देवी व ममता वर्मा को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, प्रखंडकर्मी, आंगनबाड़ी सेविका के अलावे प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद थे.

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में शिशु वाटिका से लेकर द्वादश तक के भैया वाहनों का अर्धवार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित किया गया. परीक्षाफल प्रकाशन कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू थे. कक्षा अरुण में आराध्या सिंह ने 98% अंक लाकर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. वहीं दूसरा स्थान जेसिका सिंह और तीसरा स्थान वीर सिंह को मिला है. कक्षा प्रभात की बहन अन्वी राज गोयल ने परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है. सभी कक्षाओं के भैया-बहनों का परीक्षाफल संतोषप्रद था. कक्षा एकादश विज्ञान में कृष्ण शंकर मिश्रा 94% अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहे. भैया दीपक कुमार को दूसरा स्थान मिला. तीसरे स्थान पर भैया सुमित कुमार रहे. कक्षा द्वादश में बहन अनुष्का पांडे प्रथम, बहन अन्य राज द्वितीय और रिया कुमारी तीसरे स्थान पर रही. परीक्षा प्रमुख प्रदीप कुमार ने भैया बहनों से कहा कि यह तो अर्धवार्षिक परीक्षा है. और आप सबों को अब वार्षिक परीक्षा की तैयारी में अभी से जुट जाना है. 90% से अधिक अंक पाने वाले भैया बहनों को संबोधित करते हुए प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि थक कर बैठना मना है. मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपकी मंजिल दूर नहीं है. उद्देश्य और रास्ता सही है तो मंजिल अवश्य मिलेगी. भैया-बहनों ने भी और अधिक परिश्रम करने की बात कही. इस मौके पर विद्यालय के आचार्य मनोज कुमार सिंह, रामानुज पांडेय, धीरेंद्र कुमार सिंह, नीरज कुमार, विजय कुमार मिश्रा, वीरेंद्र प्रसाद, चंद्रशेखर कुमार, दीपक कुमार विश्वकर्मा, संजय महतो आदि उपस्थित थे.

## गागर में सागर

### केतार के कोल मोड़ पर टेंपो चालकों में जमकर हुई मारपीट, नहीं पहुंची पुलिस



**केतार।** थाना से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित कोल्ह मोड़ पर सोमवार की शाम दो टेंपो चालकों में करीब आधा घंटा तक जमकर मारपीट हुई। जानकारी के अनुसार रपुरा गांव निवासी टेपों चालक रंजन कुमार को बांसडीह गांव के बीगहा टोला निवासी टेंपो चालक बसंत पासवान और उसके चार -पांच साथियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना जब फोन से थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो को दी गई तो उन्होंने बताया कि वो छुट्टी पर हैं। वहीं प्रभारी थाना प्रभारी संजय हेंब्रम ने कहा कि वे बंशीधर नगर में बैठक में है। थाना में और दूसरी गाड़ी नहीं है। खबर लिखे जाने तक घटना के एक घंटे बाद तक घटनास्थल पर पुलिस नहीं पहुंची सकी थी। घटनास्थल पर सैकड़ो लोग मौजूद होकर पुलिस के आने का इंतजार करते रहे।

### सब जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम का गठन करने का निर्णय

**गढ़वा।** गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक की उपस्थिति में संघ कार्यालय में जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में रविवार को संघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लातेहार में आगामी माह में होने वाली सब जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला वॉलीबॉल टीम के गठन का निर्णय लिया गया। इसके लिए 29 अक्टूबर को ट्रायल कराने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही साथ गढ़वा जिला को राज्य संघ के द्वारा अंतर जिला यूथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराने की मिली जिम्मेवारी पर हर्ष व्यक्त किया गया। अंतर जिला यूथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 नवंबर से 27 नवंबर के बीच करने के लिए सहमति बनी। मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक, सचिव ओमप्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय, श्याम बाबा, विवेक तिवारी, सह सचिव पंकज मिश्रा, अरविंद दुबे, शैलेश नंदन सिन्हा, संजीव पांडेय, ओम प्रकाश चौबे, संजय कुमार, अवधेश कुमार, अखिलेश प्रसाद, वॉलीबॉल कोच प्रभात रंजन तिवारी, साइक्लिंग संघ के सचिव अरविंद दुबे, अंशु दुबे, विकास तिवारी, विशाल पांडे, समर रजा, अरुण तिवारी, शुभम कुमार मौजूद थे।

### अधूरे आवास को पूर्ण कराने का निर्देश

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिला कोऑर्डिनेटर संजीव कुमार ने प्रखंड कर्मियों के साथ पंचायतवार समीक्षा बैठक की। उन्होंने 10 अक्टूबर तक अधूरे आवास को हर हाल में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो लाभुक पहली और दूसरी किश्त की राशि लेने के बाद भी आवास पूर्ण नहीं कर रहे हैं, उनके घर जाकर उन्हें आवास पूर्ण कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आवास योजना को पूर्ण कराने के लिए कर्मियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा की प्रखंड में 255 आवास अभी भी अधूरे हैं। अधूरे आवास को पूर्ण कराएं अन्यथा राशि रिकवरी कर उन पर कार्रवाई होगी। उन्होंने संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को आवास पूर्ण कराने को कहा। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ मुकेश मछुआ, मुखिया मुंगा साह, प्रमोद कुमार, बसंती देवी, ललिता देवी, नीलम देवी, पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, कनीय अभियंता अमर भारती, आनंद कुमार, बीपीओ मनोज कुमार, रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, दीपक जयसवाल, राजकुमार प्रजापति, समन्वयक राकेश कुमार, अनुप कुमार आदि उपस्थित थे।

### बागवानी का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने सोमवार को परती कूशवानी पंचायत में मनरेगा से संचालित आधा दर्जन योजनाओं का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बत्तों कला गांव में गोल्डी प्रताप शाही, रंजीत प्रताप शाही,परती कुशवानी में चंद्रावती देवी और जयमुर्ती देवी आदि के खेत में योजना का निरीक्षण कर लाभुकों को देखरेख करने के लिए मार्गदर्शन दिया। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी, बीपीओ मनोज कुमार, रोजगार सेवक दीपक जयसवाल मौजूद थे।

### जल जीवन के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के तत्वावधान में एक्शन फॉर कम्युनिटी एम्पावरमेंट रांची द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत चार पंचायतों के प्रत्येक ग्राम से जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया,सेविका तथा महिला समिति के दो एक्टिव महिलाओं सहित कुल पांच महिलाओं को जल गुणवत्ता जांच के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण एनजीओ के जिला कोर्डिनेटर आनंद मोहन चौबे ने दिया। जल जांच का किट भी उपलब्ध कराया गया। एनजीओ के प्रखंड कोर्डिनेटर रामकिशुन राम, मीरा देवी, करुणा देवी, रीना देवी, प्रभा देवी, संगीता देवी, फूलकुमारी देवी, प्रभावती देवी आदि उपस्थित थी।

### झामुमो युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले मंत्री मिथिलेश ठाकुर

# सोरेन के नेतृत्व में विकास का नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा राज्य

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



रंका के विश्रामपुर स्थित संत जोसेफ मिशन उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को झामुमो युवा मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यकर्ताओं एवं विद्यालय प्रबंधन ने मंत्री का स्वागत किया। सम्मेलन में रंका, रमकंडा एवं चिनियां प्रखंड के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

मौके पर ठाकुर ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार आदिवासी, दलित, वंचित, शोषित व पिछड़ों के हक-अधिकार की रक्षा एवं उन्हें सामाजिक न्याय देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सोरेन के नेतृत्व में राज्य विकास का नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। झारखंड राज्य लगातार विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। यह बात विपक्षियों को पच नहीं रही है। इसलिए विपक्षी ताकतें सरकार को अस्थिर कर राज्य के विकास में बाधा डालना चाहती हैं। लेकिन हम सब लोगों को एकजुट होकर ऐसी ताकतों को करारा जवाब देना होगा। मंत्री ने कार्यकर्ताओं को कहा कि हम सबको जनता के बीच जाकर विपक्षी खेमे की सच्चाई को उजागर करना है ताकि जनता विपक्ष की असलियत जान सके। उन्होंने कहा कि युवाओं में बहुत बड़ी ताकत होती है। युवा यदि ठान लें तो कोई भी काम असंभव नहीं है। आज हमारे सभी युवा कार्यकर्ता अपनी सरकार एवं अपने जनप्रतिनिधि के बेहतर कार्यों के उत्साह से लबरेज हैं। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र की जनता के बीच जायें एवं सरकार द्वारा उनके हित के लिए किये जा रहे कार्यों को बतायें एवं सरकारी योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करने का भी कार्य करें। साथ ही सभी कार्यकर्ता विपक्ष के काले कारनामों को भी जनता को बतायें कि उनकी चुनी हुई झारखंडी जनमानस की जनप्रिय सरकार को विपक्ष कैसे परेशान कर रही है। राज्य की जनता का हक एवं अधिकार कैसे लूट रही है। मंत्री ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हेमंत सरकार ने राज्य का जितनी तेजी से विकास किया है वह विपक्ष को पच नहीं रहा है। झारखंड में भाजपा को अपनी जमीन खिसकती नजर आ रही है। इसीलिए केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई को मोहरा बनाकर बेवजह राज्य के विकास को बाधित करने, गरीबों की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने पर तुली हुई है। मंत्री ने कहा कि जनता भाजपा के चाल एवं चरित्र को अच्छी तरह से समझ चुकी है। समय आने पर जनता इसका करारा जवाब देगी। मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, अतहर अली, दिलीप गुप्ता, आशीष गुप्ता, अरविंद यादव, कार्तिक पांडेय, रतन सिंह, राजकिशोर यादव, हेमंत लकड़ा, देवेंद्र तिवारी, ज्योति लकड़ा, लीलावती देवी, दीपक सोनी, पप्पु यादव सहित रंका, रमकंडा, चिनिया के सभी पंचायतों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिना प्राण प्रतिष्ठा प्रतिष्ठित मूर्ति की पूजा करने से होता है शोक : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि शास्त्र में बताया गया है कि दुनिया में एक ही भगवान हैं शालीग्राम। ये भगवान का कभी प्राण, प्रतिष्ठा नहीं किया जाता है। बाकी जितने भी मनुष्य द्वारा मुर्ति की स्थापना की जाती है। प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। यदि दो चार दिन भोग न लगे तो फिर से प्राण प्रतिष्ठा करीए। नहीं तो ऐसे बिना प्राण प्रतिष्ठा, बिना प्रतिष्ठित मुर्ति की पूजा करने से शोक होता है। भय होता है। अनेक प्रकार के यश कृति का समापन होता है, अपयश होता है। अतः नही करना चाहिए। जो खंडित मुर्ति हो उसका भी पूजा नहीं करना चाहिए। अन्यथा भय, शोक, उपद्रव, अशांति होता है। अलग अलग व्यक्ति की अलग अलग मर्यादा है। शास्त्र कहता है सभी व्यक्ति एक ही मर्यादा में रहेगा। यह ठीक नहीं है। गृहस्थ आश्रम में रहकर विवाह करके कोई संकल्प ले लिया कि हमें पत्नी से मतलब ही नहीं है उनको पाप लगेगा। महा नर्क हो जाएगा। ऐसा नहीं कि विवाह कर लिया फिर दाढ़ी बढ़ा करके, दंड कमंडल ले करके घूमने लगे। यह कौन तरीका है। काहे को विवाह किया। घर परिवार को सजाओ। शिक्षित करो। बच्चों को संस्कार दो। बेटा बेटी को विवाह करो। सारे परिवार के लोगों को संवर्धन कर दो। तब वैराग्य धारण करो ऐसा बताया गया है। तब भगवान प्रसन्न होंगे। तब आत्म कल्याण होगा। बड़े लोगों द्वारा थोड़ी सी ही चूक होती है उसका बहुत बड़ा परिणाम भोगना पड़ेगा। जो जितना पात्र का अधिकारी होगा उसी के अनुसार दंड का अधिकारी होगा। जो जितना बड़ा होता है उसके अनुसार वैसा ही दंड की प्रक्रिया होती है। यदि किसी के घर पर कौवा तथा गिद्ध बैठ जाए तो यदि उस घर वाले का कोई सामर्थ्य नहीं हो तो सुंदरकांड का पाठ कर लें। हनुमान चालीसा का पाठ कर लें उसी से मार्जन हो जाएगा। कोई धनी व्यक्ति हो तो उसको पूजन पाठ, भोग भंडारा इत्यादि करना पड़ेगा। ऐसा बताया गया है। इसीलिए सबके लिए अलग अलग व्यवस्था बनाई गई है। सबके लिए एक ही नियम लागू नहीं हो सकता है। जैसे कि गलती एक पागल व्यक्ति करता है तो उसे थोड़ा सा डांट करके छोड़ा जा सकता है, परंतु वहीं गलती यदि बड़े अधिकारी या पढ़े लिखे लोग करते हैं तो उन्हे कठोर दंड भोगना पड़ता है।

## डंडई प्रखंड के नए बीडीओ ने किया पदभार ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**



राहुल कुमार सानू ने प्रखंड के 29 वें बीडीओ के रूप में सोमवार को पदभार ग्रहण किया। वर्तमान बीडीओ सोमा उरांव से प्रखंड कार्यालय के कार्यालय कक्ष में उन्होंने पदभार ग्रहण करने का काम किया। उसके बाद विदाई सह स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित उक्त कार्यक्रम में सबसे पहले विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद स्वागत समारोह हुआ। विदाई समारोह के दौरान प्रखंड के कई जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम अवाम ने सोमा उरांव को गुलदस्ता और शॉल ओढा कर विदाई दी। इस दौरान अंचल अधिकारी चुनाराम हेंब्रम पूरी तरह भावुक हो गए। लोगों ने प्रखंड के नए बीडीओ से भी प्रखंड के विकास की अपेक्षा करते हुए कहा कि जिले के अन्य प्रखंडों में डंडई प्रखंड सबसे पिछड़ा ब्लॉक है। वहीं सोमा उरांव ने कहा कि प्रखंड के लोग काफी भोला भला और मिलनसार प्रवृत्ति के हैं। मेरे कार्यकाल में प्रखंड का जो भी विकास हुआ है वह सभी के सहयोग का प्रतिफल है। हम चाहे जहां भी रहेंगे डंडई के लोग हमारे दिल में बसे रहेंगे। राहुल कुमार सानू ने कहा कि प्रखंड का अग्रेतर विकास हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर प्रखंड कर्मी अंचल के कर्मी के साथ प्रमुख कांति देवी 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी के अलावा सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के योगदान का इंतजार

**केतार।** उदय कमल प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में कार्यरत है, लेकिन आज तक उन्होंने योगदान नहीं दिया है। जानकारी के अनुसार उदय कमल, फिलहाल चार प्रखंडों के प्रभार में हैं। इनके जिम्मे केतार के अलावा कांडी, बरडीहा एवं मझिआंव प्रखंड है। वे कब कार्यालय आते और कब जाते हैं, इसकी जानकारी प्रखंड कार्यालय को भी नहीं है। इनके प्रखंड में नहीं आने के कारण केतार प्रखंड के किसानों को आये दिन अपनी समस्याओं को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ता है। केतार प्रखंड में कुल सात पंचायत हैं और सभी पंचायतों में पैक्स का गठन किया गया है। पैक्स के माध्यम से किसानों को विभाग द्वारा समय-समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराई जाती है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के उपस्थिति में वितरण कराना है। किसानों को फसल बीमा भी करवाना है। रबी एवं खरीफ फसल के क्रॉप कटिंग भी करना है। लेकिन उन्हें प्रखंड के किसानों से कुछ लेना देना नहीं है।

## सिविल सर्जन ने नर्सिंग होम को किया सील

**बालूमाथ।** सिविल सर्जन अशोक कुमार ने पांकी रोड हाई स्कूल के समीप स्थित एमएस नर्सिंग होम को सील कर दिया। वहीं मां उग्रतारा व शिवम हॉस्पिटल पर भी अनियमितता पाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सिविल सर्जन ने बताया कि काफी दिनों से अवैध नर्सिंग होम संचालक होने की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। निजी नर्सिंग होम की भी जांच की गई। जांच में नर्सिंग होम का लाइसेंस सहित टेक्निकल हैंड नहीं पाया और मरीज के इलाज, ऑपरेशन के लिए वैसी कोई व्यवस्था नहीं थी। इस मामले में शिवम अस्पताल संचालक आशीष कुमार ने बताया कि मैंने लंबे समय से अस्पताल को बंद रखा है और मैं उस समय से ही सिर्फ रहने के लिए भवन को उपयोग कर रहा हूं। इस दौरान सिविल सर्जन के अलावे बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश बड़ाईक, सिविल सर्जन ऑफिस से वेद प्रकाश संजय सिन्हा एवं एमपीडब्ल्यू अनिल मौजूद रहे।

## प्रखंड के विकास के लिए सबको लेना होगा संकल्प : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



आकांक्षी प्रखंड महुआडांड़ के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में संकल्प सप्ताह के पांचवें दिन शिक्षा एक संकल्प थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी नीत नितिन सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी आमरेन डांग, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम चौबे और पीरामल फाउंडेशन से तनिमा घोष व अजय निषाद उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ नीत नितिन सुरीन ने कहा कि प्रखंड के विकास के लिए हम सभी को संकल्प लेने की आवश्यकता है। हमें साथ मिल कर विकास की राह तय करनी है। बीडीओ ने नारी शिक्षा व डिजिटल साक्षरता पर जोर दिया। शिक्षा मेला का आयोजन भी किया गया। मेला में छात्रों ने स्वयं के बनाये कला और शिल्प को प्रस्तुत किया।

### संकल्प सप्ताह के तहत हुआ समावेशन सामारोह

**महुआडांड़।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह के तहत सोमवार को समावेशन सामारोह का आयोजन प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन उपस्थित हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचलाधिकारी संतोष बैठा, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, पीरामल फोनडेसन के प्रोग्रामर शमीम अख्तर शिक्षा विभाग के बीपीओ कामेश्वर सिंह, सीआई गौतम कुमार लकड़ा,समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचलाधिकारी संतोष बैठा, प्रखण्ड प्रमुख कंचन कुजूर,पीरामल फोनडेसन के प्रोग्रामर शमीम अख्तर शिक्षा विभाग के बीपीओ कामेश्वर सिंह आदि ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी गई।

## नदी में खड़े होकर विधायक से पुल निर्माण की मांग, होती है परेशानी

### ढाढ़रा नदी को पार कर जाना पड़ता है कालेज

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय बलिगढ़. के प्राचार्या,अभिभावक और छात्रों ने क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही को आवेदन सौंपकर बलिगढ़ गांव स्थित ढाढ़रा नदी पर पुल निर्माण कराने का आग्रह किया है।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होने के पश्चात महाविद्यालय में 2022-24 एवं 2023-25 के लिए नामांकन लिया गया है। हम सभी शिक्षक और छात्र - छात्राओं को ढाढ़रा नदी को पार कर क्लास करने कालेज जाना पड़ता है। वर्षा के दिनों में हमलोगों को नदी पार होने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है जिस कारण हम लोग नियमित कालेज नहीं जा पाते हैं। इससे पढ़ाई भी बाधित हो रही है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा सिंह और विद्यार्थियों ने विधायक भानु प्रताप शाही से ढाढ़रा नदी पर जल्द पुल निर्माण कराने की मांग की है। उल्लेखनीय है की उक्त पुल का निर्माण होने से महाविद्यालय के छात्रों सहित गांव के ग्रामीणों को भी काफी सहुलियत होगी। मौके पर भूमि दाता योगेंद्र सिंह, प्राचार्या प्रतिमा सिंह, सदस्य प्रमोद सिंह, गणेश सिंह, रामाश्रय सिंह, नवनीत कुमार सिंह, विजय कुमार गुप्ता, चाहत सिंह, प्रमोद कुमार प्रजापति, अजय गुप्ता, विरेंद्र बैठा, धर्मेंद्र बैठा, रमेश जयसवाल, छात्रा पूजा कुमारी, सोनी कुमारी, प्रिया कुमारी, निर्मला कुमारी, खुशबू कुमारी, रूपा कुमारी, चांदनी कुमारी, तारा कुमारी, सुषमा कुमारी, पुनीता कुमारी, कमलेश कुमार, विजय कुमार, रितेश कुमार, समीर अंसारी, मंटू सिंह, मुखलाल गुप्ता मौजूद थे।

## चिनिया में बाइक समेत सखुआ की लकड़ी जब्त

**चिनिया।** वनकर्मियों ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए मौके से एक मोटरसाइकिल पर लदे सखुआ का 4 पिस बना बनाया हुआ 6/4 का चौपहल को जब्त किया है। प्रभारी वनपाल अनिमेष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात करीब 12:00 बजे बाजार रोड स्थित नाहर रोड पर कार्रवाई की गई है। लकड़ी तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। अभियान में प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार, बन कर्मी प्रेमचंद दास, हेमंत तिर्की, विपिन सिंह शामिल थे।

### ऐलान दिसंबर के अंतिम सप्ताह में होगा जिलास्तरीय ब्राह्मण महाधिवेशन : प्रदेश अध्यक्ष

# ‘काफी दयनीय हो गई है ब्राह्मण समाज के लोगों की स्थिति’

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में जिलास्तरीय ब्राह्मण महाधिवेशन का आयोजन करेगी। इसमें गढ़वा जिले के सभी गावों से ब्राह्मण समाज के लोग जुटेंगे और अपने अधिकार व भेदभाव के खिलाफ आवाज उठायेंगे। सोमवार को स्थानीय तिवारी रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाठक ने उक्त बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्रनाथ त्रिपाठी के निर्देश पर पूरे राज्य में इस प्रकार का कार्यक्रम किया जाना है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय संरक्षक मनोज तिवारी सहित सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष व विभिन्न पदों पर विराजमान ब्राह्मण समाज के लोग भी शिरकत करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने का काम किया जायेगा। जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोगों की स्थिति आज काफी दयनीय हो गयी है। समाज के लोगों के पास जीविकोपार्जन के लिये न तो जमीनें हैं और न ही रोजगार। जो जमीनें थी, वे लड़के-लड़कियों को पढ़ाने में चली गईं। रोजगार नहीं मिलने की वजह से समाज के युवक रास्ता भटक रहे हैं। सरकार की एक भी योजना ऐसी नहीं है, जिससे ब्राह्मण समाज के लोगों को कोई उम्मीद रखनी चाहिये। इन सभी मुद्दों को समाज के बीच रखकर इसके लिये रणनीति बनायी जायेगी। जिला प्रभारी ब्रजेंद्र पाठक ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा पूरे समाज के लिये सोचने वाला रहा है, लेकिन इस समाज के बारे में दूसरे समाज के लोग नहीं सोचते हैं। इस सोच को बदलने की जरूरत है। मौके पर आनंद मोहन तिवारी, गोपाल दूबे, संतोष पांडेय, उमाशंकर द्विवेदी, यशवंत मिश्रा, महेंद्रनाथ दूबे, रामाशंकर चौबे, प्रमोद तिवारी, भूपेंद्र तिवारी आदि उपस्थित थे।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को दी जाये फांसी की सजा : कमलेश पाठक

**गढ़वा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाठक ने रांची के धुर्वा निवासी मंदिर के पुजारी की पुत्री का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों के लिये फांसी की सजा की मांग की है। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को चार लोगों ने पुजारी की पुत्री का अपहरण किया और सामूहिक दुष्कर्म कर अगले दिन तीन अक्टूबर को सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। इस घटना के बाद से परिवार के सभी लोग काफी सदमे में हैं। एक आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इससे परिवार को जान से मारने की धमकी मिल रही है। पुलिस पुजारी परिवार को सुरक्षा देने में नाकाम रही है। सरकार से मांग करते हैं कि फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सुनवाई कर सभी चारों आरोपियों को फांसी की सजा दी जाये। अन्यथा ब्राह्मण समाज पूरे राज्य में आंदोलन चलायेगा और सरकार में बैठे नुमाईंदगों का पुतला दहन करेंगे।

## चिनिया थाना क्षेत्र में जारी जंगली हाथियों का उत्पात



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** थाना क्षेत्र में हाथियों का आतंक जारी है। रविवार रात भी हाथियों ने थाना क्षेत्र के राजबांस गांव व चपकली गांव पर हमला बोलकर कई किसानों के खेतों में लगी फसलों को रौंद दिया। चपकली गांव निवासी रघुनाथ भूइयां की गाय को हाथियों ने पटक कर मार डाला। गांव निवासी रीना देवी व कुंती कुंवर का खपरैल घर भी हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ितों ने वन विभाग से अविलंब मुआवजा की मांग की है। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि पीड़ितों को सरकारी प्रावधान के हिसाब से मुआवजा जरूर दिया जाएगा।

रूठे हुए को मनाना भी जिंदगी है, किसी को दिल से हँसाना भी ज़िंदगी है, सब जीतकर खुश होना बड़ी बात नहीं प्रयासों में संतोष ढूंढ लेना भी ज़िंदगी है।

– अज्ञात



## जातीय गणना पर राजनीति

*बिहार* में जातीय गणना की रिपोर्ट के बाद देश में इसकी गूंज सुनाई पड़ने लगी है। झारखंड की सरकार सैद्धांतिक तौर पर कास्ट सर्वे के समर्थन में हैं। मगर इसे कब करायेगी कहना मुश्किल है। हालांकि यह चुनावी मुद्दा जरूर बना रहेगा। जबकि झारखंड बीजेपी के नेता इस मामले पर कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। दूसरी तरफ चुनाव तक जातीय गणना की बात चलती रहेगी। ऐसा इसलिए कि खुद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरन का कहना है कि वो इस बात के हिमायती हैं कि जिस समूह की जितनी आबादी है, उसे उसी के अनुसार अधिकार मिलना चाहिए। झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियां झामुमो, कांग्रेस और राजद इसकी पक्षधर हैं। एनडीए गठबंधन में शामिल आजसू पार्टी भी जातीय जनगणना की मांग उठा रही है। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा फिलहाल इस मुद्दे पर चुप है। सीएम हेमंत सोरेन कहते हैं कि जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर दो साल पहले ही राज्य में सभी दलों की सहमति बनी थी। इसके बाद सर्वदलीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने सितंबर 2021 में दिल्ली जाकर इससे संबंधित मांग पत्र गृह मंत्री को सौंपा था। हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से इस पर पहल हो। पत्र में कहा गया था कि संविधान में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए विशेष सुविधा और आरक्षण की व्यवस्था की गई है। हेमंत सोरेन के मुताबिक आजादी के बाद से आज तक की कराई गई जनगणना में जातिगत आंकड़े नहीं रहने से विशेषकर पिछड़े वर्ग के लोगों को विशेष सुविधाएं पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पिछड़े-अति पिछड़े अपेक्षित प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में यदि अब जातिगत जनगणना नहीं कराई जाएगी तो पिछड़ी-अति पिछड़ी जातियों की शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति का ना तो सही आकलन हो सकेगा, ना ही उनकी बेहतरी। बहरहाल विभिन्न जातियों को उनकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। यह करीब -करीब सभी चाहते हैं। राज्य में सभी नगर निकायों का कार्यकाल सात-आठ पहले ही पूरा हो चुका है, लेकिन सरकार इनका चुनाव कराने को लेकर अब तक अनिर्णय की स्थिति में है। सरकार ने कैबिनेट की बैठक में महीनों पहले निर्णय लिया था कि नगर निकाय के चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण दिया जाएगा। मुश्किल ये है कि इस आरक्षण का प्रतिशत कितना हो, ये तय करने के लिए राज्य सरकार को ट्रिपल टेस्ट सर्वे के जरिये राज्य की पिछड़ी आबादी की संख्या और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का आकलन करना होगा। सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग को अधिकृत भी किया है, लेकिन अभी तक आयोग का गठन ही नहीं हो सका है। अक्टूबर का पहला सप्ताह खत्म होने को है। इस महीने से दशहरा, दीपावली, छठ, भाईदूज जैसे त्योहारों की श्रृंखला शुरू हो रही है, जो दिसंबर में क्रिसमस तक जारी रहेगी। इसके बाद फरवरी 2024 से लोकसभा चुनाव के पूर्व मतदाता सूची पुनरीक्षण, बूथों का निर्धारण, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण आदि की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। लोकसभा चुनाव खत्म होंगे तो विधानसभा के चुनाव की तैयारी शुरू हो जायेगी। जाहिर है इन परिस्थितियों में 2024 के अंत तक राज्य में जातीय जनगणना के आसार नहीं लगते।

**झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियां झामुमो, कांग्रेस और राजद इसकी पक्षधर हैं। एनडीए गठबंधन में शामिल आजसू पार्टी भी जातीय जनगणना की मांग उठा रही है। सीएम हेमंत सोरेन कहते हैं कि जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर दो साल पहले ही राज्य में सभी दलों की सहमति बनी थी।**

## बालिकायें कब तक बेचारगी का जीवन जीयेंगी?





ललित गर्ग

*दुनियां* भर में बालिकाओं की बेचारगी को दूर करने, सुरक्षित एवं सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त करने, उनके सेहतमंद जीवन से लेकर शिक्षा और करियर के लिए मार्ग बनाने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस दिन बालिकाओं को उनके अधिकारों, उनके सुरक्षित जीवन और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जाता है। भारत समेत कई देशों में बालिकाओं को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक बच्ची के जन्म से लेकर परिवार में उसकी स्थिति, शिक्षा के अधिकार और करियर में बालिकाओं के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए जागरूकता फैलाना ही इस दिवस का उद्देश्य है। एक गैर सरकारी संगठन ने प्लान इंटरनेशनल प्रोजेक्ट के रूप में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरूआत की। इस एनजीओ ने एक अभियान चलाया, जिसका नाम 'क्योंकि मैं एक लड़की हूं' रखा गया। इस अभियान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैलाने के लिए कनाडा सरकार से संपर्क किया गया। कनाडा सरकार ने एक आम सभा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। 19 दिसंबर 2011 के दिन संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित किया और 11 अक्तूबर 2012 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया और उस समय इसकी थीम 'बाल विवाह को समाप्त करना' था। 2023 की थीम है 'उसके साथः एक कुशल लड़की का बल'। आज दुनिया में कन्याओं एवं बालिकाओं के समग्र विकास के साथ उनके जीवन को सुरक्षित करना ज्यादा जरूरी है, क्योंकि छोटी बालिकाओं पर हो रहे अन्याय, अत्याचारों की एक लंबी सूची रोज बन सकती है। न मालूम कितनी अबोध बालिकाएं, कब तक ऐसे जुल्मों का शिकार होती रहेंगी। कब तक अपनी मजबूरी का फायदा उठाने देती रहेंगी। सख्त कानूनों के बावजूद, देश में हर 15 मिनट पर एक बालिका यौन अपराध का शिकार होती है। निर्भया मामले में जनांदोलन के बाद सख्त कानून बनने के बावजूद देश में बलात्कार एवं बाल-दुष्कर्म मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है। सुझाव दिये गये हैं कि स्कूली पाठयक्रमों में यौन शिक्षा को शामिल किया जाये। लेकिन संस्कृति और परंपरा आदि का हवाला देकर इस तरह के विचारों को दरकिनार किया जाता रहा है। जबकि संवेदनशील तरीके से की गई यौन शिक्षा की व्यवस्था बच्चों को अपने शरीर और उसके साथ होने वाली हरकत को समझने और समय पर उससे बचने या विरोध करने में मददगार साबित हो सकती है। इस खास दिन मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं यानी नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि महिलाएं भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए बालिका दिवस के मौके पर कई देशों में कार्यक्रमों का आयोजन होता है। देश में लड़कियों के लिये ज्यादा समर्थन और नये मौके देने के लिये इस उत्सव की शुरूआत की गयी। बालिका शिशु के साथ भेद-भाव एक बड़ी समस्या है जो कई क्षेत्रों में फैला है जैसे शिक्षा में असमानता, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सीय देख-रेख, सुरक्षा, सम्मान, बाल विवाह आदि। सामाजिक लोगों के बीच उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिये और समाज में लड़कियों की स्थिति को बढ़ावा देने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। ये बहुत जरूरी है कि विभिन्न प्रकार के सामाजिक भेदभाव और शोषण को समाज से पूरी तरह से हटाया जाये जिसका हर रोज लड़कियाँ अपने जीवन में सामना करती हैं। समाज में व्याप्त अत्यधिक गरीबी ने बालिकाओं के खिलाफ सामाजिक बुराई जैसे दहेज प्रथा को जन्म दिया है जिसने बालिकाओं की स्थिति को बद से बदतर (बहुत बुरा) बना दिया है। आमतौर पर माता-पिता सोचते है की लड़कियाँ केवल रुपये खर्च कराती है जिसके कारण वो लड़कियों को बहुत से तरीकों (कन्या भ्रूण हत्या, दहेज के लिये हत्या) जन्म से पहले या बाद में मार देते हैं, कन्याओं या महिलाओं को बचाने के लिये ये मुद्दे समाज से बहुत शीघ्र खत्म करने की आवश्यकता है। हम तालिबान-अफगानिस्तान आदि देशों में बच्चियों एवं महिलाओं पर हो रही क्रूरता, बर्बरता, शोषण की चर्चाओं में मशगूल दिखाई देते हैं लेकिन भारत में आये दिन नाबालिग बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं तक से होने वाली छेड़छाड़, बलात्कार, हिंसा की घटनाएं पर क्यों मौन साध लेते हैं? इस देश में जहां नवरात्र में कन्या पूजन किया जाता है, लोग कन्याओं को घर बुलाकर उनके पैर धोते हैं और उन्हें यथासंभव उपहार देकर देवी मां को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं वहीं इसी देश में बेटियों को गर्भ में ही मार दिये जाने एवं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को नौंचने की त्रासदी भी है। इन दोनों कृत्यों में कोई भी तो समानता नहीं बल्कि गजब का विरोधाभास दिखाई देता है। दुनियाभर में बालिकाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये जागरूकता एवं आन्दोलनों के बावजूद बालिकाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। हमारे देश में भी बालिकाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में बालिका की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, बालिकाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी चर्चा एवं कठोर निर्णयों से एक सार्थक वातावरण का निर्माण किये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि एक टीस-सी मन में उठती है कि आखिर बालिकाओं कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? दरअसल छोटी लड़कियों या महिलाओं की स्थिति अनेक मुस्लिम और अफ्रीकी देशों में दयनीय है। जबकि अनेक मुस्लिम देशों में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के लिये सख्त सजा का प्रावधान है, अफगानिस्तान-तालिबान का अपवाद है। वहां के तालिबानी शासकों ने महिलाओं को लेकर जो फरमान जारी किये हैं वो महिला-विरोधी होने के साथ दिल को दहलाने वाले हैं। नये तालिबानी फरमानों के अनुसार महिलाएं आठ साल की उम्र के बाद पढ़ाई नहीं कर सकेंगी। आठ साल तक वे केवल कुरान ही पढ़ेंगी। 12 साल से बड़ी सभी लड़कियों और विधवाओं को जबरन तालिबानी लड़कों से निकाह करना पड़ेगा। बिना बुर्के या बिना अपने मर्द के साथ घर से बाहर निकलने वाली महिलाओं-बालिकाओं को गोली मार दी जायेगी।

**सख्त कानूनों के बावजूद, देश में हर 15 मिनट पर एक बालिका यौन अपराध का शिकार होती है। निर्भया मामले में जनांदोलन के बाद सख्त कानून बनने के बावजूद देश में बलात्कार एवं बाल-दुष्कर्म मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है।**

इन दिनों

### बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

***ब्रह्मा***, विष्णु, शिव वास्तविकता को देखकर भी मान बढ़ाई वश नहीं माने। **नोटः** – कबीर परमेश्वर गरुड़ जी से त्रेता युग में मिले थे। भगवान विष्णु का प्रभाव अभी भी उनमें बना हुआ था, इसलिए उस समय मुक्त नहीं हो सके। वह फिर से जन्म लेंगे तब सर्वशक्तिमान उन्हे आशीर्वाद देंगे और उन्हें अपनी शरण में लेंगे और मोक्ष प्रदान करेंगे। आइए आगे बढ़ते हुए जानते हैं कि कबीर परमेश्वर हिंदुओं और मुसलमानों को उनके गलत व्यवहार के बारे में क्या उपदेश देते थे और धर्मराज (यम) के दरबार में उन्हें क्या सजा मिलेगी। **धर्मराज (यम) के दरबार में मनमानी पूजा करने वालों के साथ क्या होगा?** 600 साल पहले जब परमात्मा कबीर जी पृथ्वी पर अवतरित हुए थे और एक बुनकर की लीला कर रहे थे तब उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों दोनों को उनके शास्त्र विरूद्ध साधना और उसके लिए धर्मराज (यम) के दरबार में मिलने वाली सजा के बारे में उपदेश देते थे। हिंदू 'माता मसानी' की पूजा करते हैं और मुसलमान किसी संत/फकीर की याद में बनी 'दरगाह' की पूजा करते हैं। अगर कोई उन्हें समझाने की कोशिश करता है तो वे सिर फोड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं। वे परमेश्वर के ज्ञान को नहीं सुनते हैं। हिंदू मंदिरों में और मुसलमान मस्जिद के चक्कर में उलक्ष गए हैं। उन्होंने आपस में धर्म की बाधा खड़ी कर ली है।। ईश्वर का उद्देश्य था कि सभी आत्माएं सतभक्ति करें और मनमानी पूजा छोड़ दें। **संदर्भ : संत गरीबदास जी पवित्र अमर ग्रंथ राग काफी शब्द 1 नहीं है दारमदारा उहाँ तो, नहीं है दारमदारा उस दरगह में धर्मराय है, लेखा लेगा सारा ॥ मुल्ला कूके बंग सुनावे, ना बहरा करतारा ॥ तीसों रोजे खून करत हो, क्यों कर होय दीदारा॥ मूल गंवाय चले हो काजी, भरिया घोर अंगारा ॥ भोजल बूड़ि गये हो भाई, कीजेगा मुँह कारा ॥**

*(क्रमशः)*

## भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ कमर कसने को तैयार



किशन भावनानी गोंदिया

*वैश्विक* स्तर पर तेजी से बदलते घटनाक्रम में जहां रूस -यूक्रेन युद्ध की समस्या अभी टली नहीं है, बल्कि बढ़ती जा रही है वहीं शनिवार से हमास फिलिसतीन द्वारा इजराइल पर पांच छह हजार से अधिक मिसाइल से हमला कर पूरी दुनियां का ध्यान आकर्षित कर दिया है। सोमवार दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को देर शाम तक प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया पर इस हमले के अपडेट्स जारी हैं, वहीं इसराइल ने भी आधिकारिक तौर पर युद्ध की घोषणा कर दी है। हालांकि फिलिस्तीनियों और इजरायल यहूदियों का यह मुद्दा बहुत पुराना है, जब अखंड भूमि पर ब्रिटिश राज था उस समय यहूदियों द्वारा अलग क्षेत्र की मांग की गई थी यहीं से यह विवाद प्रारंभ हुआ था। वर्तमान भाव स्थिति शायद पहले कभी नहीं हुई थी। जग जाहिर है कि अमेरिका और भारत सबसे अधिक आतंकवाद के पीड़ित देश हैं। कुछ वर्षों से दोनों की अति नजदीकियां हुई है, अनेक रणनीतिक साझेदारियां भी हुई है और कनाडा भारत विवाद के बावजूद अमेरिका द्वारा शुक्रवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेटागन) ने कहा था कि भारत-अमेरिका मजबूत रक्षा साझेदारी बनाये रखने का प्रयास जारी रखेंगे और 8 अक्टूबर 2023 को अल मॉर्निंग में ही अमेरिका के खास प्रिय इसराइल पर हमास के हमले की जानकारी तेजी से सारी दुनियां में फैली जिस पर अमेरिका का तुरंत रिएक्शन आया और रात 12 जो बिडेन की प्रतिक्रिया इसराइल का साथ देने की जानकारी दी। वहीं भारत नें भी आतंकवाद के खिलाफ इजराइल का साथ दिन देने का ऐलान व समर्थन किया, जिसपर दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को देर शाम इसराइली राजदूत ने कहा समर्थन से वे बेहद उत्साहित हैं। चूंकि आतंकवाद के खिलाफ भारत अमेरिका हमेशा से ही साथ-साथ हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था और देश की संप्रभुता के संरक्षण में भारत अमेरिका की साझेदारी सराहनीय है। साथियों बात अगर हम हमास इजरायल युद्ध की करें तो, शनिवार को हमास के लड़ाकों द्वारा एक आश्चर्यजनक हमले में गाजा की सीमा का उल्लंघन करने के एक दिन बाद इस्त्राइल और हमास के बीच लड़ाई तेज हो गई है। हमास के रॉकेट हमलों और जमीनी हमले में मरने वालों की संख्या रविवार को 400 से अधिक हो गई, जबकि 2000 अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। पेपर ऑफ इस्त्राइल ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा में कई इस्त्राइलियों को बंधक बना लिया गया था। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन का पहला चरण हमारे क्षेत्र में घुसने वाली कई दुश्मन ताकतों के खात्मे के साथ समाप्त हो गया था। इस्त्राइल के पीए ने हमास को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए दावा किया कि उसने एक खतरनाक युद्ध शुरू किया है। इस्त्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) उनकी क्षमता को कमजोर करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा। साथियों बात अगर हम इस मामले में भारत के रुख की करें तो, इजरायल में हुए हमास आतंकियों के हमले को लेकर तमाम देशों ने इसकी आलोचना की है। वहीं भारत के पीएम ने भी इजरायल को समर्थन दिया। उन्होंने कहा इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा धक्का लगा है। इस हमले में मारे लोगों और निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनायें हैं। हम इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े है। इस्त्राइल पर हमास आतंकवादियों द्वारा किये गये हमलों के बीच भारत ने इस्त्राइल को समर्थन देने की बात कही है। भारत में मौजूद इस्त्राइल के राजदूत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में एक खास महत्व रखता है। भारत का इस्त्राइल को समर्थन आतंकवाद की गहरी समझ पर आधारित है।


**साथियों बात अगर हम हमास इजरायल युद्ध की करें तो, शनिवार को हमास के लड़ाकों द्वारा एक आश्चर्यजनक हमले में गाजा की सीमा का उल्लंघन करने के एक दिन बाद इस्त्राइल और हमास के बीच लड़ाई तेज हो गई है।**

आतंकवाद

### फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




## समाज के खिलाफ साजिश है जातिगत जनगणना



मृत्युंजय दीक्षित

*बिहार* के मुख्यमंत्री और आईएनडीआईए गठबंधन के संभावित नेता नीतीश कुमार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव व आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए बिहार में कराई गई जातिगत जनगणना की रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर चुके हैं। यह इन नेताओं का चुनावी स्टंट मात्र है। यह रिपोर्ट तब जारी की गयी जब चारा घोटाले में दोषी घोषित जमानत पर बाहर घूम रहे लालू यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर जहर घोल रहे हैं। पटना में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद संपूर्ण भारत में बयानबाजी प्रारम्भ हो गई और पूरे देश में जातिगत जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल बयान दिया कि जब देश में उनकी सरकार आयेगी तब संपूर्ण भारत में जातिगत जनगणना करायी जायेगी और साथ ही एक नारा भी उछल दिया-जिसकी जितनी आबादी उसका उतना हक। वर्तमान में भारत के सभी विपक्षी और क्षेत्रीय दल यह सोच रहे हैं कि जातिगत जनगणना व अनुसूचित जाति, जनजाति, आदिवासी व वंचित समाज को आरक्षण के नाम पर बरगलाकर भाजपा को हराया जा सकता है या फिर द्रमुक के विचारों के अनुरूप सनातन धर्म का संपूर्ण उन्मूलन संभव है। जातिगत जनगणना और उसके आधार पर हिन्दू मतों का विभाजन करा के सत्ता में आना इनका सपना है । बिहार की जातिगत जनगणना एक ऐसी निकृष्ट पहल है जो सनातन हिन्दू धर्म को कमजोर करेगी और समाज को जातीय संघर्ष में झोंक कर विकसित भारत के स्वप्न को चूर-चूर कर देगी। जातीय जनगणना के आंकड़े जारी होने के प्रारंभ के एकझ्दो दिन आईएनडीआईए गठबंधन को ऐसा प्रतीत होने लगा कि वह भाजपा को दबाव में लाने में सफल हो गया है किंतु समय बीतने के साथ साथ जातिगत जनगणना एक विद्रूप राजनीतिक स्टंट के रूप में ही पहचानी जा रही है। अब यह समाचार भी आ रहे हैं कि नीतिश कुमार ने बिहार व राष्ट्रीय राजनीति में अस्तित्व को बचाये रखने और अति पिछड़ों का नायक बनने के लिए यह रिपोर्ट जल्दबाजी में जारी कर दी है। बिहार के कई नेता व विश्लेषक यह दावा कर रहे हैं कि यह जनगणना रिपोर्ट पूरी तरह से फर्जी दावों व आंकड़ों पर आधारित है। बिहार की क्षेत्रीय पार्टी हम के नेता जीतन राम मांझी का बयान आया कि यह रिपोर्ट घर में बैठकर तैयार की गयी है और इसमें आंकड़ों में हेरफेर किया गया है। मांझी का कहना है कि बिहार में यादव मात्र 4 प्रतिशत हैं तो उनकी संख्या 14 से अधिक कैसे हो गयी। वहीं पूर्व कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद का कहना है कि उनके घर कोई भी अधिकारी जनगणना के लिए नहीं आया और न ही उनसे हस्ताक्षर करवाये गये। बिहार की कुल जनगणना में 82 प्रतिशत हिंदू आबादी है जबकि मुस्लिम आबादी 17.7 प्रतिशत हो गयी है। बिहार की जातिगत जनगणना में अत्यंत पिछडा वर्ग 36 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनारक्षित वर्ग केवल 15.52 प्रतिशत है। बिहार की यह जातिगत जनगणना इतने विरोधाभासों से भरी है कि यह स्वयं स्पष्ट कर रही है कि यह केवल और केवल हिंदू समाज को जाति के नाम पर बांटने का एक सुनियोजित व घृणित षड्यंत्र है। 1931 में भारत को खंड-खंड करने की जो साजिश अंग्रेज नहीं कर पाये उस कार्य को पूर्ण करने का पाप अब बिहार के 73 वर्षीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। नीतीश कुमार ने सोचा था कि वह ऐसा करके महानायक बन जायेंगे किंतु अब वही इस जाल में फंसते दिख रहे हैं। जातिगत जनगणना से उठे यक्ष प्रश्न न केवल नीतीश कुमार वरन आईएनडीआईए गठबंधन पर भी भारी पड़ रहे हैं। बिहार की जातिगत जनगणना की रिपोर्ट से पता चल रहा है कि नीतीश पिछड़ों व अतिपिछड़ों के नेता नहीं रह गए हैं और बिहार की राजनीति अब यादव मुस्लिम गठजोड़ की दिशा पकड़ेगी।

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल बयान दिया कि जब देश में उनकी सरकार आयेगी तब संपूर्ण भारत में जातिगत जनगणना करायी जायेगी और साथ ही एक नारा भी उछल दिया-जिसकी जितनी आबादी उसका उतना हक।**

जनगणना

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### युवक की हत्या मामले में उसकी पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**कानपुर।** गुजैनी थाने की पुलिस अग्रेतर पाल उर्फ संजय यादव की हुई हत्या का खुलासा करते हुए सोमवार को उसकी पत्नी और उसके आशिक को गिरफ्तार किया। हत्या में प्रयुक्त चाकू एवं कपड़े समेत अन्य साक्ष्य बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवींद्र कुमार ने बताया कि रावतपुर निवासी अग्रेतर पाल उर्फ संजय यादव की पत्नी सुमन का गुजैनी के कच्ची बस्ती निवासी राजेश कुमार उर्फ राम से प्रेम संबंध थे। संजय यादव को रास्ते से हटाने के लिए सुमन और उसका प्रेमी राजेश कुमार ने एक योजनाई। इन दोनों ने 22 सितम्बर को पहले संजय यादव को शराब पिलाया और उसके बाद चाकू से गर्दन रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को गुजैनी नहर में टुकड़े-टुकड़े करके फेंक दिया था। इस राज का खुलासा पूंछताछ के दौरान हुआ है।

रविन्द्र कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान प्रेमी राजेश कुमार उर्फ राम ने बताया कि प्रेमिका के कहने पर उसने हत्याकांड को अंजाम दिया था। तीन दिन तलाश के बाद भी पुलिस शव को बरामद नहीं कर सकी। पुलिस ने आला कत्ल के साथ ही मृतक के कपड़ों को साक्ष्य के तौर पर बरामद किया है।

### चौकी प्रभारी ने गर्भवती पत्नी को मारी गोली, निलंबित

**झांसी।** उल्दन थाना क्षेत्र की चौकी बंगरा के प्रभारी उपनिरीक्षक शशांक मिश्रा ने सर्विस पिस्टल से रविवार की देर रात अपनी गर्भवती पत्नी को गोली मार दी। गोली पत्नी के दाहिने हाथ में लगी। इससे वह घायल हो गई। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जबकि दरोगा वहां से भाग निकला था। हालांकि उपनिरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए हिरासत में ले लिया गया है। पत्नी का आरोप है कि उसके ऊपर तीन फायर किए गए। पुलिस चौकी बंगरा प्रभारी एसआई शशांक मिश्रा बंगरा में ही किराए के मकान में रहते हैं। दो वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था। कुछ दिन पूर्व ही वह अपनी गर्भवती पत्नी को बंगरा लेकर आया था। रविवार की देर रात वह जब घर पहुंचा तो किसी बात पर पत्नी से विवाद हो गया। इससे आवेश में आकर उसने पत्नी को गोली मार दी और भाग निकला। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने उस पर एक नहीं तीन फायर किए। पीड़िता ने किसी तरह भाग कर अपने पड़ोसी के कमरे में छुपकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने चौकी प्रभारी की पत्नी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पत्नी के हाथ में गोली लगी है। मेडिकल कॉलेज पहुंचे पत्नी के परिजनों ने चौकी प्रभारी पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। इस संबंध में एसएसपी राजेश एस ने बताया कि चौकी प्रभारी द्वारा सर्विस पिस्टल से अपनी पत्नी को गोली मारी है। गोली उसके दाहिने हाथ में लगी है। पत्नी अब खतरे से बाहर है। दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उसे हिरासत में ले लिया गया है। पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### नवादा में 20 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 25 मोबाइल फोन बरामद

**नवादा।** बिहार का नवादा दूसरा जामताड़ा बन रहा है। साइबर अपराध के खिलाफ नवादा पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में लकी ड्रॉ के नाम पर सोमवार को पैसे की ठगी करने वाले 20 साइबर अपराधी को 25 मोबाइल फोन, 115 पन्ने कस्टमर डाटा, 22 हिसाब वाला नोटबुक और कई अन्य अभियोगी साक्ष्यों के साथ गिरफ्तार किया गया। नवादा जिले के वारिसलीगंज थाने में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गोसपुर के बगीचा में एवं ग्राम टाटी मीर बिगहा के बघार (खाली स्थान) में कुछ साइबर अपराधियों द्वारा साइबर संबंधी अपराध किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं गिरफ्तारी के लिए नवादा पुलिस की एक विशेष टीम घटनास्थल पर पहुंची।जहां से साइबर अपराध में संलिप्त 20 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि इन अपराधियों द्वारा भोले भाले जनता को प्रलोभन दिया जाता था कि आपका नाम लकी ड्रा में निकला है जिसकी इनामी राशि 7 लाख 80 हजार रुपये है।सुरक्षा के दृष्टिकोण से 1,999 रुपये रजिस्ट्रेशन के रूप में जमा करना होगा। इस तरह के झांसा में लेकर पैसे की ठगी की जाती थी।

नवादा पुलिस ने इन 20 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर साइबर अपराध में संलिप्त सभी अपराधियों के खिलाफ एक सख्त संदेश जारी किया है। वारलिसगंज के थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर अपराधियों की यह गिरफ्तारी पुलिस की एक बड़ी सफलता है। इलाके पर में व्यापक पैमाने पर साइबर अपराध में युवा जुड़े हुए हैं। जिनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है ।उन्होंने आम नागरिकों से भी साइबर अपराध में लिप्त युवाओं के विरुद्ध सूचना देने की अपील की है।

### सीएम नीतीश ने जनता दरबार में 76 फरियादियों की समस्या सुनी

# उचित कार्रवाई का दिया निर्देश

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यहां जनता दरबार में विभिन्न जिलों से आए 76 फरियादियों की समस्याओं को सुना, संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।



जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मधुबनी जिला से आये मुन्ना पासवान ने फरियाद करते हुये कहा कि मेरे पिताजी की मृत्यु के उपरांत उनके द्वारा लिये गये बैंक ऋण नहीं लौटा पाने के कारण बैंक द्वारा काफी प्रताड़ित किया जा रहा है। मुझे इससे राहत दिलायी जाये। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जमुई जिला से आये फरियादी मुकेश कुमार ने कहा कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत मिलनेवाली मुझे द्वितीय किशत की राशि नहीं मिल पायी है। मैं कृष्ण महाविद्यालय, सिकन्दरा में बीसीए का छात्र हूं।मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया । सारण जिला से आये दिव्यांग नवीन प्रसाद ने फरियाद करते हुये कहा कि दिव्यांगजनों को मिलनेवाली बैट्री चालित ट्राई साइकिल मुझे उपलब्ध करायी जाये ताकि मुझे सहूलियत हो सके। मुजफ्फरपुर के एक पिता ने कहा कि मेरी बेटी किरण कुमारी को मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना का लाभ नहीं मिला है। तीन वर्ष बीत गये हैं।बेगूसराय जिला से आये नागेश्वर रजक ने शिकायत करते हुये कहा कि मर्डर केस में अभियुक्तों के साथ सांठ-गांठ कर पुलिस पदाधिकारी द्वारा केस उठाने के संबंध में मुझ पर दबाव बनाया जा रहा है, कृपा कर मुझे पुलिस से न्यायपूर्ण सहयोग दिलाया जाय। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। किशनगंज से आये हुये एक फरियादी मो मंजर आलम ने कहा कि मैं आर्थिक रूप से अक्षम व्यक्ति हूं। हृदय की बीमारी के इलाज हेतु मुझे आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जाये। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।भागलपुर से आये एक व्यक्ति ने शिकायत करते हुये कहा कि मेरे परिजन की कोरोना से मृत्यु हो गयी थी लेकिन अब तक मान्य सहायता राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सहरसा जिला से आयी एक छात्रा अमीषा साक्षी ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत मिलनेवाली राशि का लाभ अब तक नहीं मिला है वहीं सहरसा के एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि 19 साल का बेटा नहाने के दौरान पानी में डूब गया था जिससे उसकी मृत्यु हो गयी थी। पानी में डूबने से मृत्यु होने पर मिलनेवाली अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान नहीं हुआ है।

### राजभवन के सामने टीएमसी कर रही आंदोलन

# कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ में सोमवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है, जिसमें तृणमूल कांग्रेस को कोलकाता में राजभवन के सामने धरना प्रदर्शन की पुलिस अनुमति को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता और कलकत्ता उच्च न्यायालय के वकील एस दास ने अपनी जनहित याचिका में तर्क दिया है कि सत्तारूढ़ दल को वहां धरना देने की अनुमति देना राजभवन परिसर में लगाई गई धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का उल्लंघन है। डिवीजन बेंच ने याचिका स्वीकार कर ली है, लेकिन मामले में फास्ट-ट्रैक सुनवाई की याचिका खारिज कर दी है। यह घटनाक्रम राज्यपाल



सीवी आनंद बोस के कार्यालय द्वारा राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी को एक विज्ञप्ति भेजने के एक दिन बाद आया है, जिसमें राजभवन परिसर में निषेधाज्ञा के उल्लंघन में विरोध प्रदर्शन की अनुमति पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व, पश्चिम बंगाल सरकार को मनरेगा जैसी विभिन्न केंद्र-प्रायोजित योजनाओं के तहत अपेक्षित धन मुहैया कराने में केंद्र सरकार की अनिच्छा के खिलाफ राजभवन के सामने मैराथन धरना दे रहा है।

# भाजपा देश में सबसे ज्यादा जातिवादी पार्टी : अखिलेश

**एजेंसी। मैनपुरी**

अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सबसे ज्यादा जातिवादी पार्टी है। उस घटना में भी वह राजनीतिक लाभ लेना चाहती है जिसमें पूरी की पूरी गलती भाजपा सरकार की होती है। कोई पूछे जाकर जो परिवार था उसने कितनी बार न्याय की गुहार लगाई, न्याय क्यों नहीं मिला ? न्याय न देने के लिए जिम्मेदार लोग भी इस घटना का अपराधी है।



यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कही। वह सोमवार को मैनपुरी के करहल स्थित बरनाहल पहुंचे थे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जो पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लोग हैं वे जातीय जनगणना को लेकर बहुत खुश हैं। भाजपा के अंदर जो पीडीए के लोग हैं वे भी कास्ट सेंसस (जाति जनगणना) चाहते हैं। इससे बड़ी जीत और क्या हो सकती है। इससे पूर्व अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नेताजी यहां के परिवारों से जुड़े रहे और नेताजी वो नेता रहे जिन्होंने लोकतंत्र, समाजवाद और सेकुलरिज्म को बचाने का काम किया। एक जमीनी नेता, एक धरती के नेता जो लोगों की भावनाओं को समझते थे। वो सबके सुख-दुःख में रहे, उसका परिणाम ये रहा कि नेताजी को यहां की जनता ने ऊंचाइयों तक पहुंचाया, हम उन्हें याद करते हैं। ऐसे नेता कभी-कभी धरती पर आते हैं। उल्लेखनीय है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज मैनपुरी जनपद के दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान सपा अध्यक्ष बरनाहल स्थित ग्राम डालपुर गए। जहां पार्टी नेताओं और स्थानीय जनता से मिले।

# मप्र विस चुनाव : शिवराज को बुधनी से टिकट, चौथी सूची में 57 उम्मीदवारों के नाम

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की चौथी सूची में 57 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सोमवार को यह सूची जारी की,जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भी शामिल है। उन्हें बुधनी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा की इस चौथी सूची में अधिकांश मौजूदा विधायकों के नाम हैं।



जारी सूची के अनुसार भिंड जिले के अटेर से डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, ग्वालियर ग्रामीण से भारत सिंह कुशवाह, ग्वालियर से प्रद्युम्न सिंह तोमर, दतिया से डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सागर जिले की खुरई विधानसभा से भूपेन्द्र सिंह, सुरखी से गोविन्द सिंह राजपूत, रेहली से गोपाल भार्गव, नरयावली से इंजीनियर प्रदीप लारिया, सागर से शैलेन्द्र जैन, छतरपुर जिले के खरगापुर से राहुल सिंह लोधी, बड़ा मलहरा से कुंवर प्रद्युम्न सिंह लोधी को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। इसी प्रकार पन्ना से बृजेन्द्र प्रताप सिंह, रामपुर-बघेलान से विक्रम सिंह, सिरमौर से दिव्यराज सिंह, मऊगंज से प्रदीप पटेल, देवतालाब से गिरीश गौतम, रीवा से राजेन्द्र शुक्ल, सीधी जिले के चुरहट से शरदेन्दु तिवारी, शहडोल जिले के जयसिंहनगर से मनीषा सिंह, जैतपुर से जयसिंह मरावी, अनूपपुर से बिसाहूलाल सिंह, उमरिया जिले के मानपुर से मीना सिंह मांडवे, कटनी जिले के विजय राघवगढ़ से संजय सत्येन्द्र पाठक, मुड़वारा से संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, जबलपुर जिले के पाटन से अजय विश्नोई, जबलपुर छावनी से अशोक रोहाणी और पनागर से सुशील कुमार तिवारी को टिकट दिया गया है।

परसवाड़ा से रामकिशोर कांवरे, सिवनी से दिनेश मुनमुन राय, आमला से डॉ. योगेश पंडाग्रे, हरदा से कमल पटेल, सोहागपुर से विजयपाल सिंह, रायसेन जिले की सांची विधानसभा से डॉ. प्रभुराम चौधरी, सिलवानी से रामपाल सिंह और विदिशा जिले के सिरोंज से उमाकांत शर्मा को उम्मीदवार घोषित किया गया है। भोपाल जिले की बैरसिया विधानसभा से विष्णु खत्री, नरेला से विश्वास सारंग, गोविन्दपुरा से कृष्णा गौर, हुजूर से रामेश्वर शर्मा, सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा से शिवराज सिंह चौहान, इछावर से करण सिंह वर्मा, सीहोर से सुदेश राय, देवास से गायत्रीराजे पंवार, हाटपिपल्या से मनोज चौधरी, खातेगांव से आशीष गोविन्द शर्मा, हरसूद से कुंवर विजय शाह, बड़वानी से प्रेम सिंह पटेल और बदनावर से राजवर्धन सिंह दत्तीगांव को टिकट दिया गया है।

# "लोकल फॉर वोकल" की नीति से ढाई सौ गुना बढ़ा उद्योग: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी। भदोही**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कालीन नगरी भदोही में कार्पेट एक्सपो मार्ट में 45 वें "इंडिया कार्पेट एक्सपो" का उद्घाटन किया। निर्यातकों की तरफ से लगाई गई कार्पेट दुकानों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने जिला कारागार के बन्दियों द्वारा हस्तनिर्मित कालीन के स्टॉल को भी देखा एवं उनकी कारीगरी की सराहना की।



योगी आदित्यनाथ एक्सपो मार्ट में थीम पैवेलियन के उपरांत ओडीओपी एवं जीआई लाइव डेमो को भी देखा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कालीन उद्यम सम्बंधित योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को टूल किट एवं चेक का वितरण करने के साथ-साथ बुनकरों को सम्मानित भी किया। इसके अलावा लघु फिल्म प्रसारण व ब्रांड "कार्पेट" का भी लोकार्पण किया। बुनकरों, निर्यातकों व आयातकों को सम्बोधित भी किया।

मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में बिना नाम लिए माफियावाद पर निशाना साधते हुए कहा कि भदोही में कुछ वर्ष पहले जहां डर भय का माहौल व्याप्त था, वहीं अब यहां की परम्परागत उत्पाद नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यहां के बुनकरों की कारीगरी व हुनर की विदेशों तक सराहना हो रही है। भदोही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कालीन एक्सपोर्ट का हब बन गया है। यह हमारे लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि 4 वर्षों में "लोकल फार वोकल" एवं ओडीओपी योजना लागू होने के बाद ढाई सौ गुना उद्योग बढ़ा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में कार्पेट एक्सपो कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जहां पर 5000 करोड़ से अधिक का व्यवसाय हुआ। जो अब तक का सबसे बड़ा सफल आयोजन रहा। उन्होंने कहा सरकार लगातार बुनकरों व कालीन उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। हस्तशिल्प कारीगरों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। देश से जितना भी कालीन निर्यात होता है उनमें 60 फीसदी कालीन भदोही मिजार्पुर वाराणसी से होता है।

उधर, मेले का उद्घाटन करने पहुंचे तो अचानक दो बच्चे दौड़कर उनका पैर छू लिया। यह उस समय हुआ जब मुख्यमंत्री कालीन की दुकानों का अवलोकन कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों के सिर पर हाथ रख कर आशीर्वाद दिया। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद की तरफ 08 से 11 अक्टूबर तक आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का वह उद्घाटन करने पहुंचे थे। जहां कार्पेट स्टॉल के अवलोकन के दौरान अचानक दो बच्चों ने दौड़कर योगी आदित्यनाथ का पैर छू लिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को बड़े प्यार से दुलारा, पुचकारा फिर उन्होंने आशीर्वाद दिया।

# छग चुनाव : भाजपा ने जारी की 64 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट



**एजेंसी। रायपुर**

भाजपा ने छत्तीसगढ़ में दो चरणों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने 64 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। भाजपा ने पार्टी उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को राजनांदगांव विधान सभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है तो वहीं प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित अपने तीन सांसदों को भी विधायकी के चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा ने सोमवार को जारी छत्तीसगढ़ उम्मीदवारों की सूची में छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोक सभा सांसद अरुण साव को लोरमी विधान सभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, दो महिला सांसदों रेणुका सिंह को एसटी आरक्षित भरतपुर-सोनहत से और गोमती साय को पत्थलगांव विधान सभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। आपको याद दिला दें कि, भाजपा छत्तीसगढ़ के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची 17 अगस्त को ही जारी कर चुकी है। दोनों लिस्ट को मिलाकर भाजपा छत्तीसगढ़ के लिए कुल 85 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान अब तक कर चुकी है।

## विवाद

### विश्वभारती ने बंगाल सरकार से जमीन वापस पाने के लिए राष्ट्रपति मुर्मू से हस्तक्षेप की मांग की

# यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल का मिला है दर्जा

**भूमि के एक हिस्से पर भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाना बेहद जरूरी**

**राज्य सरकार ने इसी मुद्दे पर उनके पिछले पत्र का कोई जवाब नहीं दिया है।**

**एजेंसी। कोलकाता**

शांतिनिकेतन में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर के भीतर पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकार क्षेत्र में मौजूद जमीन वापस दिलाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप की मांग की है।

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त करने की हालिया उपलब्धि को संरक्षित करने के लिए उचित रखरखाव के लिए परिसर के भीतर तीन वर्ग किमी भूमि राज्य सरकार के अधीन है। इसे वापस पाने में हस्तक्षेप की मांग करते हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने राष्ट्रपति को एक पत्र लिखा है।

विश्वविद्यालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि अधिकारियों को इस मामले में हस्तक्षेप के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि राज्य सरकार ने इसी मुद्दे पर उनके पिछले पत्र का कोई जवाब नहीं दिया है।

विश्वविद्यालय के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, पिछले महीने के अंत तक हमने उस जमीन को वापस लेने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कार्यालय को एक



विज्ञप्ति भेजी है जो वर्तमान में राज्य लोक निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र में है। लेकिन अब तक इस मामले में कोई जवाब नहीं आया है। इसलिए हमने इस मामले में हस्तक्षेप के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखने का फैसला किया है।"

उन्होंने कहा कि भूमि के उस हिस्से पर भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाना बेहद जरूरी है ताकि कंपन का असर उससे सटे विभिन्न विरासत संरचनाओं पर न पड़े। भूमि के उक्त हिस्से का एक इतिहास है। मूल रूप से, 3 वर्ग किमी का हिस्सा राज्य सरकार के पास था। हालांकि, 2017 में राज्य सरकार ने तत्कालीन अंतरिम कुलपति स्वप्न दत्ता की अपील के बाद विश्वविद्यालय अधिकारियों को भूमि के रखरखाव का अधिकार दे दिया। इसके तुरंत बाद, विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने जमीन के उक्त हिस्से से होकर भारी माल वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया, क्योंकि इससे होने वाला कंपन निकटस्थ अन्य विरासत संरचनाओं को प्रभावित कर सकता है। इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन चिंतित है। और त्वरित कार्रवाई चाहते हैं ताकि यह धरोहर किसी भी स्थिति में क्षतिग्रस्त न हो। हालांकि, विश्वविद्यालय अधिकारियों के उस फैसले पर वहां के निवासियों की आपत्तियों का सामना करना पड़ा, जिन्होंने मुख्यमंत्री से विश्वविद्यालय अधिकारियों से जमीन वापस लेने का आग्रह किया। तदनुसार, 2020 में मुख्यमंत्री ने राज्य लोक निर्माण विभाग की ओर से भूमि खंड का अधिकार फिर से छीन लिया।

### करंट लगने से एक किसान की हुई मौत

**कांकेर।** जिले के पखांजुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोण्डाहुर के पिव्ही नंबर 47 में सोमवार को 11 केवी हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से एक किसान कृष्णा बाला उम्र 49 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के द्वारा एक किसान की मौत के बाद पुलिस के मौके पर आने से पहले 11 केवी के टूटा हुआ हाईटेंशन लाइन के तार को सुधार दिया गया, इससे स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि पिव्ही नंबर. 47 निवासी कृष्णा बाला अपने परिवार का एक मात्र कमाने वाला था, कृष्णा बाला के घर में उनकी पत्नी एवं दो बच्चे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिव्ही नंबर 47 निवासी किसान कृष्णा बाला के खेत के ऊपर से बिजली विभाग के 11 केवी हाईटेंशन लाइन बिछाया गया था, इस हाईटेंशन लाइन का एक तार टूट कर खेत में लगा तार फेंसिंग जाली के ऊपर गिरा हुआ था।




# कृषि-खाद्य प्रणालियों को समावेशी बनाना होगा : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्यायसंगत और समावेशी बनाना न केवल वांछनीय है बल्कि ग्रह और मानव जाति की भलाई के लिए भी महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में सीजीआईएआर जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित 'अनुसंधान से प्रभाव तकः न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर' विषयक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यदि कोई समाज न्याय से रहित है, उसकी समृद्धि के बावजूद उसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब लैंगिक न्याय की बात आती है, तो सबसे पुराने विज्ञान के रूप में जाना जाने वाला कृषि, आधुनिक समय में भी कमजोर पाया जाता है। मुर्मू ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने कृषि-खाद्य प्रणालियों और समाज में संरचनात्मक असमानता के बीच एक मजबूत संबंध को भी सामने ला दिया है। उन्होंने कहा कि पुरुषों की तुलना में, महिलाओं को महामारी के वर्षों में नौकरी का अधिक नुकसान हुआ, जिससे प्रवासन शुरू हुआ।



राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हमने देखा है कि महिलाओं को लंबे समय तक कृषि-खाद्य प्रणालियों से बाहर रखा गया है। वे कृषि संरचना के सबसे निचले पिरामिड का बड़ा हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें निर्णय लेने वालों की भूमिका निभाने के लिए सीढ़ी पर चढ़ने के अवसर से वंचित किया जाता है। मुर्मू ने कहा कि दुनिया भर में उन्हें भेदभावपूर्ण सामाजिक मानदंडों और ज्ञान, स्वामित्व, संपत्ति, संसाधनों और सामाजिक नेटवर्क में रोका जाता है। उनके योगदान को मान्यता नहीं दी गई है, उनकी भूमिका को हाशिए पर रखा गया है। इस कहानी को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में हम विधायी और सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से महिलाओं को और अधिक सशक्त होने के साथ उन परिवर्तनों को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें न केवल महिला विकास बल्कि महिला नेतृत्व वाले विकास की जरूरत है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन अस्तित्व गत खतरा है और हमें अभी तेजी से कार्रवाई करने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, बर्फ पिघलने और प्रजातियों के विलुप्त होने से खाद्य उत्पादन बाधित हो रहा है और कृषि-खाद्य चक्र भी टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल नहीं है। यह जलवायु कार्रवाई में बाधा डाल रहा है और ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि का कारण बन रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमारी कृषि-खाद्य प्रणालियाँ एक दुष्चक्र में फंस गई हैं और हमें इस चक्रव्यूह को तोड़ने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने जैव विविधता बढ़ाने और पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि सभी के लिए अधिक समृद्ध और न्यायसंगत भविष्य के साथ-साथ कृषि-खाद्य प्रणालियों के माध्यम से खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

राष्ट्रपति ने कहा कि पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ, नैतिक रूप से वांछनीय, आर्थिक रूप से किफायती और सामाजिक रूप से उचित उत्पादन के लिए, हमें अनुसंधान की आवश्यकता है जो इन लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए परिस्थितियों को सक्षम कर सके। उन्होंने कहा कि हमें कृषि-खाद्य प्रणालियों को कैसे बदला जाए, इसकी एक व्यवस्थित समझ की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियां लचीली और चुस्त होनी चाहिए ताकि वे सभी के लिए पौष्टिक और स्वस्थ आहार को अधिक सुलभ, उपलब्ध और किफायती बनाने के लिए व्यवधानों का सामना कर सकें और उन्हें अधिक न्यायसंगत, न्यायसंगत और टिकाऊ होना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले चार दिनों के दौरान सम्मेलन सभी मुद्दों पर विचार करेगा और कृषि-खाद्य प्रणालियों में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# उम्मीदवारों को अखबार में प्रकाशित करानी होगी स्वयं की जानकारी

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि इस बार आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार को अपनी जानकारी स्वयं देनी होगी। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को अखबारों में तीन बार ये प्रकाशित कराना होगा कि उन पर किस-किस तरह के और कितने प्रकरण दर्ज हैं। वहीं, पार्टी को चुनाव आयोग को यह बताना होगा कि आपराधिक केस में फंसे प्रत्याशी को टिकट क्यों दिया है। साथ ही 31 अक्टूबर तक पार्टियों को चंदे की जानकारी देनी होगी। चुनाव के बाद खर्च की जानकारी भी देनी होगी। रिपोर्ट के बाद पार्टी को टैक्स छूट मिल सकेगी।



उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को समावेशी बनाने पर विशेष जोर दिया है और ध्यान रोल-टू-पोल या यह सुनिश्चित करने पर भी होगा कि सभी मतदाता मतदान करने के लिए आएं। उन्होंने पांचों राज्यों के मतदाताओं विशेषकर युवाओं, महिलाओं एवं शहरी मतदाताओं का आह्वान किया कि वे मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बुजुर्ग मतदाता घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पहली बार विधानसभा चुनावों के लिए एक नई चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली शुरू की जा रही है, ताकि प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए निगरानी बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी और अवैध शराब, नकदी, मुफ्त सामान और ड्रग्स के प्रवाह को रोकने के लिए कुल 940 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। पांचों राज्यों- मप्र ,छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान व मिजोरम में कुल मिलाकर 1.77 लाख पोलिंग स्टेशन होंगे, जिनमें से 1.01 लाख पर वेबकास्टिंग सुविधा मौजूद होगी।

# भारत-तंजानिया के बीच रक्षा क्षेत्र में पांच साल के रोडमैप पर बनी सहमति : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और तंजानिया के बीच रक्षा क्षेत्र में पांच साल के रोडमैप पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे गंभीर सुरक्षा खतरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में आज तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुह हसन के साथ विस्तार से बातचीत की। इसके बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत और तंजानिया के संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है। आज हम



अपनी सदियों पुरानी मित्रता को सामरिक भागीदारी के सूत्र में बांध रहे हैं। भारत और तंजानिया आपसी व्यापार और निवेश के लिए एक दूसरे के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। दोनों पक्ष स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के लिए एक समझौते पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने आईसीटी केंद्र, व्यावसायिक प्रशिक्षण, रक्षा प्रशिक्षण, आईटीईसी तथा आईसीसीआर छात्रवृत्ति के माध्यम से तंजानिया की कौशल विकास और क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जलापूर्ति, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मिलकर काम करते हुए हमने तंजानिया के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में हमने पांच साल के रोडमैप पर सहमति बनाई है।

## गागर में सागर

### नैनीताल में बस खाई में गिरी, सात की मौत, 26 घायल

**नैनीताल।** नैनीताल कालाढूंगी मार्ग पर रविवार रात्रि एक बड़ी दुर्घटना घटित हुई है। मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर घटगढ़ के पास एक खतरनाक मोड़ पर हुई दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई जबकि 26 लोग घायल हुए हैं। दुर्घटनास्थल पर काफी खतरनाक मोड़ होने के बावजूद वहां सड़क किनारे रेलिंग न लगी होने की भी जानकारी सामने आ रही है। दुर्घटना की सूचना सबसे पहले स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के प्रतिनिधि गोपाल रावत ने पुलिस एवं प्रशासनिक बलों को दी। इस पर सक्रिय हुई जनपद के कई थानों-चौकियों की पुलिस एवं एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त बस से घायलों को बचाकर पहले कालाढुंगी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और वहां से प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी के एसटीएच यानी सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। समाचार लिखे जाने तक 26 घायलों को एसटीएच ले जाया जा चुका है।

### प्रधानमंत्री आज एशियाई खेलों के पदक विजेताओं से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी आज शाम लगभग 4:30 बजे मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, नई दिल्ली में एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल के साथ बातचीत करेंगे और संबोधित करेंगे। पीएमओ ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा एशियाई खेलों 2022 में भारतीय दल की उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एथलीटों को बधाई देने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है। भारत ने एशियाई खेल 2022 में 28 स्वर्ण पदक सहित कुल 107 पदक जीते हैं। जीते गए पदकों की कुल संख्या के मामले में एशियाई खेलों में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# फेसलेस कर निर्धारण को लेकर गांधी परिवार आप की याचिकाएं 13 तक के लिए स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, आम आदमी पार्टी (आप) और कई धर्मार्थ ट्रस्टों द्वारा उनके कर मूल्यांकन को फेसलेस मूल्यांकन से सेंट्रल सर्किल में स्थानांतरित करने के खिलाफ दायर याचिकाओं को स्थगित कर दिया। न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति एस.एन.वी. की पीठ। सॉलिसिटर जनरल के उपलब्ध नहीं होने के कारण भट्टी ने सुनवाई स्थगित कर दी। यह मुद्दा शुक्रवार को फिर सामने आएगा।पिछले सप्ताह मंगलवार को तबादलों के खिलाफ कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा द्वारा दायर याचिकाओं का जिक्र करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि यदि व्यक्तियों के बीच क्रॉस-लेनदेन होता है तो केंद्रीय मूल्यांकन की आवश्यकता हो सकती है। गांधी परिवार और उनसे जुड़े ट्रस्टों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अरविंद दातार ने कहा कि भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी के मामले में तलाशी के कारण, आयकर अधिकारियों ने इन सभी को प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के कारण



पूरक मामलों के रूप में टैग किया है। गांधी परिवार ने कहा है कि भंडारी समूह के मामलों से उनका कोई लेना-देना नहीं है और उनके मामलों में तलाशी या जब्ती की कोई घटना नहीं हुई है। भंडारी भारत में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में वांछित है। वह कथित तौर पर लंदन स्थित एक फ्लैट को लेकर रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े हुए हैं। हालाँकि, रॉबर्ट वाड्रा ने भंडारी के साथ किसी भी व्यापारिक सौदे से इनकार किया है। न्यायमूर्ति खन्ना ने आप की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से भी सवाल किया कि रिट याचिकाएं दाखिल करने में पांच महीने की देरी क्यों हुई। अदालत ने यह भी कहा कि फेसलेस मूल्यांकन को हटाने के लिए कुछ औचित्य होना चाहिए, और पीठ केवल कानूनी मुद्दे से चिंतित थी, न कि राजनीति से। इससे पहले 26 मई को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप, गांधी परिवार और पांच ट्रस्टों की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिसमें आयकर विभाग के उनके कर मूल्यांकन को फेसलेस मूल्यांकन से केंद्रीय सर्कल में स्थानांतरित करने के आदेशों को चुनौती दी गई थी।

उच्च न्यायालय की पीठ ने फैसला सुनाया कि फेसलेस मूल्यांकन योजना के तहत मूल्यांकन का कोई मौलिक कानूनी अधिकार नहीं है। फेसलेस मूल्यांकन योजना यादृच्छिक रूप से चयनित कर मामलों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग का उपयोग करके करदाता और करदाता के बीच शारीरिक संपर्क को हटा देती है।

## रणनीति

### कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# कांग्रेस कराएगी जातीय जनगणना

**इसके बाद कराएगी आर्थिक सर्वे, जिससे पता चल जाए कि धन किसके हाथ में है, कहां है**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा शासित राज्यों में जातीय जनगणना होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति ने एकजुट होकर देश में जातीय गणना करवाने के समर्थन में फैसला लिया है। यह एक प्रोग्रेसिव स्टेप है। हमारे मुख्यमंत्री भी इस बारे में विचार कर रहे हैं और एक्शन ले रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, आज कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में 4 घंटे तक जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई। कांग्रेस कार्यसमिति ने एक



निर्णय लिया है, हमारे मुख्यमंत्रियों ने भी निर्णय लिया है कि वे भी अपने राज्यों में जातिगत जनगणना को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने, हमारी सबसे बड़ी निर्णय लेने वाली कार्य समिति ने निर्णय लिया है कि हम जातिगत जनगणना करवाएंगे और भाजपा को इसे करवाने पर भी जोर डालेंगे और अगर वे नहीं करते हैं तो उन्हें पीछे हट जाना चाहिए क्योंकि देश जातिगत जनगणना चाहता है। इंडिया गठबंधन इसका समर्थन करेगी। राहुल ने कहा कि आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं, एक अडाणी वाला और दूसरा सबका। जातिगत जनगणना साफ दिखाएगी कि हिंदुस्तान में कितने और कौन लोग हैं, हमें यह पता लग जाएगा कि कितने लोग हैं और धन किसके हाथ में हैं। शायद इसमें हमारी भी गलती है जो कि हमने पहले नहीं की लेकिन हम उसे पूरा करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के भविष्य के लिए जातीय जनगणना जरूरी है। इसके बाद विकास के नए पैमाने खुलेंगे। हमने फैसला ले लिया है कि हम ये काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी इस काम को पूरा करके ही छोड़ेगी। हम जब वादा करते हैं तो उसे तोड़ते नहीं हैं। ये जाति और धर्म की बात नहीं है बल्कि गरीबी की बात है। हिंदुस्तान के गरीब लोगों के लिए काम किया जा रहा है। आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं- एक अडाणी वाला और एक सबका। जातीय गणना साफ दिखा देगी कि भारत में लोग कितने हैं, कौन हैं, हम वहां नहीं रुकेंगे। उसके बाद आर्थिक सर्वे होगा, जिससे यह भी पता चल जाएगा कि कितने लोग हैं,धन किसके हाथ में है, धन कहां है, संपत्ति किसके हाथ में है।

### न्यूजक्लिक के संपादक व एचआर प्रमुख की गिरफ्तारी पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को न्यूजक्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और मानव संसाधन प्रमुख अमित चक्रवर्ती की यूएपीए प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने 6 अक्टूबर को याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा था, जिसके बाद एक हलफनामा दायर किया गया है।

### पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की बेल याचिका खारिज

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू की तीन मामलों में अग्रिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुरेश रेड्डी की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये आदेश पारित किया। ये मामले हैं अमरावती इनर रिंग रोड घोटाला मामला, एपी फाइबरनेट घोटाला मामला और अन्नामय्या जिले में अंगल्लू हिंसा मामला।




### माफी मांगने के बाद फिर पान मसाला के विज्ञापन में नजर आए अक्षय कुमार

**पिछले** साल सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने वाले अक्षय एक बार फिर पान मसाला के विज्ञापन में नजर आये हैं। इस विज्ञापन में अक्षय के साथ अजय देवगन और



शाहरुख खान भी नजर आ रहे हैं। विज्ञापन का वीडियो शेयर कर नेटिजन्स अक्षय की आलोचना कर रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप मैच के दौरान शाहरुख खान, अजय देवगन और अक्षय कुमार का एक पान मसाला ब्रांड का नया विज्ञापन प्रसारित हुआ। इस ऐड को देखकर फैंस हैरान रह गए, क्योंकि पान मसाला ब्रांड को प्रमोट करने के लिए अक्षय ने पिछले साल सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी थी। अब डेढ़ साल बाद वह फिर से एक पान मसाला के विज्ञापन में नजर आए हैं। अक्षय कुमार ने कहा था कि वह अब पान मसाला का विज्ञापन नहीं करेंगे, क्योंकि इससे उनके प्रशंसक बहुत निराश थे। अब फिर से पान मसाला के विज्ञापन में नजर आने के बाद एक नेटीजन ने कमेंट किया है कि पैसे के लिए अक्षय कुमार कुछ भी कर सकते हैं।

### जान की धमकियों के बाद शाहरुख को मिली वाई प्लस सिक्योरिटी

**बॉलीवुड** सुपरस्टार शाहरुख खान को वाई प्लस सिक्योरिटी दी गई है। इस साल की शुरूआत में



रिलीज हुई उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' के गाने 'बेशर्म रंग' को लेकर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद एक्टर ने महाराष्ट्र सरकार से सुरक्षा कवर मांगा था। गाने में एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने ऑरेंज कलर की ड्रेस पहनी थीं, लोगों ने भगवा रंग के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए आपत्ति जताई थी। इन समूहों ने गाने में भगवा रंग के इस्तेमाल को टाइटल के साथ जोड़ा और यह कहते हुए नाराजगी जताई कि यह गाना भगवा रंग का मजाक उड़ाता है जो हिंदू भावना से जुड़ा है। गाने पर विवाद के बाद, अयोध्या स्थित संत परमहंस आचार्य ने कथित तौर पर अभिनेता को जान से मारने की धमकी दी थी।

### पवन सिंह और स्मृति सिन्हा का गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' हुआ रिलीज


**स्टार** पवन सिंह और स्मृति सिन्हा की फिल्म आज जीने की तमन्ना है का गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' रिलीज हो गया। यह गाना तेजी से वायरल भी हो रहा है। रोमांस से भरपूर इस गाने में पवन सिंह और स्मृति सिन्हा की केमेस्ट्री ने धमाल मचा दिया है। यह फिल्म जल्द ही जियो सिनेमा पर स्ट्रीमिंग की जाएगी, लेकिन उससे पहले इस फिल्म का सोमवार को रिलीज हुआ गाना दर्शकों को पसंद आ रहा है। गाना यशी फिल्म्स के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसे अब तक लाखों लोगों ने देख चुके हैं और इस गाने पर जमकर कमेंट भी कर रहे हैं। गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' को मिल रहे प्यार को लेकर पवन सिंह ने कहा कि गाना हमारे दर्शकों को पसंद आया यही हमारी सफलता है। वे हमारे भगवान है। उनके लिए ही मैं गाता हूँ और मां सरस्वती की कृपा से दर्शकों को मेरी गायकी पसंद आती है। एक कलाकार के नाते इससे बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं है। जहां तक बात इस गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' की है तो इस



गाने में स्मृति सिन्हा के साथ मिलकर हमने लाजवाब काम किया है। स्मृति सिन्हा ने कहा कि पवन सिंह इंडस्ट्री के पावर स्टार तो हैं, उम्दा कलाकार भी हैं। इसलिए जब भी उनके साथ कोई काम करती हूं तो बहुत मजा आता है। हम इस गाने को कितना इन्जॉय कर रहे हैं, इसके लिए आप इस गाने को एक बार जरूर देखिए और सुनिए। बहुत मजा आने वाला है। दरअसल, इस गाना को पवन सिंह और दलिया चक्रवर्ती ने मिलकर गाया है। इसमें पवन सिंह और स्मृति सिन्हा की केमेस्ट्री लोगों को पसंद आ रही है। इस गाने के गीतकार सच्चिदानंद हैं और संगीत गुरवंत सेन हैं।

## गागर में सागर

### शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 500 अंक फिसला; निफ्टी 19500 के पास पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोमवार को बाजार खुलने के बाद मेटल, मीडिया, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में कमजोरी दिखी। वहीं आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी दिखी। निफ्टी में अदाणी पोर्ट्स, बीपीसीएल और अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर टॉप लूजर के रूप में कारोबार करते दिखे। जबकि एचसीएल टेक और ओएनजीसी टॉप गेनर हैं। इस्राइल और फिलिस्तीन के बीच एक बार फिर युद्ध के हालात पैदा होने से हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बाजार पर नकारात्मक असर पड़ा है। सोमवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 500 अंकों तक फिसल गया। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी भी 140 अंक टूटकर 19500 के करीब पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को घरेलू बाजार में बढ़िया खरीदारी दिखी थी और बीएसई सेंसेक्स 364 अंक मजबूत होकर 65,995 के स्तर पर बंद हुआ था। दिल्ली पुलिस की ओर से हीरो मोटोकॉर्प के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ पवन मुंजाल के खिलाफ कथित जालसाजी मामले में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद कंपनी के शेयरों में सोमवार को करीब चार प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इस मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। मुंजाल हाल के दिनों में सुर्खियों में रहे हैं क्योंकि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम मामले में हीरो मोटोकॉर्प के सीएमडी की जांच कर रही है उनसे पूछताछ की गई थी।

### इंडिगो को ईंधन शुल्क से उम्मीद, हर हफ्ते होगी 100 करोड़ की कमाई




**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी इंडिगो को ईंधन शुल्क से प्रति सप्ताह 90 करोड़ से 100 करोड़ रुपए तक की कमाई होने की उम्मीद है। इसके अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह शुल्क विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि होने के कारण 6 अक्टूबर से टिकट की कीमतों में लगाया गया था। भारतीय विमानन कंपनियों की लागत में एटीएफ सबसे बड़ा व्यय होता है। उनके कुल राजस्व का लगभग 45 प्रतिशत भाग इसमें खपता है। 1 जून से 1 अक्टूबर तक दिल्ली में एटीएफ की कीमतें 32.4 प्रतिशत बढ़कर 1.18 लाख रुपए प्रति किलोलीटर तक पहुंच चुकी हैं। एक अधिकारी ने बताया हमारा मानना है कि अगर ईंधन शुल्क दिसंबर तक प्रभावी रहता है तो हम तीसरी तिमाही में अपने कुल राजस्व का लगभग सात से आठ प्रतिशत भाग इससे अर्जित कर सकेंगे। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि विमानन कंपनी को ईंधन शुल्क से प्रति सप्ताह लगभग 90 करोड़ से 100 करोड़ रुपए तक की कमाई होने की उम्मीद है। वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने 17,161 करोड़ रुपए की कुल समेकित आय हासिल की थी और 3,090.6 करोड़ रुपए का अब तक का अपना सर्वाधिक तिमाही समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### इजराइल-हमास युद्ध से महंगा हुआ सोना-चांदी का भाव

**नई दिल्ली।** इजराइल और हमास की जंग के चलते सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। घरेलू वायदा बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले। चांदी के वायदा भाव 69,000 रुपए के करीब और सोने के वायदा भाव 57,400 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (टउ) पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 129 रुपए की तेजी के साथ 57,000 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 586 रुपए की तेजी के साथ 57,457 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 57,480 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 57,000 रुपए के भाव पर निचला स्तर छू लिया। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

# इजरायल और हमास युद्ध से बढ़ी अडानी पोर्ट्स की मुश्किलें

**एजेंसी। नई दिल्ली**




इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। इस युद्ध के चलते दुनियाभर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट है जिसमें भारतीय बाजार भी शामिल है। लेकिन इस युद्ध के चलते गौतम अडानी की लिस्टेड कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन का स्टॉक भी औंधे मुंह जा गिरा है। अडानी पोर्ट्स का शेयर 4.50 फीसदी की बड़ी गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा है और स्टॉक 800 रुपये के नीचे जा फिसला है। अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन का शेयर भी इजरायल और हमास युद्ध से प्रभावित हुआ है। क्योंकि इजरायल में जो हायफा पोर्ट है उसपर अडानी पोर्ट्स का मालिकाना हक है। पिछले क्लोजिंग प्राइस 830.75 रुपये के लेवल से अडानी पोर्ट्स का स्टॉक सोमवार के ट्रेडिंग सेशन में 793 रुपये यानि करीब 37 रुपये या 4.54 फीसदी नीचे जा लुढ़का है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी इंडेक्स में अडानी पोर्ट्स के स्टॉक में सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इजरायल और हमास के बीच जारी भीषण युद्ध के चलते व्यापार प्रभावित होने के आसार हैं। तो इसस युद्ध के चलते इजरायल के पोर्ट्स का ऑपरेशन प्रभावित हो सकता है जिसमें अडानी पोर्ट्स का हायफा पोर्ट्स का ऑपरेशन भी शामिल है। इसी के चलते अडानी पोर्ट्स के शेयर में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। अडानी पोर्ट्स उत्तरी इजरायल में स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर हायफा पोर्ट को ऑपरेट करती है। इसी वर्ष जनवरी 2023 में अडानी पोर्ट्स ने हायफा पोर्ट को 1.2 बिलियन डॉलर में खरीदा था। हायफा पोर्ट इजरायल का प्रमुख पोर्ट है जिसके जरिए वहां का 99 फीसदी गुड्स समुद्री रास्ते से देश के बाहर या अंदर लाया या भेजा जाता है। बहरहाल अडानी समूह के लिए मौजूदा वर्ष 2023 में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। पहले ही हिंडनबर्ग रिपोर्ट रिपोर्ट के खुलासे के बाद इस वर्ष जनवरी - फरवरी के दौरान समूह की कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। अब अडानी पोर्ट्स जिसे अडानी समूह के सबसे बेहतरीन कंपनियों के तौर पर देखा जाता है वो मुश्किलों में है। इसी वर्ष कंपनी ने हायफा पोर्ट्स को खरीदा था और अब इजरायल और हमास के बीच युद्ध का असर हायफा पोर्ट्स के ऑपरेशन पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

## हीरो मोटोकॉर्प के मालिक पवन मुंजाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश की दिग्गज टूव्हीलर कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन, एमडी और सीईओ पवन मुंजाल के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। इस खबर के चलते शेयर में सोमवार 9 अक्टूबर 2023 के ट्रेडिंग सेशन में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। कंपनी का स्टॉक 3.50 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 2924 रुपए तक नीचे जा फिसला। ये मामला 2010 के पहले का है जिसमें हीरो मोटोकॉर्प और पवन मुंजाल के खिलाफ दिल्ली के वसंत कुंज पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पवन मुंजाल के अलावा विक्रम कासबेकर और हरी गुप्ता के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है जो कंपनी में अधिकारी हैं। इसके अलावा मंजुला बनर्जी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है जो 2009-2010 में कंपनी की ऑडिटर रही थीं। मामले में शिकायतकर्ता ब्रेंस लॉजिस्टिक्स है। रिपोर्ट के मुताबिक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने मिलीभगत करके बुक्स में हेराफेरी की है और शिकायतकर्ता के खिलाफ 2009 और 2010 में 5.95 करोड़ रुपए के फर्जी महीने वार बिल बनाए हैं। इसी वर्ष अगस्त महीने में प्रवर्तन निदेशालय ने पवन मुंजाल समेत कुछ लोगों के परिसरों पर हाल ही में छापेमारी की थी। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में चल रही जांच को लेकर की थी जिसमें ईडी ने मुंजाल के दिल्ली व गुरुग्राम में स्थित घरों व दफ्तरों की तलाशी ली।

## त्योहारी सीजन के साथ वाहनों की मांग में उछाल, सितंबर में बिक्री 20% बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



त्योहारी सीजन की शुरूआत के साथ देश में वाहनों की बिक्री में जोरदार उछाल आया है। सितंबर माह में देशभर में वाहन बिक्री में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने सोमवार को बताया कि कुल मिलाकर सितंबर में वाहनों के पंजीकरण का आंकड़ा 18,82,071 इकाई पर पहुंच गया। सितंबर, 2022 में यह 15,63,735 इकाई रहा था। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सितंबर में वाहन बिक्री में बढ़ोतरी व्यापक रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री में जहां 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यात्री वाहनों की बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में पांच प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने ट्रैक्टर बिक्री में जरूर 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार, उपलब्धता में सुधार के साथ पिछले महीने वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 19 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,32,248 इकाई हो गया, जबकि सितंबर, 2022 में यह 2,79,137 इकाई था। सिंघानिया ने कहा कि नए उत्पादों की पेशकश की वजह से भी पिछले महीने वाहनों का उठाव बढ़ा है। समीक्षाधीन महीने में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 13,12,101 इकाई हो गई, जो सितंबर, 2022 में 10,78,286 इकाई थी। वहीं वाणिज्यिक वाहनों का पंजीकरण पांच प्रतिशत बढ़कर 80,804 इकाई हो गया। तिपहिया वाहनों की बिक्री 49 प्रतिशत बढ़कर 1,02,426 इकाई हो गई, जबकि सितंबर 2022 में यह 68,937 इकाई थी। ट्रैक्टर की बिक्री घटकर 54,492 इकाई रह गई, जो सितंबर, 2022 में 60,321 इकाई रही थी।

### 50 हजार करोड़ रुपए निवेश करेगी मारुति

**नई दिल्ली।** मारुति सुजूकी 2030-31 तक 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसमें से 45,000 करोड़ रुपए के निवेश से क्षमता दोगुनी की जाएगी और सालाना 40 लाख वाहनों का उत्पादन किया जाएगा। मारुति सुजूकी के चेयरमैन आर सी भार्गव ने इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही कंपनी आपूर्ति श्रृंखला और निर्यात बुनियादी ढांचे (मारुति की योजना वित्त वर्ष 2031 तक निर्यात मौजूदा 2.50 लाख वाहनों से बढ़ाकर सालाना 7.50 वाहन करने की है) तथा मार्केटिंग एवं सेल्स टीम के विस्तार पर भी निवेश करेगी और अपने आपूर्तिकर्ताओं की भी मदद करेगी। हरियाणा के खारखोदा में 10 लाख वाहनों की सालाना उत्पादन क्षमता वाले नए कारखाने की पहली इकाई से 2025 की शुरूआत में उत्पादन होने लगेगा। इस इकाई की क्षमता सालाना 2.50 लाख वाहनों के उत्पादन की होगी। कंपनी की योजना सालाना 10 लाख वाहनों की उत्पादन क्षमता वाला एक अन्य कारखाना लगाने की भी है जिसके लिए जगह पर विचार किया जा रहा है।

### इजरायली सेना ने गाजा के आसपास नियंत्रण हासिल किया : आईडीएफ

**यरुशलम।** इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोमवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी पर सभी जगहों पर दोबारा नियंत्रण हासिल कर लिया है, हालांकि हमास के कुछ आतंकवादी अब भी सक्रिय हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इजरायली क्षेत्र के अंदर इजरायली बलों और हमास के बीच फिलहाल कोई लड़ाई नहीं चल रही है। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि सक्रिय फि लिस्तीनी बंदूकधारियों के साथ छिटपुट झड़पें जारी हैं। इस बीच, यरूशलम और तेल अवीव में रॉकेट हमलों की चेतावनी देने वाला सायरन सोमवार को दोपहर में बज उठा। इससे पहले आईडीएफ ने कहा था कि गाजा पट्टी के करीब दक्षिणी इजराइल में सात से आठ स्थानों पर लड़ाई चल रही थी। इन स्थलों में एक कृषि प्रधान इलाका बेरी भी शामिल है, जिसमें हमास के लड़ाकों ने रातों-रात घुसपैठ कर ली थी। इजरायली सेना ने कहा कि 7 अक्टूबर को हमास द्वारा अभूतपूर्व हमले शुरू करने के बाद से उसने गाजा में एक हजार से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। हमास ने इस हमले में हजारों रॉकेट दागे और सीमा पार घुसपैठ में लड़ाकू विमानों को भेजा। इजरायल ने 1948 के स?वतंत्रता संग्राम के बाद से इस तरह के हमले का सामना नहीं किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को गाजा पट्टी पर हवाई हमले जारी रहे। इजरायली वायु सेना ने दावा किया कि तटीय क्षेत्र में 500 से अधिक हमास और इस्लामिक जिहाद के ठिकानों पर रात भर हमले किये गये। इजरायली वायुसेना ने कहा कि लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों, विमानों और तोपखाने ने लक्ष्यों पर हमला किया। सात हमास कमांड सेंटर और एक इस्लामिक जिहाद कमांड सेंटर को भी निशाना बनाया गया।

## विदेश

# चीन-भारत के पास समस्याओं का मैत्रीपूर्ण रूप से समाधान करने का अवसर : चीन




**एजेंसी। बीजिंग**

भारत विश्व में निस्संदेह एक महत्वपूर्ण देश है, इसलिए भारत के विकल्प पर सारी दुनिया का ध्यान आकर्षित है। क्योंकि यह न केवल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, बल्कि भारत और अन्य देशों के हितों को भी प्रभावित करेगा। भारत को विश्व को अधिक निष्पक्ष एवं तर्कसंगत दिशा में बढ़ाने के लिए सही नीति अपनानी चाहिए, क्योंकि यह भारत की दीर्घकालिक विकास से जुड़ा अहम निर्णय है। आज विश्व में प्रमुख शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा और उत्तर-दक्षिण संघर्ष दोनों मौजूद रहे हैं। प्रतिस्पर्धियों को दबाने के लिए अमेरिका ने चीनी हाई-टेक कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। साथ ही, इसने ताइवान जलडमरूमध्य जैसे क्षेत्रों में सैन्य अभ्यास किया। यहां तक कि अमेरिका ने भारत को भी चीन के खिलाफ किसी छोटे घेरे में शामिल करवाने की भी कोशिश की। इस उद्देश्य से अमेरिका भारत को लाभ देने का वादा करने में संकोच नहीं करता। इसी स्थिति में भारत कैसा राजनीतिक रवैया उठाएगा? क्या वह क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ाने के लिए यथार्थवादी नीति से अपने पड़ोसी संबंधों को संभालेगा? हाल के वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हुई है, इसकी जीडीपी यूनाइटेड किंगडम से भी आगे निकल गई है, और यह विश्व शक्ति बनने के लक्ष्य की ओर लगातार प्रगति कर रहा है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भारत द्वारा वकालत किये गये 'वसुधैव कुटुम्बकम' पर विश्व का ध्यान आकर्षित हुआ। कुछ भारतीय राजनेताओं ने यह भी पेश किया कि भारत विश्वगुरु बनकर अपने मूल्यों और संस्कृति को दुनिया भर में फैलाएगा।

## आर-पार की लड़ाई

## इजराइली राजदूत ने हमास के खात्मे की खाई कसम, कहा-

# वहशियों के साथ तर्क-वितर्क का युग अब हुआ खत्म

**एजेंसी। तेल अवीव**



रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत ने फिलिस्तीनी इस्लामी समूह हमास पर युद्ध अपराध करने का आरोप लगाया और कसम खाई कि सऊदी अरब के साथ सामान्यीकरण वार्ता को ट्रैक पर रखने की मांग करते हुए अब हमास के आतंकवादी ढांचे को 'नष्ट' करने का समय आ गया है। विगत शनिवार को गाजा के फिलिस्तीनी क्षेत्र से शुरू किए गए एक नाटकीय हमले में, हमास के आतंकवादियों ने इजरायली शहरों में धावा बोल दिया, जिसमें 700 से अधिक इजरायली मारे गए और दर्जनों बंधकों के साथ भाग गए, यह 1973 के युद्ध के बाद से इजरायल के लिए सबसे घातक दिन था। इजराइल के संयुक्त राष्ट्र राजदूत गिलाद एर्दान ने संवाददाताओं से कहा, 'ये युद्ध अपराध हैं, स्पष्ट रूप से प्रलेखित युद्ध अपराध हैं।' उन्होंने कहा, इन वहशियों के साथ तर्क-वितर्क का युग खत्म हो गया है। अब समय आ गया है कि हमास के आतंकी ढांचे को नष्ट कर दिया जाए, इसे पूरी तरह मिटा दिया जाए, ताकि ऐसी भयावहता फिर कभी न हो। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने विगत रविवार को बंद कमरे में आपात बैठक की। इस बैठक में अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी 15 सदस्य देशों से हमास द्वारा किए गए आतंकवादी हमले की निंदा की मांग की, लेकिन सुरक्षा परिषद ने इस पर तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की। अमेरिका के उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने इसके बाद कहा कि अधिकांश देशों ने हमास के हमले की निंदा की लेकिन परिषद के सभी सदस्यों ने ऐसा नहीं किया। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने बताया कि अमेरिकियों ने बैठक के दौरान यह कहने की कोशिश की कि रूस हमलों की निंदा नहीं कर रहा है, लेकिन यह झूठ है। मैंने अपनी टिप्पणियों में (हमास हमले की) निंदा की थी। हम नागरिकों पर हर प्रकार के हमलों की निंदा करते हैं। नेबेंजिया ने कहा कि रूस का संदेश है, लड़ाई को तुरंत रोका जाए, संघर्ष विराम हो और सार्थक बातचीत करना महत्वपूर्ण है, जो दशकों से रुकी हुई है। चीन के राजदूत झांग जून ने बैठक में कहा कि बीजिंग नागरिकों पर हर प्रकार के हमलों की निंदा करता है, हालांकि उन्होंने हमास का जिक्र नहीं किया। झांग ने कहा, वास्तव में जो महत्वपूर्ण बात यह है कि स्थिति को और अधिक बढ़ने और नागरिकों के हताहत होने से रोक जाए। दो-राष्ट्र समाधान पर बात करना भी महत्वपूर्ण है।" इजराइल और फिलीस्तीनियों के बीच दशकों से जारी संघर्ष के समाधान के लिए दोनों पक्ष के नेताओं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने दो-राष्ट्र सिद्धांत को अपना घोषित लक्ष्य बताया है।

**अमेरिका के उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने कहा कि अधिकांश देशों ने हमास के हमले की निंदा की लेकिन परिषद के सभी सदस्यों ने ऐसा नहीं किया**

## पेज एक के शेष

### मप्र, छत्तीसगढ़ ...

अनुसूचित जाति और 47 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुल मतदाता 5.6 करोड़ हैं।

राजस्थान विधानसभा का कार्यकाल 14 जनवरी को समाप्त हो रहा है। 200 विधानसभा सीटों में से 25 अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति और 34 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुल मतदाता 5.25 करोड़ है। तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल 16 जनवरी को समाप्त हो रहा है। इसकी 119 विधानसभा सीटों में से 19 अनुसूचित जाति और 12 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। 3.7 करोड़ कुल मतदाता है।

### किसानों की...

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमेशा यह बात सुनने को मिलती थी कि झारखंड के डैम, बराज और वॉटर रिजर्वायर के पानी का इस्तेमाल झारखंड के किसान नहीं बल्कि दूसरे राज्यों के द्वारा किया जा रहा है । ऐसे में यहां के पानी का इस्तेमाल यहां के लोग करें । इस दिशा में कार्य योजना बनाकर उसके क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में गंगा नदी का पानी भी पाइपलाइन के जरिए खेतों में पहुंचेगा। इस दिशा में भी सरकार कार्य योजना बनाने की तैयारी में लग गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सिंचाई परियोजनाओं के लिए नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल करने पर विशेष जोर दे रही है। ताकि, पानी का बेहतर और समुचित इस्तेमाल होने के साथ खेत -खलियान डूब क्षेत्र में ना आएं, इसलिए मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के तहत भूमिगत पाइपलाइन के जरिए नदी, डैम और बराज का पानी खेतों में पहुंचाया जा रहा है । इस कड़ी में राज्य के पहले मेगालिफ्ट सिंचाई परियोजना की आधारशिला दुमका के मसलिया में रखी गई थी और आज देवघर के सारठ में सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है । मुझे इस बात की खुशी है कि इसी स्थान पर वर्ष 2013-14 में मैने अजय बराज का उद्घाटन किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भी सिंचाई के लिए कई योजनाएं बनी। उसका क्रियान्वयन भी हुआ। लेकिन, उसके पूर्ण होने में 30 से 40 साल लग गए। कई योजनाएं तो आज भी अधूरी है। योजनाओं के पूरा होने में ज्यादा समय लगने से उसकी लागत बढ़ जाती थी। सबसे बड़ी बात है कि जिन लोगों की जमीन, खेत -खलिहान इन परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित किए गए थे ,उनका लाभ लेने के लिए वे लंबे समय तक इंतजार करते रहे पर उन्हें निराशा हाथ लगी। लेकिन हमारी सरकार सिंचाई समेत तमाम परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है,ताकि लोगों को उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

**लोगों की भावनाओं और जरूरत के हिसाब से बना रहे हैं कार्य योजना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों के भावनाओं को समझते हैं । उनकी जरूरत को जानते हैं और उनकी समस्याओं से भी वाकिफ हैं। ऐसे में हमारी सरकार लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य योजना बनाकर काम कर रही है।

**सरकार बनाते ही चुनौतियों से सामना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में जैसे ही हमारी सरकार बनी तो चुनौतियों से सामना शुरू हो गया । सबसे पहले वैश्विक महामारी कोरोना ने हमें अपनी गिरफ्त में ले लिया। कोरोना से निकले तो सुखाड़ का सामना करना पड़ा। लेकिन, इन तमाम चुनौतियों के बीच हमारी सरकार विकास की गति को रफ्तार देने का काम कर रही है।

### विष्णु अग्रवाल से...

पुलिस मामले में अब आगे की कार्रवाई करेगी। गौरतलब है कि सदर थाना में दर्ज मामले को लेकर ही पुलिस अपने स्तर से मामले का अनुसंधान कर रही है।

**सदर में दर्ज हुआ था भानु पर एफआईआर:** ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए भानु प्रताप पर रांची के सदर थाने में भी प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में आरोपी राजस्व उपनिरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद पर नए सिरे से रांची पुलिस ने केस दर्ज किया था। 13 अप्रैल को ईडी की टीम ने जब भानू के निजी आवास पर छापेमारी की थी, तब भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज बरामद किए गए थे। इस मामले में बड़गाईं सीओ मनोज कुमार के बयान पर भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ केस संख्या 272/23 दर्ज किया गया था। एफआईआर के मुताबिक, भानु के आवास से 11 ट्रंक डीड पाए गए थे, ये सारे डीड भी कार्यालय के थे। सीओ मनोज कुमार ने इस मामले में सदर पुलिस को दिए आवेदन में संगत धाराओं के तहत केस दर्ज करने का आग्रह किया था। सदर थाने में दर्ज केस में भानु प्रताप प्रसाद को धारा 465, 467, 466, 469, 420, 379, 474 आईपीसी के तहत आरोपी बनाया गया है।

### साइबर क्राइम गिरोह...

निवासी उदेश कुमार (23), बिहार के नालंदा जिला निवासी भूषण कुमार (19), बिहार के नवादा जिला निवासी संतोष कुमार यादव (23), बिहार के नालंदा जिला निवासी मोहम्मद फारुख (24) एवं पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिला निवासी तारकेश्वर कुमार (26), सूर्यकांत शर्मा (30), सन्नी रजक उर्फ आदित्य रजक (21 क) शामिल है। गिरफ्तार किए गए युवकों के पास से 27 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड, 6 सिम कार्ड, 35 हजार 625 रुपए नगद, 19 पीस कॉपी, चार आधार कार्ड, दो वोटर कार्ड, दो पैन कार्ड, एक पासबुक, एक चेक बुक, आईडी कार्ड एक पीस बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी साइबर अपराधियों को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

### 'कमिटी गठित ...

अगली सुनवाई में सशरीर उपस्थित न कराया जाए। जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान सशरीर उपस्थित होने से छूट दी है। यहां बता दें कि इस संबंध में बिहार राज्य अर्धसरकारी अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ व अन्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

### लातेहार पुलिस ने ...

गई और वैज्ञानिक तरीके से पूरे मामले की छानबीन आरंभ की गई। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने गिरोह में शामिल सभी सात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से लूट के कुछ जेवरात और कुछ पैसे भी बरामद हुए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा ने बताया कि पूछताछ के दौरान सभी लुटेरों ने अपने अपराध को भी स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरोह के सभी सदस्यों की गिरफ्तारी हो गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए छापामारी अभियान में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के अलावे पुलिस इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, सब इंस्पेक्टर राज रोशन सिन्हा, देवानंद कुमार, कुबेर प्रसाद देव,नागेश्वर महतो, फुलेश्वर कुमार अकेला समेत अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### सामूहिक नेतृत्व में ...

के कुछ महीने बाद ही देश में लोक सभा का चुनाव होना है और इस जीत का मनोवैज्ञानिक असर पड़ना तय माना जा रहा है।

तीन बड़े राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ - में भाजपा का सीधा मुकाबला कांग्रेस से होना है इसलिए भाजपा हर कीमत पर मध्य प्रदेश में न केवल अपनी सरकार की वापसी को सुनिश्चित करना चाहती है बल्कि गांधी परिवार के करीबी राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हरा कर भी दोनों राज्यों की सत्ता में वापसी करना चाहती है। वहीं, भाजपा के लिए कर्नाटक की हार के बाद तेलंगाना में शानदार प्रदर्शन करना दक्षिण भारत की राजनीति के लिहाज से काफी अहम हो गया है।



# वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के सबसे शानदार-निराशाजनक पल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 1983 के वर्ल्ड कप में भारत ने दुनिया को चौंकाते हुए वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया था। भारत की कामयाबी को आज भी खेल इतिहास के सबसे बड़े उलटफेर में गिना जाता है। 1983 के वर्ल्ड कप से पहले भारतीय क्रिकेट टीम वनडे में बेहद कमजोर मानी जाती थी। पहले दो वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम ने महज एक मैच जीता था। 25 जून 1983 को भारत ने असंभव को संभव बनाते हुए तबकी धाकड़ टीम रही वेस्टइंडीज को फाइनल मुकाबले में हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम महज 183 रनों पर सिमट गई। इसके जवाब में विवियन रिचर्ड्स की मौजूदगी में वेस्टइंडीज ने एक समय एक विकेट के नुकसान पर 50 रन बना लिए थे, तब ऐसा लग रहा था कि वेस्टइंडीज की टीम लगातार तीसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली है।लेकिन यहां से मैच का पासा पलट गया। ये पासा भारतीय टीम के कप्तान कपिल देव के एक बेहतरीन कैच से पलटा। दरअसल मिड विकेट के ऊपर से हुक शॉट खेलने की कोशिश में रिचर्ड्स की टाइमिंग थोड़ी गड़बड़ाई और गेंद हवा में काफी उछल गई।



## भारतीय क्रिकेट का सबसे खराब प्रदर्शन

भारतीय क्रिकेट का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन, वेस्टइंडीज में खेले गए 2007 के वर्ल्ड कप में देखने को मिला था, जब राहुल द्रविड़ की कप्तानी में टीम बांग्लादेश और श्रीलंका के हाथों हार के बाद ग्रुप मुकाबलों से ही बाहर हो गई थी। पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले गए लो स्कोरिंग मुकाबले में बांग्लादेश ने भारत को पांच विकेट से हराकर सबसे बड़ा उलटफेर कर दिखाया। इस मैच के बाद क्रिकेट विश्लेषकों ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को शर्मनाक बताया। विश्लेषकों के मुताबिक, औसत गेंदबाजी और खराब फील्डिंग के चलते टीम इंडिया को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। इस हार से गुस्साए भारतीय खेल प्रेमियों ने तत्कालीन विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी के निमार्णाधीन मकान परिसर में तोड़फोड़ की थी।कई शहरों में टीम के खिलाफ प्रदर्शन हुए और कोलकाता में खिलाड़ियों का पुतला दहन किया गया।

## गावस्कर की वो सबसे खराब पारी



**भारतीय** क्रिकेट के सबसे बेहतरीन सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड है, जो शायद ही कोई बल्लेबाज अपने नाम करना चाहेगा। 1975 में इंग्लैंड के लंदन में खेले गए पहले वर्ल्ड कप के दौरान गावस्कर ने रिकॉर्ड बनाया था। भारत के खिलाफ मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 60 ओवरों में चार विकेट पर 334 रन बनाए थे, यह उस वक्त वनडे क्रिकेट में एक पारी में सबसे बड़ा स्कोर था। भारत ये वनडे मैच 202 रन से हार गया था। गावस्कर इस मैच में आखिर तक नॉट आउट रहे। लेकिन उन्होंने 174 गेंदों पर महज 36 रन बनाए थे। अपनी पारी में उन्होंने महज एक चौका लगाया था। गावस्कर की पारी पर तब के टीम मैनेजर जीएस रामचंद ने सबसे अपमानजनक और स्वार्थ भरी बल्लेबाजी बताया था। उन्होंने तब कहा था, गावस्कर ने मुझे कहा था कि शॉट्स खेलने के लिहाज से विकेट काफी धीमा है, लेकिन जिस पिच पर इंग्लैंड के बल्लेबाज 334 रन बना चुके हों वहां ये बेकार बात थी। हमें अपने राष्ट्रीय गौरव को इस तरह शर्मसार नहीं करना चाहिए था। बाद में गावस्कर ने भी स्वीकार किया कि ये उनके करियर की सबसे खराब पारी थी।

## मोरे और मियांदाद की तू-तू, मैं-मैं

भारतीय विकेटकीपर किरण मोरे और पाकिस्तान के बल्लेबाज जावेद मियांदाद के बीच 1992 के वर्ल्ड कप में तू-तू, मैं-मैं देखने को मिली थी। मार्च, 1992 में सिडनी में दोनों टीमों के बीच वर्ल्ड कप में पहली बार टक्कर हुई थी। इस घटना को लेकर एक वेबसाइट ने लिखा है, विकेटकीपर मोरे ने लेग साइड में पकड़े गए कैच को लेकर बहुत उत्साह में अपील की थी, जिसके बाद दोनों में कहासुनी हुई और बाद में मियांदाद ने बंदर की तरह उछल उछल कर मोरे को चिढ़ाया था। इस घटना के कई साल बाद किरण मोरे ने एक इंटरव्यू में उस वाकये को याद करते हुए बताया, वो मुझे कह रहा था कि चिंता मत करो, हम लोग आसानी से मैच जीत लेंगे। तब मैंने कहा कि भाड़ में जाओ, हमलोग मैच जीतने जा रहे हैं। इसके बाद सचिन तेंदुलकर की गेंद पर एक अपील की। मुझे लगा कि वह विकेट के पीछे कैच आउट है। मैंने अपील की और उसने उछल कर मुझे चिढ़ाया। मैंने उसे शटअप किया। इसके बाद रन आउट की अपील की, तब मैंने उछलते हुए स्टंप बिखेर दिया था। पाकिस्तान को ये मैच जीतने के लिए 216 रन बनाने थे। मियांदाद ने 110 गेंदों पर 40 रन बनाए। भारत ने ये मैच 43 रनों से जीता था।

## वो छक्का जिससे शीर्ष पर पहुंचा था भारत

2011 के वर्ल्ड कप फाइनल में भारत श्रीलंका को छह विकेट से हराकर 1983 के बाद दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनी। इस फाइनल मुकाबले में गौतम गंभीर ने 97 रनों की पारी खेली थी वहीं टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने नाबाद 91 रनों की पारी खेली थी। उन्होंने दस गेंद बाकी रहते टीम को शानदार छक्के से जीत दिलाई थी। फाइनल मुकाबले से पहले धोनी पूरे टूर्नामेंट में बल्ले से संघर्ष करते नजर आ रहे थे। लेकिन फाइनल मुकाबले में उन्होंने अपने करियर की सबसे बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने नुवान कुलसेकरा के गेंद पर सीधे सामने छक्का लगाकर मैच का समापन किया था। हेलिकॉप्टर शॉट की मदद से लगा छक्का आने वाली कई पीढ़ियों को रोमांचित करता रहेगा।

## कोलकाता में भारत की वो शर्मनाक हार

1996 के वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में जीत के लिए 252 रनों का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने महज 120 रन पर अपने आठ विकेट गंवा दिए थे। इस मुकाबले में भारत की हार तय दिख रही थी लेकिन कोलकाता के दर्शकों के उपद्रव के चलते ये मैच पूरा नहीं खेला जा सका, दर्शकों ने फील्ड और स्टैंड में आगजनी भी की थी। यह अब तक वर्ल्ड कप इतिहास का इकलौता ऐसा मैच है जो दर्शकों के उपद्रव के चलते पूरा नहीं हो सका। श्रीलंका को विजेता घोषित किया गया। जब मैच रोका गया तब क्रीज पर नाबाद बल्लेबाज के तौर पर विनोद कांबली मौजूद थे, लोगों ने उन्हें लाइव टीवी पर रोते हुए देखा था। उन्होंने मैच के बाद कहा, मैं इसलिए रो रहा था क्योंकि मुझे लगा कि देश को जीत दिलाने का मौका मुझसे छिन गया था। इस मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने के लिए तत्कालीन कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन की काफी आलोचना हुई थी और उनके घर के बाहर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था।

## सवा अरब की उम्मीदों पर भारी वो रन आउट

2019 के वर्ल्ड कप के दौरान टूर्नामेंट की फेवरिट मानी जा रही भारतीय टीम को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने हरा दिया था। जीत के लिए 240 रनों का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने एक समय पर पांच रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे।इसके बाद 24 रन तक पहुंचने पर चौथा विकेट भी गिर गया था। लेकिन यहां से भारतीय टीम वहां पहुंची जहां 11 गेंदों पर 25 रन बनाने थे और टीम के पास तीन विकेट बाकी थे। सबसे बड़ी उम्मीद के तौर पर महेंद्र सिंह धोनी क्रीज पर मौजूद थे। लोगों की उम्मीद थी कि धोनी के करिश्मे से टीम ये मैच जीत सकती है। स्ट्राइक अपने पास रखने की कोशिश में धोनी ने दूसरा रन लेने की कोशिश की और मार्टिन गुप्टिल के डायरेक्ट हिट पर वे रन आउट हो गए। वनडे क्रिकेट के सबसे बेहतरीन फिनिशरों में एक महेंद्र सिंह धोनी यहां चूक गए थे। उन्होंने इस मैच में 72 गेंदों पर 50 रन बनाए थे, लेकिन उनके रन आउट होने से सवा अरब लोगों की उम्मीदें टूट गई थीं।

## पिता के निधन के बाद तेंदुलकर का शतक



1999 के वर्ल्ड कप में तेंदुलकर ने अपने पिता के निधन के कुछ दिनों के बाद शतक जमाया था। इंग्लैंड में खेले गए उस वर्ल्ड कप के दौरान भारत अपना पहला मैच साउथ अफ्रीका से हार चुका था। दूसरे मुकाबले में टीम का सामना ज़िंबाब्वे से था, इस मैच से पहले 26 साल के तेंदुलकर को पिता के निधन की खबर मिलती है। वे भारत लौट आते हैं। भारत ज़िंबाब्वे के हाथों अपना मैच हार गया और टीम के सामने टूर्नामेंट से बाहर होने का संकट गहराने लगा था। पिता के अंतिम संस्कार के बाद तेंदुलकर इंग्लैंड वापस लौटे और कीनिया के खिलाफ ब्रिस्टल में उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद 140 रनों की पारी खेली। उनके शतक की बदौलत भारत ने दो विकेट पर 329 रन बनाए थे। इसके जवाब में कीनिया की टीम सात विकेट पर 235 रन ही बना सकी। भारत ये मैच 94 रन से जीता और सचिन तेंदुलकर मैन ऑफ द मैच आंके गए। सचिन तेंदुलकर ने अपनी आत्मकता प्लेइंग इट माय वे में लिखा है, वह पारी ऐसी थी, जैसा मेरे पिता मुझे करते हुए देखना चाहते थे। यही वजह थी कि मैंने इंग्लैंड लौटने का फैसला किया था ताकि बाकी मैचों में हिस्सा ले सकूं। कीनिया के खिलाफ मैंने शतक बनाया, जो मेरे लिए सबसे खास शतक में एक है। मैंने इसे अपने पिता को समर्पित किया था। हालांकि मैच के दौरान हमेशा मेरा ध्यान खेल पर नहीं था।

## नेहरा की शानदार गेंदबाजी



**भारत** ने 2003 के वर्ल्ड कप के दौरान डरबन में इंग्लैंड के खिलाफ 250 रन बनाने के बाद भी मैच जीत लिया। ये एक मैच विनिंग टोटल नहीं था, लेकिन आशीष नेहरा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ये मैच जीतने में कामयाब रहा। जब नेहरा गेंदबाजी करने आए तब इंग्लैंड की टीम छह ओवरों में 18 रन पर दो विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद नेहरा ने मैच की तस्वीर बदल दी। उनकी गेंदबाजी पर ईएसपीएन क्रिकइंफो के लेखक सिद्धार्थ विद्यानाथन ने लिखा था, नेहरा की गेंदबाजी एक तरह से सीम बॉलिंग सीखाने वाली क्लास थी। विकेट के कोने से गेंदबाजी करना और बल्लेबाजों को ऑफसाइड पर बहुत जगह नहीं देने वाली सीख बताने वाली गेंदबाजी थी। टखने में चोट के बावजूद नेहरा ने पूरे दस ओवरों की गेंदबाजी एक ही स्पैल में पूरी की। इन दस ओवरों में 23 रन देकर उन्होंने छह विकेट चटकाए। यह वर्ल्ड कप इतिहास में किसी भी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ये मुकाबला 82 रन से जीतने में कामयाब रहा था।

## गांगुली-द्रविड़ की वो साझेदारी



**राहुल** द्रविड़ और सौरव गांगुली ने 1999 के वर्ल्ड कप के दौरान वनडे क्रिकेट की पहली 300 रन से ज्यादा की साझेदारी की थी। इस साझेदारी में उन्होंने सारे रिकॉर्ड्स तोड़ दिए थे। दोनों ने 45 ओवरों में 318 रनों की साझेदारी की थी और यह सीमित ओवरों के क्रिकेट में उस समय की सबसे बड़ी साझेदारी थी। गांगुली ने अपनी पारी में 158 गेंदों पर 183 रन बनाए थे, यह उनके करियर का सर्वाधिक स्कोर भी है। अपनी पारी में गांगुली ने सात छक्के और 17 चौके जमाए थे। वहीं द्रविड़ ने 129 गेंदों पर एक छक्का और 17 चौकों की मदद से 145 रन बनाए थे। इन दोनों की बल्लेबाजी से भारत ने 373 रन बनाकर श्रीलंका को 157 रनों से हराया था। 2021 में इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा था कि उन पर इन दोनों की साझेदारी का गहरा प्रभाव रहा है। बटलर ने क्रिकबज्ज वेबसाइट से कहा था, उस समय मैं क्रिकेट सीख रहा था। गांगुली और द्रविड़ ने उस मैच में शानदार शतक जमाए थे और उनकी पारी का मुझ पर गहरा असर हुआ था।

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआरआर | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 2 | 2 | 0 | +1.958 | 4 |
| पाकिस्तान | 1 | 1 | 0 | +1.620 | 2 |
| अफगानिस्तान | 1 | 0 | 1 | -1.438 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 1 | 0 | 1 | -0.883 | 0 |
| बांग्लादेश | 1 | 1 | 0 | +1.438 | 2 |
| भारत | 1 | 1 | 0 | +0.883 | 2 |
| साउथ अफ्रीका | 1 | 1 | 0 | +2.040 | 2 |
| श्रीलंका | 1 | 0 | 1 | -2.040 | 0 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | -1.800 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | -2.149 | 0 |

## वर्ल्ड कप 2023 का पूरा शेड्यूल

| दिन तथा तिथि | टीम 1 | बनाम | टीम 2 | शहर |
|---|---|---|---|---|
| बुधवार, 11 अक्टूबर | भारत | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| गुरुवार, 12 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | लखनऊ |
| शुक्रवार, 13 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | चेन्नई |
| शनिवार, 14 अक्टूबर | भारत | बनाम | पाकिस्तान | अहमदाबाद |
| रविवार, 15 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| सोमवार, 16 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| मंगलवार, 17 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | नीदरलैण्ड | धर्मशाला |
| बुधवार, 18 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| गुरुवार, 19 अक्टूबर | भारत | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शुक्रवार, 20 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | मुंबई |
| रविवार, 22 अक्टूबर | भारत | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| सोमवार, 23 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| मंगलवार, 24 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | बांग्लादेश | मुंबई |
| बुधवार, 25 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | नीदरलैण्ड | दिल्ली |
| गुरुवार, 26 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 27 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | चेन्नई |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| रविवार, 29 अक्टूबर | भारत | बनाम | इंग्लैण्ड | लखनऊ |
| सोमवार, 30 अक्टूबर | अफगानिस्तान | बनाम | श्रीलंका | पुणे |
| मंगलवार, 31 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| बुधवार, 1 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | पुणे |
| गुरुवार, 2 नवंबर | भारत | बनाम | श्रीलंका | मुंबई |
| शुक्रवार, 3 नवंबर | नीदरलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | लखनऊ |
| शनिवार, 4 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 4 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | ऑस्ट्रेलिया | अहमदाबाद |
| रविवार, 5 नवंबर | भारत | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | कोलकाता |
| सोमवार, 6 नवंबर | बांग्लादेश | बनाम | श्रीलंका | दिल्ली |
| मंगलवार, 7 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | अफगानिस्तान | मुंबई |
| बुधवार, 8 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | पुणे |
| गुरुवार, 9 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 10 नवंबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | अफगानिस्तान | अहमदाबाद |
| शनिवार, 11 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शनिवार, 11 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | कोलकाता |
| रविवार, 12 नवंबर | भारत | बनाम | नीदरलैण्ड | बेंगलुरू |
| बुधवार, 15 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 1 | --------- | मुंबई |
| गुरुवार, 16 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 2 | --------- | कोलकाता |
| रविवार, 19 नवंबर | --------- | फाइनल | --------- | अहमदाबाद |

# न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड को 99 रनों से हराया



**एजेंसी। हैदराबाद**

हैदराबाद के मैदान पर न्यूजीलैंड ने विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड को 99 रनों से हरा दिया। विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड की भिड़ंत इंगलैंड से हुई थी जिसमें रचिन रवींद्र और डिरेल मिचेल के शतकों की बदौलत जीत हासिल कर ली थी। नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले में भी न्यूजीलैंड हावी रहा। पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने विल यंग, रचिन रविंद्र और टॉम लैथम के अर्धशतक की मदद से 7 विकेट पर 322 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की टीम मजबूती से लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई। उनके नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। कॉलिन एकरमैन ने 69 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनर पांच विकेट निकालने में सफल रहे। नीदरलैंड 223 रन ही बना सका और 99 रनों से मुकाबला गंवा दिया। इससे पहले टॉस हार बल्लेबाजी करने उतरे न्यूजीलैंड ने यंग (80 गेंद में 70 रन) और रविंद्र (51 गेंद में 51 रन) के बीच दूसरे विकेट की 77 रन की साझेदारी से अच्छा मंच तैयार किया। कप्तान लैथम ने अंत में 46 गेंद में 53 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। नीदरलैंड के गेंदबाजों ने हालांकि धीमी पिच पर अपनी गेंदबाजी से प्रभावित भी किया।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे | 32 | 40 | 5 | 1 |
| विल यंग | 70 | 80 | 7 | 2 |
| रचिन रविंद्र | 51 | 51 | 3 | 1 |
| डैरिल मिचेल | 48 | 47 | 5 | 2 |
| टॉम लेथम | 53 | 46 | 6 | 1 |
| ग्लेन फि लिप्स | 4 | 4 | 1 | 0 |
| मार्क चैपमैन | 5 | 13 | 0 | 0 |
| मिचेल सैंटनर | 36 | 17 | 3 | 2 |
| मैट हेनरी | 10 | 4 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त :** 13, **कुल :** 07/322 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-67, 2-144, 3-185, 4-238, 5-247, 6-254, 7-293. डीआरएस
**गेंदबाजी :** आर्यन दत्त 10-2-62-2, रायन क्लाइन 7-1-41-0, पॉल वैन मीकरेन 9-0-59-2, रुलॉफ वैन डर मर्व 9-0-56-2, कॉलिन ऐकरमैन 4-0-28-0, बास डलीडे 10-0-64- 1, विक्रमजीत सिंह 1-0-9-0

| नीदरलैंड्स | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विक्रमजीत सिंह | 12 | 20 | 1 | 0 |
| मैक्स ओ'डाउड | 16 | 31 | 2 | 0 |
| कॉलिन ऐकरमैन | 69 | 73 | 5 | 0 |
| बास डलीडे | 18 | 25 | 3 | 0 |
| एन अनिल तेजा | 21 | 26 | 2 | 1 |
| स्कॉट एडवर्ड्स | 30 | 27 | 2 | 1 |
| साइब्रैंड एंगलब्रेख्त | 29 | 34 | 3 | 0 |
| रुलॉफ वैन डर मर्व | 1 | 6 | 0 | 0 |
| रायन क्लाइन | 8 | 15 | 0 | 0 |
| आर्यन दत्त | 11 | 20 | 0 | 1 |
| पॉल वैन मीकरेन | 4 | 3 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 4, **कुल :** 10/223 (46.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-21, 2-43, 3-67, 4-117, 5-157, 6-174, 7-180, 8-198, 9-218, 10-223. डीआरएस
**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 8-0-34-0, मैट हेनरी 8.3-0-40-3, मिचेल सैंटनर 10-0-59-5, लॉकी फर्ग्युसन 8-0-32-0, रचिन रविंद्र 10-0-46-1, ग्लेन फि लिप्स 2-0-11-0

## लेवरकुसेन ने कोलन को 3-0 से दी मात



**बर्लिन।** अपनी फॉर्म कायम रखते हुए लीवरकुसेन ने कोलन को 3-0 से हराकर बुंडेसलीगा टूर्नामेंट में अपनी छठी जीत हासिल की। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेजबान टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और कोलन के डिफेंस को कड़ी चुनौती दी। लेवरकुसेन के प्रयासों का फल 22वें मिनट में मिला जब जोनास हॉफमैन ने गोल किया। इसके बाद 32वें मिनट और 67वें मिनट में गोल कर लेवरकुसेन ने 3-0 से अपनी जीत पक्की की। इस जीत के साथ ही लेवरकुसेन ने बुंडेसलिगा में अपने शीर्ष स्थान का बचाव किया, जबकि एकतरफा हार झेलने वाली कोलन तालिका में सबसे पहुंच गई। लीवरकुसेन के कोच ने कहा, हम प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। हमने कई मौके बनाए और हम और भी अधिक स्कोर कर सकते थे। हमें ध्यान केंद्रित करना जारी रखना होगा।

## कोहली को ड्रेसिंग रूम में मिला खास मेडल, फील्डिंग कोच ने किया सम्मानित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी वनडे विश्व कप-2023 में रविवार को ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ भारतीय टीम की शुरूआत करने में विराट कोहली की अहम भूमिका रही। उन्होंने मैच में 85 रनों की शानदार पारी खेली। साथ ही फील्डिंग में भी कमाल दिखाया। मैच के बाद कोहली को फील्डिंग कोच टी दिलीप ने बेहतरीन फील्डिंग के लिए खास मेडल से सम्मानित किया।

# जूनियर पुरुष हॉकी जोहोर कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी। बेंगलुरू**

हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की है, जो 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक मलेशिया के जोहोर में 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में भाग लेगी। 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में पिछले संस्करणों की पारंपरिक 6 टीमों के बजाय इस बार 8 टीमें शामिल होंगी। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। जबकि, पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन शामिल होंगे। पूल बी में भारत को शीर्ष 2 में लाने और सेमीफाइनल के लिए योग्यता सुनिश्चित करने के प्रयास में टीम की कमान उत्तम सिंह और उप-कप्तान की जिम्मेदारी राजिंदर सिंह को सौंपी गई है।



**टीम**

**गोलकीपर :** मोहित एच एस, रणविजय सिंह यादव

**डिफेंडर :** अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, आमिर अली, योगेंबर रावत

**मिडफील्डर :** विष्णुकांत सिंह, पूवन्ना सीबी, राजिंदर सिंह, अमनदीप, सुनीत लाकड़ा, अब्दुल अहद

**फॉरवर्ड :** उत्तम सिंह, अरुण साहनी, आदित्य लालगे, अंगद वीर सिंह, गुरजोत सिंह, सतीश बी